✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 315 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 14 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना-बेतिया एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार

## बिहार में नई सरकार का शपथ ग्रहण कल

### शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी और अमित शाह के भी मौजूद रहने की संभावना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में 24 घंटे दिन बाद यानी 15 अप्रैल को बिहार में नए मुख्यमंत्री शपथ लेंगे। पार्टी दफ्तार से लेकर राजभवन तक इसकी तैयारी चल रही है। सूत्रों के मुताबिक 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे नई सरकार शपथ लेगी। शपथ ग्रहण समारोह राजभवन में आयोजित किया जाएगा। प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भी मौजूद रहने की संभावना है। इसके पूर्व सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के आवास पर बैठक हुई। सोमवार सुबह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर हाईलेवल मीटिंग चली। इसमें जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय



झा, ललन सिंह, बिजेंद्र यादव, विजय चौधरी, श्रवण कुमार, जमा खान मौजूद थे। सभी लोगों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ बैठक की। इसमें 14 अप्रैल को होने वाली एनडीए विधायक दल की बैठक और जदयू कोटे से बनने वाले मंत्री और निशांत कुमार को लेकर बातचीत हुई। बैठक खत्म होने के बाद बाहर निकले मंत्री जमा खान ने साफ कहा कि 15 अप्रैल को ही नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा। इसकी तैयारी चल रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास से निकलने के बाद बाद ललन सिंह और संजय झा ने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के आवास पर जाकर बैठक की। यहां पर नेताओं के बीच नए मंत्रिमंडल पर बाचतीत की। इधर, पटना जिला प्रशासन की ओर से एयरपोर्ट, अणे मार्ग, राजभवन की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पटना में डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम को लोकभवन बुलाया गया था। उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात की। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर डीएम को कई दिशा निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों की मानें तो पीएम नरेंद्र मोदी आज मंगलवार शाम को पटना आएंगे। वह लोक (शेष पृष्ठ 10 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### जदयू ने सांसदों के लिए जारी किया व्हिप

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जनता दल यूनाइटेड ने सोमवार को अपने सभी सांसदों के लिए लोकसभा और राज्यसभा में तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। पार्टी ने निर्देश दिया है कि सभी सांसद 16 से 18 अप्रैल तक होने वाले विशेष संसद सत्र के दौरान सदन में अनिवार्य रूप से मौजूद रहें। पार्टी ने अपने सभी सदस्यों को तीन दिवसीय सत्र के दौरान लगातार उपस्थित रहने को कहा है।

### सीएम नीतीश कुमार ने दी बैसाखी की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य एवं देशवासियों को बैसाखी की शुभकामनायें दीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि बैसाखी का पर्व किसानों के जीवन में उमंग और उल्लास का संचार करता है। फसल तैयार होने पर खुशी व्यक्त करने वाला यह पर्व देश के विभिन्न भागों में विविध लोक पर्वों के रूप में मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर्व पर हमें समाज में समरसता तथा पारस्परिक सौहार्द्र बढ़ाने और सेवा का संकल्प लेना चाहिए।

### फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी कर रहा शिक्षक गिरफ्तार

**बांका(नबिटा ब्यूरो)।** निगरानी विभाग की टीम ने फर्जी शिक्षक पर कार्रवाई की गई है। बांका के सुईया थाना क्षेत्र में फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी कर रहे एक शिक्षक भागीरथ कुमार साह को गिरफ्तार किया है।

## पति-पत्नी और मासूम बेटे की आग में जलकर मौत, कई घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के सुन्दरपुर मोहल्ले में बीती रात हुए सिलिंडर धमाके ने एक परिवार को उजाड़ दिया। हादसे में पति-पत्नी और उनके तीन महीने के मासूम बेटे की जलकर मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है और परिवार सदमे में डूबा हुआ है। बताया जाता है कि मृतक गोविन्द और नीशू की डेढ़ साल पहले लव मैरिज शादी हुई थी। शादी के बाद दोनों अपने तीन मंजिला मकान के तीसरे तल्ले पर रहते थे। तीन महीने पहले ही उनके घर बेटे युवराज का जन्म हुआ था जिससे परिवार में खुशियां आई थीं लेकिन यह खुशी ज्यादा दिन टिक नहीं सकी। बीती रात नीशू अपने बेटे युवराज को लेकर रसोई में गैस चूल्हा जलाने के लिए माचिस की तिल्ली जलाई। इसी दौरान अचानक रसोई में आग लग गई जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और सिलिंडर फट गया। आग इतनी तेजी से फैली कि संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे के दौरान गोविन्द दास ने अपनी पत्नी और बेटे को बचाने की कोशिश की लेकिन आग की चपेट में आने से तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना ने पूरे मोहल्ले को झकझोर कर रख दिया। इस घटना में परोसी आदित्य कुमार की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं आग बुझाने के दौरान अग्निशमन पदाधिकारी सीके पासवान भी झुलस गए। इसके अलावा बेचन दास, गौतम कुमार सहित छह (शेष पृष्ठ 10 पर)

## अंबेडकर छात्रावास के छात्रों को मिलेगा दोगुना मासिक अनुदान : सम्राट

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सूबे के 91 डॉ. अंबेडकर आवासीय विद्यालय एवं 139 छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों की अनुदान राशि अप्रैल से दोगुनी हो जाएगी। प्रति छात्र एक हजार से बढ़ाकर दो हजार रुपये प्रति महीने अनुदान भुगतान का प्रविधान किया गया है। गांधी मैदान के पास स्थित बापू सभागार में सोमवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित समग्र शिक्षा समागम कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यह घोषणा की। उन्होंने राज्य के 91 डॉ. भीमराव आंबेडकर आवासीय विद्यालयों के मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही पटना के गायघाट स्थित आंबेडकर आवासीय विद्यालय की इंटर परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली 123 छात्राओं को भी सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए छह हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने विभाग की प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार एवं उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के अतिरिक्त नीतीश सरकार के कई अन्य मंत्रियों की सहभागिता रही।

## पटना-बेतिया एक्सप्रेस-वे के निर्माण में लाएं तेजी : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को सारण जिला के बकरपुर-मानिकपुर सड़क पर रूककर पटना-बेतिया एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य के प्रथम खण्ड का निरीक्षण किया और अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान परियोजना के बारे में जानकारी देते हुये पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि पटना से बेतिया को जोड़ने वाली इस ग्रीनफिल्ड परियोजना का काम तेजी से चल रहा है। इसके प्रथम खण्ड का निर्माण अप्रैल 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा



गया है। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद पटना से बेतिया तीन घंटों में आसानी पहुंचा जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की यह एक प्रमुख कनेक्टिविटी परियोजना है। इस सड़क के निर्माण से पटना से बेतिया जाना आसान हो जायेगा और कम समय में लोग बेतिया पहुंच सकेंगे। इस ग्रीन फिल्ड प्रोजेक्ट के पूरा होने से अन्य मार्गों पर दबाव कम होगा। यह परियोजना वैशाली, सारण, पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण जिलों को सीधा पटना से जोड़ेगा। इससे उत्तर बिहार के आर्थिक विकास में और तेजी आयेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह, सारण के एसएसपी विनीत कुमार, डीडीसी लक्ष्मण तिवारी एवं एनएचएआई के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जदयू विधायक पप्पू पांडेय के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

**गोपालगंज (नबिटा ब्यूरो)।** कुचायकोट से जदयू विधायक अमरेंद्र कुमार पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय, उनके बड़े भाई सतीश पांडेय और उनके करीबी चार्टर्ड अकाउंटेंट राहुल तिवारी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। न्यायालय द्वारा इन तीनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने के बाद जिला पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई है। सोमवार की अहले सुबह पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी के निर्देश पर भारी संख्या में पुलिस बल ने विधायक के अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND



संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड

## संदेश



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

यह अपार प्रसन्नता का विषय है कि झारखण्ड अग्निशमन सेवा के द्वारा राज्य की जनता को आग की विभीषिका के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दिनांक 14 से 20 अप्रैल, 2026 तक "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष का विषय-वस्तु (Theme) "Safe School, Safe Hospital & Fire Safety Aware Society-Together for Fire Prevention" (सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज-आग की रोकथाम के लिए एक साथ) रखा गया है।

अग्निकांड एक गंभीर एवं विनाशकारी प्राकृतिक आपदा है, जिससे जान-माल की अपूर्णीय क्षति होती है एवं इसका प्रतिकूल प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। आशा है कि अग्निशमन विभाग के इस कार्यक्रम के तहत अग्निकांड के निरोधात्मक उपायों के प्रचार-प्रसार से आम जनता लाभान्वित होगी।

मैं जन-सेवा में अपने प्राणों की आहुति देनेवाले अग्निशमन सेवा के बहादुर पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। साथ ही, सेवारत पदाधिकारियों एवं कर्मियों के मंगलमय जीवन की कामना करता हूँ।

मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक पूरे राज्य में "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। वास्तव में यह सप्ताह अग्निशमन के दौरान शहीद होनेवाले वीर अग्निशमन कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा आम जनता को आग के खतरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

मेरी आम जनता से अपील है कि वे आग की विभीषिका के प्रति सजग और सतर्क रहें। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह का विषय-वस्तु (Theme) "Safe School, Safe Hospital & Fire Safety Aware Society-Together for Fire Prevention", "सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज-आग की रोकथाम के लिए एक साथ", रखा गया है।

मैं अग्निशमन की महती सेवा में शहीद हुए, सभी कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा अग्निशमन सेवा के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्निकाण्डों की चुनौतियों से तत्परतापूर्वक निपटने के लिए आह्वान करता हूँ।

झारखण्ड अग्निशमन सेवा, झारखण्ड

PR-377388 (Jharkhand Fire Service) 26-27

# बाबा साहब का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ की ओर से 02 देशरत्न मार्ग स्थित परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर लाभार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय के लिए पूर्णतः समर्पित रहा है। उन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को




मुख्यधारा में लाने का जो संकल्प लिया, वह आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। लाभार्थी सम्मान समारोह ऐसे प्रयासों की महत्वपूर्ण कड़ी है जिसमें योजनाओं का लाभ पाने वाले लोगों को सम्मानित कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाया जाता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना और स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं ने गरीब, वंचित और अतिपिछड़े वर्गों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन योजनाओं के जरिए करोड़ों लोगों को आवास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, बैंकिंग सुविधा और गैस कनेक्शन जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में समावेशी विकास की अवधारणा को साकार किया जा रहा है जिससे समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का समान अवसर मिल रहा है। साथ ही उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कृषि मंत्री राम कृपाल यादव, महापौर सीता साहू, प्रमोद चंद्रवंशी, शिवपूजन राम, वीरेंद्र चंद्रवंशी, संजय निषाद, यूपी शर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खरीफ सीजन से पहले बिहार में यूरिया का पर्याप्त भंडार, कृषि निदेशक ने दिए सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए यूरिया की उपलब्धता को लेकर कृषि विभाग पूरी तरह सक्रिय है। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव के निर्देश पर कृषि भवन मीठापुर में कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में बिहार के प्रमुख उर्वरक विक्रेताओं और उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि निदेशक ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में राज्य में 2.84 लाख टन यूरिया का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और अब आवश्यकता इसके संतुलित एवं सही उपयोग की है। उन्होंने उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिया कि वे उर्वरकों की बिक्री पूरी जांच-पड़ताल और वास्तविक जरूरत के आधार पर ही करें। ताकि किसी प्रकार की अनियमितता न हो। उन्होंने वैकल्पिक उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया जिससे



रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हो सके। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि किसानों को उचित मूल्य पर ही उर्वरक उपलब्ध हो। कृषि निदेशक ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई थोक विक्रेता, दुकानदार या संबंधित पदाधिकारी किसी प्रकार की गड़बड़ी करता पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विभागीय पदाधिकारियों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए। बैठक में उर्वरक आपूर्तिकर्ताओं और विनिर्माता कंपनियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि उर्वरकों की आपूर्ति 'परिवहन सहित दर' (एफओआर) के आधार पर हो। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि उर्वरकों के साथ किसी अन्य उत्पाद की अनिवार्य जोड़ बिक्री (टैगिंग) नहीं की जाए। वर्तमान समय में फसल का मौसम नहीं होने के कारण राज्य और जिला स्तर पर उर्वरकों के सुरक्षित भंडारण और संरक्षण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में सभी जिलों से पांच-पांच थोक विक्रेताओं के साथ-साथ विभिन्न उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# गुणवत्तापूर्ण बीज से बागवानी को बढ़ावा, किसानों की आय बढ़ाने पर जोर : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार राज्य में किसानों की आय बढ़ाने और बागवानी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज एवं रोपण सामग्री के उपयोग पर विशेष जोर दे रही है। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि बेहतर बीज और वैज्ञानिक तरीके से तैयार पौध सामग्री के उपयोग से कम क्षेत्र में अधिक उत्पादन, उच्च गुणवत्ता और बेहतर बाजार मूल्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सरकार सब्जियों, मसालों और अन्य बागवानी फसलों के लिए प्रमाणित और मानकीकृत रोपण सामग्री को बढ़ावा दे रही है। उन्नत और जलवायु-सहनशील किस्में सूखा, असमय वर्षा, तापमान में बदलाव और रोग-कीट जैसी चुनौतियों का बेहतर सामना करती है जिससे खेती का जोखिम कम होता है और किसानों की आय अधिक स्थिर रहती है। राम कृपाल यादव ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री फसल की सफलता का आधार है। वास्तविक किस्म, रोगमुक्त पौधे, उच्च अंकुरण क्षमता और समान वृद्धि से प्रति इकाई क्षेत्र उत्पादन में वृद्धि होती है। यदि इसके साथ वैज्ञानिक नर्सरी प्रबंधन, खेत की स्वच्छता, संतुलित पोषण, सूक्ष्म सिंचाई, मल्चिंग, जैव-सुरक्षा और समय पर तुड़ाई के बाद प्रबंधन अपनाया जाए तो उत्पादन लागत घटती है और निर्यात योग्य उपज भी प्राप्त होती है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लोकतंत्र को नई दिशा : प्रो. रत्ना अमृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना में महिला सशक्तिकरण एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत, संकाय सदस्यगण और छात्राओं ने महिला आरक्षण अधिनियम को लोकतांत्रिक समावेशन और सामाजिक न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'नारी शक्ति ही समाज की वास्तविक ऊर्जा है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि जब स्त्रियां आगे बढ़ती हैं तो केवल परिवार या समुदाय ही नहीं, बल्कि पूरा राष्ट्र आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 महिलाओं को केवल प्रतिनिधित्व नहीं देता, बल्कि उन्हें



नीति-निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पारित यह अधिनियम भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी और सशक्त बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। प्रो. अमृत ने बिहार के सामाजिक-शैक्षिक परिदृश्य का उल्लेख करते हुए बताया कि 2006 की मुख्यमंत्री साइकिल योजना के बाद लड़कियों का नामांकन 30 प्रतिशत बढ़ा। जीविका और काम्फेड जैसी योजनाओं में हजारों महिलाएं सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। पंचायती राज में 50 प्रतिशत आरक्षण ने महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदार बनाया। महिला साक्षरता दर लगभग दोगुनी हुई है और संस्थागत प्रसव 29 प्रतिशत से बढ़कर 75 प्रतिशत तक पहुंचा है। उन्होंने विशेष रूप से रेखांकित किया कि बिहार ने महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण देकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है और ऐसा करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। यह निर्णय न केवल रोजगार के अवसरों को बढ़ाता है, बल्कि महिलाओं को प्रशासनिक और सामाजिक नेतृत्व में आगे बढ़ने का मार्ग भी प्रशस्त करता है। राजनीति विज्ञान विभाग की डॉ. रूना आनंद ने अधिनियम को लोकतंत्र की समावेशी प्रकृति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि अधिनियम लागू होने के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 82 से बढ़कर 181 हो जाएगी। उन्होंने संविधान के अनुच्छेदों का उल्लेख करते हुए महिला आरक्षण बिल के ऐतिहासिक प्रयासों का विस्तार से वर्णन किया और रेखांकित किया कि महिलाओं की भागीदारी से शासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता बढ़ती है।

# बिहटा-औरंगाबाद नई रेल लाइन से कनेक्टिविटी को मिलेगी रफ्तार : विजय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी पहल के तहत बिहटा से औरंगाबाद तक 117 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन बिछाने की परियोजना शुरू की जा रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना पर 3606.42 करोड़ रुपये की लागत आएगी जिससे राज्य में कनेक्टिविटी और विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। परियोजना के तहत लगभग 500 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा तथा इस मार्ग पर 13 नए रेलवे स्टेशन बनाए जाएंगे। नई रेल लाइन के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा जिससे लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। साथ ही व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा



मिलेगा और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे जिससे समग्र क्षेत्रीय विकास को बल मिलेगा। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इस परियोजना को बिहार के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में राज्य तेजी से प्रगति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की परियोजनाएं बिहार को विकसित राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी।

# बिहार में जनता की आवाज बनेगी कांग्रेस

## हर जिले में शुरू होगा 'प्रेस से मिलिए' संवाद कार्यक्रम : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में बढ़ती लूट, बलात्कार, घोटालों और शिक्षा-चिकित्सा की बदहाल व्यवस्था जैसे ज्वलंत मुद्दों को जनता की आवाज बनकर उठाने के उद्देश्य से बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक महत्वपूर्ण पहल की घोषणा की है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम, पटना सहित बिहार के सभी जिलों में जल्द ही 'प्रेस से मिलिए' संवाद कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य में बढ़ती आपराधिक घटनाओं, भ्रष्टाचार, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की खामियों, किसानों-मजदूरों की समस्याओं तथा अन्य जनहित से जुड़े गंभीर



मुद्दों को मजबूती के साथ सामने लाना है। ताकि सरकार की विफलताओं को उजागर किया जा सके और जनता की आवाज प्रभावी ढंग से उठाई जा सके। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि इस पहल के तहत बिहार के सभी जिलों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्येक सप्ताह अपने-अपने जिले के महत्वपूर्ण और गंभीर विषयों पर 'प्रेस से मिलिए' संवाद कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इन कार्यक्रमों की विस्तृत और प्रामाणिक जानकारी प्रदेश मुख्यालय को भेजी जाएगी जिसके आधार पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में भी नियमित प्रेस वार्ताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रेस वार्ताओं में पार्टी के प्रवक्ता, संबंधित जिला कांग्रेस अध्यक्ष और प्रदेश पर्यवेक्षक शामिल रहेंगे। राजेश राम ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी जनहित से जुड़े जमीनी मुद्दों को लगातार उठाकर आम जनता से सीधे संवाद स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान से संगठन को गांव-गांव और जिले-जिले में और अधिक सक्रियता तथा मजबूती मिलेगी, साथ ही जनता की वास्तविक समस्याएं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से जनता की आवाज रही है और आगे भी जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रहेगा।

# सत्तुआनी की पूर्व संध्या पर जरूरतमंद छात्राओं के बीच सत्तू व गुड़ का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन एवं आधार फाउंडेशन द्वारा सामाजिक सेवा के क्रम को आगे बढ़ाते हुए सत्तुआनी पर्व की पूर्व संध्या पर जरूरतमंद छात्राओं के बीच सत्तू एवं गुड़ का वितरण किया गया। यह वितरण कार्यक्रम बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया जहां सिलाई एवं ब्यूटीशियन कोर्स कर रही छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के दौरान करीब 120 छात्राओं के बीच सत्तू के पैकेट एवं गुड़ का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. गीता जैन एवं बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से वितरण किया। उन्होंने कहा कि सत्तुआनी जैसे पारंपरिक पर्व पर इस तरह का सेवा कार्य समाज में सहयोग और संवेदना का संदेश देता है। कार्यक्रम में राकेश कुमार, मुकेश जैन, डॉ. गीता जैन, धर्मराज केसरी, आदित्य राज, दुर्गा राय, कृषु राज, शम्भू बाबा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन एवं आधार फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता की जाती रही है।

# बिहार की बेटी रुपाली भूषण मिस यूनिवर्स इंडिया में करेगी बिहार का प्रतिनिधित्व

## प्रीति राज को मिस टीन बिहार 2026 का खिताब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मिस यूनिवर्स इंडिया में खगड़िया की रुपाली भूषण बिहार का प्रतिनिधित्व करेगी। विश्व के सबसे बड़े ब्यूटी पेजेंट मिस यूनिवर्स के लिए मिस यूनिवर्स इंडिया द्वारा लोकल टैलेंट को मौका मिले इस उद्देश्य से राज्य स्तर पर स्टेट ऑडिशन का आयोजन किया जाता है। रविवार को मिस यूनिवर्स इंडिया द्वारा राजधानी के नीफ्ट कैम्पस में ऑफिसियल ऑडीशन आयोजित किया गया जिसे एनीमो पेट केयर के सौजन्य से संचालित किया गया। एनिमो पेट केयर के संचालक डॉ विकास शर्मा एवं लायंस नीतु कुमारी जो इस सौंदर्य प्रतियोगिता की बिहार स्टेट



डायरेक्टर हैं। इनके नेतृत्व में ही यह ऑडिशन आयोजित किया गया। ऑडिशन में बिहार के कोने-कोने से आई कई टैलेंटेड लड़कियों के बीच रुपाली ने बाजी मारी है। इस प्रतियोगिता को जीतने के बाद वो सीधे तौर पर मिस यूनिवर्स इंडिया में बतौर फाइनलिस्ट नजर आएगी व बिहार का प्रतिनिधित्व करेगी। वही मिस टीन बिहार का खिताब 2026 प्रीति राज को मिला। उपरोक्त ऑडिशन के दौरान जज के रूप में मिस यूनिवर्स इंडिया के ऑनर निखिल आनंद, मिस यूनिवर्स इंडिया 25 व देश की टॉप मॉडल माणिका विश्वकर्मा, मिस यूनिवर्स बिहार 25 शाम्भवी चौधरी, मिस यूनिवर्स इंडिया के डायरेक्टर अमजद खान और मिस यूनिवर्स बिहार के डायरेक्टर नीतू कुमारी मौजूद रहे।

# बाबा साहेब जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा ने मनाया दीपोत्सव

## दीपोत्सव का उद्देश्य एकता और भाइचारे का संदेश देना : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर आज शाम बिहार भाजपा ने उनके प्रतिमा स्थलों पर दीपोत्सव का आयोजन किया। इस मौके पर पटना उच्च न्यायालय परिसर स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर दीपोत्सव का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भी पटना उच्च न्यायालय परिसर स्थित बाबा साहेब प्रतिमा स्थल पहुंचे और बाबा साहेब की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब की जयंती को दीपोत्सव के रूप में मनाने का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और समतामूलक समाज, एकता और भाईचारे का संदेश देना है। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहेब की जयंती पर यह संकल्प लें कि अपने बच्चों को शिक्षित कर अपने हक और अधिकार को प्राप्त कर देश के जिम्मेदार नागरिक बनें और बाबा साहेब के सपनों का देश बनाने का संकल्प लें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि जब तक देश के शोषित और वंचित समाज को विकास की मुख्यधारा में नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक विकसित भारत की कल्पना अधूरी रहेगी। उन्होंने कहा कि आज एनडीए की सरकार बाबा साहेब के सपनों को पूरा करने में जुटी है। इस दीपोत्सव कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# डॉ. आनंद रंजन झा को 'आइकन ऑफ भारत 2026' से किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जंदाहा (वैशाली)।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. आनंद रंजन झा को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'आइकन ऑफ भारत 2026' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें शिक्षा, कौशल विकास एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। डॉ. झा पिछले कई वर्षों से कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के माध्यम से हजारों युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा एवं डिजिटल स्किल्स प्रदान कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में संस्थान ने न केवल तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दिया है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को




रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध कराए हैं। डॉ. आनंद रंजन झा को इससे पूर्व भी कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं जिनमें भारत गौरव सम्मान, भारत रत्न आइकोनिक अचीवर्स अवॉर्ड, लीजेंड्री पीस अवॉर्ड, राष्ट्रीय सेवा सम्मान, पद्मश्री ग्लोबल एक्सीलेंस अवॉर्ड, राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान, इंटरनेशनल टीचर एक्सीलेंस अवॉर्ड एवं भारत विजनरी लीडर्स अवॉर्ड शामिल हैं। इसके अतिरिक्त उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए उनका नाम इंडियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया जा चुका है। इतना ही नहीं डॉ. झा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री महिमा चौधरी द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है जो उनकी उपलब्धियों और सामाजिक योगदान की व्यापक पहचान को दर्शाता है। इस अवसर पर डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि उन सभी छात्रों, शिक्षकों और सहयोगियों का है जिन्होंने इस मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमारा लक्ष्य है कि हर युवा डिजिटल रूप से सशक्त बने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे। स्थानीय लोगों, छात्रों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए डॉ. झा को बधाई दी और इसे पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया। यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि का प्रतीक है, बल्कि जंदाहा और वैशाली जिले के लिए भी एक बड़ी प्रेरणा है जो आने वाले समय में शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में और अधिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# डॉ भीमराव अम्बेडकर संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का उद्घाटन समारोह सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत डॉ भीमराव अम्बेडकर स्मृति दस दिवसीय अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का भव्य उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। अपने उद्घाटन उद्बोधन में अभियान के प्रधान संरक्षक डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर संस्कृत भाषा को राष्ट्र भाषा बनना चाहते थे। भारत में एकता की भावना संस्कृत भाषा के कारण ही संभव हो सकती है। मुख्यातिथि धर्मेंद्र पति त्रिपाठी ने कहा कि वे संविधान विशेषज्ञ थे। मुख्य वक्ता प्रो रागिनी वर्मा ने कहा कि उन्होंने सुशिक्षिता भव का नारा दिया। अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने बताया कि डॉ भीमराव अम्बेडकर चाहते थे कि संस्कृत भाषा का ज्ञान भारत के सभी लोगों को होना चाहिए। शैलेन्द्र कुमार सिन्हा एवं डॉ अनिल कुमार चौबे ने कहा कि वे संस्कृत भाषा के प्रबल समर्थक थे। उग्र नारायण झा एवं डॉ लीना चौहान ने कहा कि वे विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ एवं संविधान निर्माता थे। इस अवसर पर डॉ विश्वजीत रुद्रपाल, डॉ रागनी कुमारी, अदिति चोला, देवेश प्रकाश, वन्दना पटेरिया, डॉ रम्भा कुमारी, डॉ डिम्पल कुमारी, श्रद्धा कुमारी आदि वक्ताओं ने भी डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार पर बल दिया।

# ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता पर सख्त नजर, हर महीने 20 योजनाओं की अनिवार्य जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में ग्रामीण सड़कों और पुलों के निर्माण में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग ने सोमवार को सख्त निर्देश जारी किए हैं। किसी निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जीरो टॉलरेंस और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करने को लेकर सोमवार को ग्रामीण कार्य विभाग के सभागार में अभियंता प्रमुख की अध्यक्षता में प्रयोगशाला, प्रमंडल एवं अंचल स्तर की जांच एवं गुणवत्ता नियंत्रण इकाई के पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न इस बैठक में निर्माण कार्यों की निरंतर निगरानी, आधुनिक गुणवत्ता परीक्षण और विभागीय जवाबदेही तय करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि सभी गुणवत्ता नियंत्रण पदाधिकारियों को हर महीने कम से कम 20 निर्माणाधीन पथों या पुलों की सघन जांच करना अनिवार्य होगा। पूर्ण पारदर्शिता के लिए अधिकारियों को कार्यस्थल की जियो-टैग तस्वीरों और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट के साथ एमआईएस पोर्टल पर अपनी रिपोर्ट अपलोड करना अनिवार्य होगा। निगरानी तंत्र को अधिक सख्त करते हुए विभाग ने स्पष्ट किया है कि रूटीन निरीक्षण की रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर अपलोड करना होगा और जन शिकायतों की जांच रिपोर्ट 15 दिनों के अंदर अनिवार्य रूप से मुख्यालय को समर्पित करना होगा। इसके साथ ही पीक्यूसी कार्यों में कंक्रीट की मजबूती परखने के लिए ढलाई के समय ही कार्यस्थल से नमूना लेना आवश्यक होगा जिसकी पूर्व सूचना संबंधित अधिकारियों को देनी होगी। ग्रामीण कार्य विभाग का यह कदम राज्य में उच्च स्तरीय एवं टिकाऊ ग्रामीण सड़कों और पुलों का निर्माण सुनिश्चित करेगा।

# हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) की बैठक आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन के नेतृत्व में पार्टी की विधानमंडल दल की एक महत्वपूर्ण बैठक 14 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी। यह बैठक पटना स्थित उनके आवास, 25 स्ट्रैण्ड रोड पर संपन्न होगी। बैठक में पार्टी के सभी विधायक उपस्थित रहेंगे। उक्त बैठक में पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और आगामी राजनीतिक रणनीति एवं सरकार गठन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। गौरतलब है कि यह बैठक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधानमंडल दल की बैठक से लगभग 3 घंटे पूर्व आयोजित की जा रही है जिसे वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक में आगामी रणनीति, समसामयिक राजनीतिक परिस्थितियों तथा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की जाएगी।

# कृत्रिम अंग देकर 170 लोगों को रोटरी ने बनाया आत्मनिर्भर : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि कृत्रिम अंग देकर 170 लोगों को रोटरी चाणक्या ने आत्मनिर्भर बनाया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब हमेशा पीड़ित मानवता के लिए आगे रहा है चाहे पोलियो उन्मूलन हो या कृत्रिम अंग देकर जीवन दान देने में। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महाराणा प्रताप भवन में रोटरी चाणक्य के तत्वावधान में कृत्रिम अंग का वितरण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज के दिन कृत्रिम अंग देकर इन पीड़ित मानवता को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और उनका आत्मसम्मान बढ़ाया है। बताते चलें कि रोटरी क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कृत्रिम अंग शिविर का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस सेवा परियोजना के माध्यम से लगभग 170 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान किए गए जिससे उनके जीवन में नई आशा, आत्मविश्वास




एवं आत्मनिर्भरता का संचार हुआ। इस अवसर पर रोटरी चाणक्या के अध्यक्ष अभिषेक अपूर्व ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद दिव्यांगजनों को सिर्फ कृत्रिम अंग उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि उन्हें सम्मानजनक एवं स्वतंत्र जीवन जीने के लिए सक्षम बनाना भी है। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं रोटरी सदस्यों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ जिससे यह आयोजन सफल हो सका। इस मौके पर सचिव राखी शर्मा, कोषाध्यक्ष आलोक स्वरूप, प्रोजेक्ट इंचार्ज कमल बिंदासरिया पंजीयन में रोहित बोहरा और प्रशांत महेसरिया ने उपस्थित होकर दिव्यांग जनों की सहायता की।

CMYK

# बिजली बिल से राहत दिलाएगी पीएम सूर्यघर योजना, मिल रही भारी सब्सिडी : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** आम उपभोक्ताओं को बिजली बिल से राहत देने तथा स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना तेजी से लोकप्रिय हो रही है। विद्युत विभाग ने जिले के सभी उपभोक्ताओं से इस महत्वाकांक्षी योजना का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है। इस योजना के तहत उपभोक्ता अपने घरों की छत पर सोलर पैनल स्थापित कर न केवल बिजली खर्च में कमी कर सकते हैं, बल्कि लंबे समय तक लगभग मुफ्त बिजली का लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने बताया कि यह योजना आम लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी है और इससे ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने जानकारी दी कि योजना के अंतर्गत सोलर संयंत्र स्थापना पर सरकार द्वारा आकर्षक अनुदान (सब्सिडी) प्रदान किया जा रहा है। इसके तहत 1 किलोवाट क्षमता पर 30,000 रुपये, 2 किलोवाट पर 60,000 रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर 78,000 रुपये तक की सब्सिडी दी जाती है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगवाने हेतु बैंकों के माध्यम से लगभग 7 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर 2 लाख रुपये तक का ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस ऋण की अदायगी शहरी क्षेत्रों में 4 से 5 वर्षों में तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 7 से 8 वर्षों में की जा सकती है जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ कम पड़ता है। बिजली खपत के अनुसार उपभोक्ता सोलर पैनल की क्षमता का चयन कर सकते हैं। 150 यूनिट प्रतिमाह तक खपत के लिए 1 किलोवाट, 300 यूनिट तक के लिए 2 किलोवाट तथा 300 यूनिट से अधिक खपत के लिए 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता का सोलर पैनल उपयुक्त रहेगा। सोलर पैनल की स्थापना लागत को सब्सिडी के माध्यम से काफी हद तक कम किया जा सकता है। सोलर पैनल से उत्पादित बिजली का उपयोग घरेलू कार्यों में किया जा सकता है। साथ ही अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर बिजली बिल में समायोजित कराने की सुविधा भी उपलब्ध है जिससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। प्रति किलोवाट लगभग 100 वर्गफुट छत की आवश्यकता होती है तथा उचित रखरखाव के साथ सोलर पैनल लगभग 25 वर्षों तक सुचारु रूप से कार्य करते हैं। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ दीर्घकालिक रूप से सस्ती बिजली उपलब्ध होती है। योजना के अंतर्गत आवेदन के लिए स्मार्ट प्रीपेड मीटर कनेक्शन अनिवार्य है। इसके साथ ही आधार कार्ड, बैंक खाता एवं मोबाइल नंबर आवश्यक दस्तावेज हैं। इच्छुक उपभोक्ता ऑनलाइन माध्यम से आसानी से आवेदन कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने आम विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस जनहितकारी योजना का लाभ अवश्य उठाएं। इच्छुक आवेदक सोलर पैनल स्थापना के लिए बैंक से आसानी से ऋण भी प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में सभी बैंकों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। ऋण प्राप्ति में किसी प्रकार की समस्या होने पर उपभोक्ता मोबाइल नंबर 7632996822 पर संपर्क कर सकते हैं। विद्युत विभाग ने पुनः सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे इस योजना के माध्यम से स्वच्छ, सस्ती एवं टिकाऊ ऊर्जा को अपनाते हुए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# रोहतास में सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी पूरी

## 23 केंद्रों पर 11988 परीक्षार्थी होंगे शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर रोहतास जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली है। परीक्षा का आयोजन तीन चरणों में निर्धारित तिथियों पर किया जाएगा। प्रथम चरण की परीक्षा 14 एवं 15 अप्रैल को, द्वितीय चरण 17 एवं 18 अप्रैल को तथा तृतीय चरण 20 एवं 21 अप्रैल को संपन्न होगी। प्रत्येक दिन परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 10 बजे से 12 बजे मध्याह्न तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 बजे अपराह्न तक निर्धारित है। प्रत्येक पाली के लिए परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे पूर्व तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसके पश्चात किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता परीक्षा के लिए रोहतास जिले में कुल 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां 11988 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर रोहतास समाहरणालय के डीआरडीए सभागार में जिलाधिकारी उदिता सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों की ब्रीफिंग की गई। इस दौरान अधिकारियों को बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की पारदर्शिता एवं शुचिता बनाये रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके लिए सभी अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने भी कानून-व्यवस्था संधारण एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा सभी पुलिस पदाधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया। परीक्षा को कदाचार मुक्त बनाये रखने के लिए प्रत्येक केंद्र पर परीक्षार्थियों की सघन फ्रिस्किंग की जाएगी। साथ ही बायोमेट्रिक सत्यापन की व्यवस्था की गई है जिससे अभ्यर्थियों की पहचान सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाये गये हैं ताकि किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक संचार को रोका जा सके और नकल की संभावनाओं को समाप्त किया जा सके। परीक्षा केंद्रों पर प्रतिबंधित वस्तुओं को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

# डिहरी-जपला रेलखंड में चला सघन टिकट जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल द्वारा बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के यात्रा की रोकथाम हेतु निरंतर सघन टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंडल के डिहरी ऑन-सोन-जपला रेलखंड में विशेष टिकट जांच अभियान संचालित किया गया। लालगाड़ी के माध्यम से डिहरी ऑन-सोन-जपला रेलखंड में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। टिकट जांच स्टाफ एवं सुरक्षा बल की संयुक्त टीमों द्वारा स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म, पैदल पुल, प्रवेश एवं निकास द्वारों पर जांच की गई। साथ ही संबंधित ट्रेनों में भी सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 252 यात्री बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करते पाए गए जिनसे जुर्माने के रूप में 68,145 की राशि वसूल की गई। जांच के दौरान टिकट काउंटरों पर यात्रियों की सक्रियता बढ़ी तथा अनेक यात्रियों ने तत्काल टिकट लेकर यात्रा सुनिश्चित की। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। टिकट काउंटर, अधिकृत ऑनलाइन माध्यम, मोबाइल एप तथा स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों के माध्यम से टिकट लेना अब और भी सरल एवं सुविधाजनक है। बिना टिकट यात्रा करना रेलवे अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। डीडीयू मंडल द्वारा आगे भी ऐसे सघन जांच अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# डिहरी नगर थाना के नये थानाध्यक्ष बने राहुल कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना में नये थानाध्यक्ष के रूप में राहुल कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालते ही थाना परिसर में मौजूद सब इंस्पेक्टर एवं पुलिस कर्मियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पूर्व थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। पदभार ग्रहण के अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने नये थानाध्यक्ष से बेहतर कानून-व्यवस्था की उम्मीद जताई। वहीं जिम्मेदारी संभालने के बाद राहुल कुमार ने स्पष्ट किया कि उनकी पहली प्राथमिकता पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करना होगा। उन्होंने कहा कि जब तक पुलिस और पब्लिक के बीच विश्वास नहीं बनेगा, तब तक अपराध नियंत्रण पूरी तरह संभव नहीं है। इसलिए वे जनसंवाद को बढ़ावा देंगे और हर शिकायत को गंभीरता से सुनकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। राहुल कुमार ने आगे कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च जिम्मेदारी है। इसके लिए गश्ती व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा तथा संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जाएगी। साथ ही अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए कानून का राज स्थापित किया जाएगा।

# तिलौथू में भारतीय रजवार समाज परिवार का प्रांतीय सम्मेलन संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम/तिलौथू।** भारतीय रजवार समाज परिवार की शाखा तिलौथू द्वारा एक भव्य प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सेवानिवृत्त लेखा पदाधिकारी शिवबालक राजवंशी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नवादा डॉ. राजीव रंजन कुमार एवं चितौली पंचायत की मुखिया ममता देवी ने संयुक्त रूप से डॉ. भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य रजवार समाज में व्याप्त अशिक्षा, बेरोजगारी एवं आर्थिक समस्याओं के समाधान पर विचार-विमर्श करना रहा। इस अवसर पर समाज के वीर योद्धा एतवा रजवार, कारू रजवार एवं फतेह रजवार के 1857 के आंदोलन में दिए गए बलिदान को स्मरण करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने समाज के लोगों से अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, अनुशासन में रखकर आगे बढ़ाने और समाज को सशक्त बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बिहार एवं झारखंड से आए कई शिक्षाविद् और समाजसेवियों की उपस्थिति रही। बच्चों द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

# स्वर कोकिला आशा भोसले के निधन पर अभिनव कला संगम ने सचिव ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रख्यात पार्श्व गायिका आशा भोंसले के निधन की खबर से पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई। उनके सम्मान में जिले की अग्रणी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम ने श्रद्धांजलि दी। संस्था के सचिव नंदन कुमार ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने 'नवबिहार टाइम्स' से कहा कि आशा भोसले केवल एक महान गायिका ही नहीं थीं, बल्कि भारतीय संगीत और संस्कृति की सशक्त पहचान थीं। उन्होंने दशकों तक अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं के दिलों पर राज किया और संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनका निधन संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। संस्था के अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि आशा भोसले का जीवन संघर्ष, मेहनत और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है जिससे युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके गीतों ने हर भावना को जीवंत किया और वे सदैव लोगों के दिलों में जीवित रहेंगी। संस्था के निदेशक संजय सिंह, महासचिव रवि तिवारी, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार, प्रधान सलाहकार एवं संस्थापक सदस्य ठाकुर कुंज बिहारी सिंह उर्फ मनना जी, मिथिलेश कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, विजय चौरसिया, कलम हाशमी, शादाब सिद्दीकी, राहुल सिंह गहलोत, शुभम सिंह, आलोक कुमार सिंह, प्रेम प्रकाश उर्फ पी समेत दर्जनों सदस्यों ने भी श्रद्धांजलि दी। संस्था के सदस्यों ने कहा कि आशा भोंसले का संगीत सदैव अमर रहेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

# आपूर्ति पर प्रशासन सख्त, 14 एजेंसियों पर पीआरडी अधिकारियों की तैनाती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** इजराइल-ईरान युद्ध के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए बिक्रमगंज अनुमंडल प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज ने 11 अप्रैल 2026 को संशोधित आदेश जारी कर सभी गैस एजेंसियों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। आदेश में कहा गया है कि मध्य-पूर्व में जारी युद्ध के कारण एलपीजी गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की कमी हो सकती है। ऐसी स्थिति में गैस एजेंसियों, वितरकों और पेट्रोल पंपों पर आम लोगों की भीड़ बढ़ने की आशंका है। भीड़ के कारण असामाजिक तत्वों द्वारा विधि-व्यवस्था बिगड़ने और गैस सिलेंडर व अन्य ज्वलनशील पदार्थों की कालाबाजारी की आशंका को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। प्रशासन ने अनुमंडल क्षेत्र के 14 गैस एजेंसी वितरकों के प्रतिष्ठानों पर शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंचायत रोजगार सेवकों को प्रतिनियुक्त किया है। इनमें बिक्रमगंज के आइओसीएल के आर एन इंडेन और तमन्ना इंडेन, दिनारा के आइओसीएल के उमरावती इंडेन, एचपीसीएल के शिव प्रभु एचपी गैस एजेंसी, डिहरी के एचपीसीएल की मां मुनीश्वरी एचपी गैस एजेंसी, काराकाट के आइओसीएल व एचपीसीएल की 3 एजेंसियां, नासरीगंज के आइओसीएल व एचपीसीएल की 3 एजेंसियां, राजपुर और संझौली की आइओसीएल एजेंसियां शामिल हैं। सभी प्रतिनियुक्त पीआरडी अधिकारियों के नाम और मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं। आदेश में सभी पीआरडी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे संबंधित गैस एजेंसी के प्रबंधक/संचालक से संपर्क कर व्हाट्सएप ग्रुप में रोजाना जियो टैग फोटो शेयर करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि वाणिज्यिक गैस का उपयोग सिर्फ शैक्षणिक संस्थानों और विवाह स्थलों में ही हो। सभी गैस एजेंसियों को अपने क्षेत्र में शांति बनाए रखने और कालाबाजारी रोकने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

# शिवगंज मध्य विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय मध्य विद्यालय शिवगंज में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ बाबा साहब को याद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाध्यापक संजय कुमार के नेतृत्व में दीप प्रज्ज्वलित कर एवं बाबा साहब के तैल चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके बाद विद्यालय के कक्षा 7 और 8 के विद्यार्थियों ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए रंगोली और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा 8 की छात्रा अंशिका कुमारी ने मधुर संगीत प्रस्तुति दी, वहीं छात्र लव कुमार ने संविधान में दिए गए नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी साझा की। छात्रों ने बताया कि बाबा साहब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था और उन्होंने भारत के संविधान का निर्माण कर देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि महापुरुषों के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि बाबा साहब के बनाए संविधान से ही आज देश संचालित होता है। साथ ही यह भी उल्लेख किया कि उन्हें वर्ष 1990 में मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।


झारखण्ड–सरकार
श्रम, नियोजन, एवं प्रशिक्षण विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा
प्राचार्य का कार्यालय

Skill India कौशल भारत-कुशल भारत

रोजगार भर्ती कैम्प संबंधी सूचना

दिनांक–17.04.2026 दिन शुक्रवार को 11:00 बजे दिन में रोजगार मेला का आयोजन गढ़वा जिले में अवस्थित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा से पास प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार/नियोजन हेतू एक दिवसीय रोजगार भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया है, नियोजक/कंपनी का विवरण इस प्रकार है–

(1) HINDALCO INDUSTRIES LTD. P.O- RENUKOOT, DIST- SONBHADRA, UTTAR PRADESH-231217
(2) SCHNEIDER ELECTRIC IT BUSINESS INDIA PVT. LTD. JIGANI& ATTIBELE, BANGALORE
(3)ULTRAVIOLETTE AUTOMOTIVE. JIGANI & ATTIBELE, BANGALORE

DOMICILE-- JHARKHAND
TEST DATE & TIME---17-04-2026, 11:00AM TO 05:00PM
TEST VENUE--- GOVT ITI GARHWA, HANSKER, GARHWA
AGE LIMIT--- 18 TO 27 YEARS
SALARY ITI PASS--- 17501/PER MONTH
WORK TIME--- 8.30 HOURS

अतः आप सभी योग्य एवम् इक्छुक प्रशिक्षणार्थियों से अपील है कि रोजगार भर्ती कैंप में भाग लेने के लिए निर्धारित तिथि को सभी आवश्यक कागजात/दस्तावेज के साथ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में आना सुनिश्चित करें तथा अपने भविष्य को सुनहरा एवं उज्जवल बनावें।

HELPLINE NO- 6205271405

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,गढ़वा

PR 377478 (Labour Employment and Traning)26-27*D


# सांसद ने किया सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ नहरों का भ्रमण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चेनारी (रोहतास)।** सांसद ने क्षेत्र में सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ नहरों के भ्रमण के दौरान विस्तृत निरीक्षण किया एवं जमीनी स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान नहरों की स्थिति, जल प्रवाह और किसानों को मिल रही सिंचाई सुविधा को लेकर अधिकारियों से विस्तारपूर्वक बातचीत की। आवश्यक सुधार एवं व्यवस्थाओं को लेकर मौके पर ही निर्देश दिए। ताकि किसानों को समय पर पर्याप्त पानी मिल सके और किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता (ईई) साहब एवं एसडीओ साहब भी उपस्थित रहे। उनके साथ समन्वय बनाकर सिंचाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। चेनारी विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ नहरों के भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर रुककर स्थल निरीक्षण किया। इस क्रम में नहरों की स्थिति, जल प्रवाह और किसानों को मिल रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया गया। मौके पर ही अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए। ताकि सिंचाई व्यवस्था प्रभावी और सुचारु रूप से संचालित हो सके। इस दौरान कार्यपालक अभियंता (ईई) साहब एवं एसडीओ साहब भी उपस्थित रहे। किसानों को समय पर पानी उपलब्ध कराने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सभी को समन्वित रूप से कार्य करने पर जोर दिया गया।


**NAME CHANGE**

I, SHAHID, holder of Indian Passport No. P6243429 issued at DUBAI on 10/10/2016 and permanent resident of AKBARI MANZIL BUXAR BHOJPUR BIHAR and presently residing at SHARJAH UAE do hereby change my name from SHAHID to SHAHID SHAKIL AHMED (given name) AKBARI(surname) with immediate effect.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Raj Kumari w/o Chalitar Kamti, ward no. 10, Nagar Panchayat Singhia, PO & PS- Singhia, Distt-Samastipur, Bihar PIN- 848209, have changed my name and I shall hereafter be known as Raj Kumari Devi.


# डिहरी प्रखंड के बरनबिगहा में दुगोला चैता गायन का महामुकाबला, देर रात तक जमे रहे श्रोता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड अंतर्गत बरनबिगहा (बेरकप) गांव में शनिवार 11 अप्रैल की रात को चैता गायन का जोरदार दु-गोला मुकाबला आयोजित किया गया। दुगोला महा मुकाबला कार्यक्रम में मगध के दो दिग्गज व्यासों के बीच देर रात तक चले सवाल-जवाब ने सैकड़ों श्रोताओं को बांधे रखा। देर रात तक दर्शक कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण चैता सम्राट सुदर्शन यादव व्यास और बुद्धा व्यास 'तूफान एक्सप्रेस' के बीच का मुकाबला रहा। दोनों कलाकारों ने चैत मास की परंपरा, राम-सीता प्रसंग और सामाजिक मुद्दों पर एक-दूसरे से तीखे सवाल दागे। सुदर्शन यादव ने पारंपरिक शैली में 'रामजी के वन' पर चैता छेड़ा तो बुद्धा व्यास ने मौजूदा दौर से जोड़कर जवाब दिया। हर सवाल पर दर्शकों की तालियों से पंडाल गूंज उठा। कार्यक्रम का आयोजन पैक्स अध्यक्ष नंदू यादव ने किया। मौके पर अगियांव प्रखंड प्रमुख एवं संदेश विधानसभा क्षेत्र के नेता मुकेश यादव जिला पार्षद सदस्य नथुनी पासवान डिहरी प्रखंड प्रमुख मनीष यादव, अजीत कुमार और गुड्डू चन्द्रवंशी, पैक्स अध्यक्ष कृष्णा, जितेन्द्र, राजू, कमलेश, अनिल, रिंकू, वीरेंद्र, अरुण, मनोज, गुप्तेश्वर, मनोज पंडित आदि नेता जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम को लेकर बेरकप पैक्स अध्यक्ष नन्द कुमार सिंह उर्फ नंदू ने बताया कि अपनी लोक संस्कृति और चैता परंपरा को जिंदा रखने के लिए हर साल ये आयोजन कराते हैं। दोनों व्यासों ने कमाल का समा बांधा। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ती है। कलाकारों को मंच देना हम सबकी जिम्मेदारी है। आयोजन समिति ने बताया कि मुकाबला बराबरी पर छूटा और दोनों व्यासों को सम्मानित किया गया।


।।कार्यालय।।
समाहरणालय, गढ़वा।
(जिला सामाजिक सुरक्षा कोशांग)

जिला बाल संरक्षण इकाई

Email Id: dcpsgarhwa@gmail.com — विज्ञापन संख्या–01/2026

लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम (POCSO), 2012 एवं नियम 2020 के अंतर्गत सहायक व्यक्ति (Support Person) की सेवा लेने हेतु पैनल निर्माण के लिए जिला स्तर पर प्रति केस शुल्क आधारित चयन संबंधी विज्ञापनः–

सरकार के सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड राँची के अधिसूचना संख्या–526/SP-POCSO/JSCPS/2023–24–2685,राँची/दिनांक–24.10.2024 एंव अधिसूचना संख्या 526/SP-POCSO/JSCPS/2023–24–124, राँची/दिनांक–15.01.2026 के आलोक में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (POCSO), 2012 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियमावली 2020 के प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन किए जाने हेतु सहायक व्यक्तियों की सेवा प्राप्त किया जाना है। इस हेतु सहायक व्यक्तियों का पैनल निर्माण किए जाने के लिए जिला स्तर पर प्रति केस शुल्क आधारित सेवा दिए जाने वाले इच्छुक अनुभवी एवं योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैः–

| क्र0 | पद का नाम | पदों की संख्या | उम्र | शुल्क प्रति केस |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक व्यक्ति (Support Person) | जिले में मामलों की संख्या के 1:10 के अनुसार | 35 से 60 वर्ष | अधिकतम प्रति केस 5000/– (म0बा0वि0 एवं सा0सु0वि0) झारखण्ड के अधिसूचना संख्या–525/दिनांक–09.05.2025 के क्र0सं0–1 के आलोक में |

(A) शैक्षणिक योग्यताः–
- कला/वाणिज्य/विज्ञान/विधि/मनोविज्ञान/सामाजिक कार्य/बाल मनोविज्ञान/स्थानीय भाषा में स्नातकोत्तर या किसी भी संकाय में स्नातक एवं संबंधित क्षेत्र में कम से कम दो वर्ष का कार्यानुभव।

(B) कार्यानुभवः–
- बाल अधिकार/बाल संरक्षण/विधिक कार्य/सामाजिक कार्य/बाल मनोविज्ञान/परामर्शदाता/ समाजशास्त्र/मनोविज्ञान के क्षेत्र में कम से कम दो वर्ष का वांछनीय कार्यानुभव।
- DLSA/JHALSA/DCPU/CWC/JJB/POCSO न्यायालय में कम से कम एक वर्ष का वांछनीय कार्यानुभव।

(C) अभ्यर्थी को संबंधित संस्था के नियोक्ता के द्वारा जारी पूर्णकालिक अनुभव प्रमाण पत्र मान्य होंगें। किसी भी प्रकार का स्वैच्छिक सेवा का प्रमाण पत्र अनुभव के रूप में मान्य नहीं होगा।

(D) आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि–28/04/2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

नोटः– आवेदन हेतु प्रपत्र नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी **www.garhwa.nic.in** पर उपलब्ध है।

ह/0 –
उपायुक्त, गढ़वा।

PR 377464 Women, Child Development & Social Security(26-27)D

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को मिलेगा सशक्त नेतृत्व का अधिकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। भारतीय जनता पार्टी की पूर्व प्रदेश मंत्री डॉ पूनम शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की। इस दौरान उन्होंने इस अधिनियम को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए केंद्र सरकार की सराहना की।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ पूनम शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में समान भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू होने से देश की आधी आबादी को निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त भूमिका मिलेगी, जिससे समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव हो सकेगा।






उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इनसे महिलाओं के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाओं को नई पहचान और सम्मान मिल रहा है। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष माधवी बरनवाल, पूर्व अध्यक्ष गौरी रानी, शिवरानी केसरी, राखी गुप्ता सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने एक स्वर में केंद्र सरकार की इस पहल का समर्थन किया और इसे महिलाओं के लिए लाभकारी बताया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह अधिनियम उन्हें समाज में आगे बढ़ने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का अवसर प्रदान करेगा। प्रेस वार्ता का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## पेड़ से गिरकर अधेड़ की मौत

**नबिटा संवाददाता**

**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र के मंझिला पंचायत अंतर्गत विशनपुर गांव निवासी नौरंगी चौधरी की सोमवार की सुबह ताड़ के पेड़ से गिरने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नौरंगी चौधरी सुबह ताड़ के पेड़ पर चढ़कर ताड़ी निकालने का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ जाने से वह ऊंचाई से नीचे गिर पड़े। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की तैयारी करने लगे, लेकिन गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## नालंदा ने शेखपुरा को 7 विकेट से हराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। पावापुरी में खेले गए बीसीए अंडर-16 वनडे ट्रॉफी (मगध जोन) मुकाबले में नालंदा ने शेखपुरा को 7 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए शेखपुरा 112 रन पर सिमट गई। जवाब में नालंदा ने 15 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। राजगुरु ने नाबाद 87 रन बनाए, जबकि कप्तान मोहम्मद समीर ने 6 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता।

# जनगणना कार्य के लिए प्रगणकों-पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शुरू, 2 मई से होगी हाउस गणना

### 13 से 24 अप्रैल तक अलग-अलग बैचों में तीन दिवसीय प्रशिक्षण, अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। आगामी जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर कौआकोल प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से शुरू हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ० अखिलेश कुमार एवं नोडल पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अजीत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है,जिसके आधार पर सरकार विकास योजनाओं एवं संसाधनों का निर्धारण करती है। इसलिए सभी कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान दिए जा रहे दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करना आवश्यक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 13 अप्रैल से 24 अप्रैल तक अलग-अलग बैचों में 50-50 कर्मियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में हाउस लिस्टिंग, परिवार संबंधी जानकारी संकलन,प्रपत्र भरने की प्रक्रिया तथा डिजिटल






माध्यम से डाटा अपलोड करने की जानकारी दी जा रही है। मास्टर ट्रेनर गौरव कुमार,अरुण कुमार,मनोज कुमार वर्मा एवं शिवशंकर कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं शिक्षक जयप्रकाश मेहता एवं गोपाल कुमार सिन्हा प्रशिक्षण कार्य में सहयोग कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना का प्रथम चरण 02 मई से प्रारंभ होगा। पहले चरण में हाउस गणना (हाउस लिस्टिंग) का कार्य किया जाएगा,जिसके तहत क्षेत्र के सभी घरों एवं परिवारों का आधारभूत विवरण संकलित किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित तरीके से जनगणना कार्य संपन्न कराने का निर्देश दिया गया।

# पांडुलिपियों की पहचान कर उनका डिजिटाइजेशन करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं, जनसेवा व्यवस्था एवं प्रशासनिक सुधारों को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। डीएम ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 में "ज्ञान भारतम् मिशन" की शुरुआत की गई है, जिसके तहत देशभर की पांडुलिपियों का वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटाइजेशन एवं अभिलेखीकरण किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभाग सरकारी-गैरसरकारी संस्थानों, मठ-मंदिरों, पुस्तकालयों एवं निजी व्यक्तियों के पास उपलब्ध पांडुलिपियों की पहचान कर उनका डिजिटाइजेशन कर "ज्ञान भारतम् पोर्टल" पर अपलोड सुनिश्चित करें। डीएम ने डीपीओ आईसीडीएस एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि "स्कूल चलो अभियान" के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में छह वर्ष पूरा करने वाले बच्चों का 100 प्रतिशत नामांकन नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों में सुनिश्चित किया जाए।

बच्चों की मैपिंग/डेटाबेस तैयार कर एक भी बच्चा छूटने न पाए, इसका विशेष ध्यान रखने को कहा गया। सात निश्चय-3 के तहत 'सबका सम्मान–जीवन आसान' पहल को प्रभावी बनाने के लिए डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालयों में पदाधिकारी आमजनों से मिलेंगे। भूमि विवाद से जुड़े मामलों के शीघ्र निपटारे पर भी जोर दिया गया। बैठक में डीएम ने सभी तकनीकी पदाधिकारियों को सड़क, भवन, पुल-पुलिया निर्माण में एनओसी लेने एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। लघु सिंचाई विभाग को पईन-आहर को अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश दिया गया ताकि हर खेत तक पानी पहुंच सके। बढ़ती गर्मी को देखते हुए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को "नल-जल" शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु क्यूआरटी/मोबाइल वाहन तैनात करने एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को अल्ट्रासाउंड, सिटी स्कैन, एक्स-रे जैसी सेवाओं को 100 प्रतिशत क्रियाशील रखने तथा खराब मशीनों की तुरंत मरम्मत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# 'सम्बल' के तहत 42 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के दिशा-निर्देश पर बुनियाद केन्द्र, हिसुआ (नवादा) में उप विकास आयुक्त, नवादा नीलिमा साहू द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना अंतर्गत संचालित राज्य योजना "सम्बल" के तहत 42 दिव्यांगजनों के बीच विभिन्न सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर 35 चयनित दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राईसाइकिल, तीन दिव्यांगजनों को बैसाखी, एक लाभुक को श्रवण यंत्र, एक लाभुक को व्हीलचेयर तथा दो लाभुकों को हस्त चालित ट्राईसाइकिल प्रदान की गई।

बैट्री चालित ट्राईसाइकिल प्राप्त कर लाभार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि अब वे बिना किसी कठिनाई के जीविकोपार्जन एवं शिक्षा के लिए स्वतंत्र रूप से आवागमन कर सकेंगे। योजना के तहत दिव्यांगजनों की गतिशीलता एवं आत्मनिर्भरता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त ने बुनियाद केन्द्र का निरीक्षण भी किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं — जैसे फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, नेत्र जांच एवं काउंसलिंग — की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक-से-अधिक पात्र लाभुकों को समयबद्ध तरीके से योजना का लाभ प्रदान किया जाए। साथ ही दिव्यांगजनों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध उपकरणों का उपयोग कर रोजगार एवं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

सहायक निदेशक श्री रीतेश कुमार द्वारा योजना "सम्बल" के उद्देश्यों एवं लाभों की जानकारी देते हुए अधिक-से-अधिक पात्र दिव्यांगजनों से आवेदन कर योजना का लाभ उठाने का अनुरोध किया गया।

**कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण**

दिव्यांगता के प्रकार के अनुसार लाभुकों को हस्त चालित ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, सुगम्य केन, बैसाखी आदि निःशुल्क प्रदान किए जाते हैं।

**पात्रताः**

1. न्यूनतम 40% दिव्यांगता।
2. वार्षिक आय अधिकतम 2,00,000/-।
3. आवेदक बिहार राज्य का निवासी हो।
4. पिछले तीन वर्षों में समान उपकरण का लाभ न लिया हो।

**आवश्यक दस्तावेजः**

1. दिव्यांगता प्रमाण-पत्र या यूडीआईडी कार्ड।
2. आधार कार्ड / वोटर आईडी कार्ड।
3. आय प्रमाण-पत्र / बीपीएल कार्ड।
4. निवास प्रमाण-पत्र।

**आवेदन प्रक्रियाः**

दिव्यांगजन अपना आवेदन संबंधित प्रखंड कार्यालय, बुनियाद केन्द्र अथवा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय, नवादा में जमा कर सकते हैं।

**बैट्री चालित ट्राईसाइकिल हेतु विशेष पात्रताः**

1. चलंत दिव्यांगता से ग्रस्त होना आवश्यक।
2. न्यूनतम 40% दिव्यांगता।
3. वार्षिक आय अधिकतम 2,00,000/-।
4. न्यूनतम आयु 18 वर्ष।
5. बिहार राज्य का निवासी।
6. पिछले 05 वर्षों में लाभ न लिया हो।

**आवेदन प्रक्रिया (ऑनलाइन):**

बैट्री चालित ट्राईसाइकिल हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है।

# परीक्षा को कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु ब्रीफिंग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज डायट, नवादा में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में ब्रीफिंग आयोजित की गई।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण 14 एवं 15 अप्रैल 2026, द्वितीय चरण 17 एवं 18 अप्रैल 2026 तथा तृतीय चरण 20 एवं 21 अप्रैल 2026 को आयोजित होगी। यह परीक्षा नवादा जिले के कुल 20 परीक्षा केन्द्रों पर एकल एवं द्वि-पाली में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02:30 बजे से 04:30 बजे तक संचालित होगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि परीक्षार्थियों को प्रथम पाली के लिए प्रातः 08:00 बजे से 09:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली के लिए अपराह्न 01:00 बजे से 01:30 बजे तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए श्रुतिलेखक, अतिरिक्त समय एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।जिला पदाधिकारी द्वारा सभी केन्द्राधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केन्द्रों पर स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।

परीक्षा के सफल एवं कदाचारमुक्त संचालन हेतु समाहरणालय, नवादा में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष संख्या 06324-212261 है। नियंत्रण कक्ष में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है तथा पल-पल की गतिविधियों की निगरानी की जाएगी। नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में श्री शम्भु शरण पाण्डेय, अपर समाहर्त्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं पु.अ.नि. सुजीत कुमार त्रिपाठी, प्रभारी डीसीबी शाखा, पुलिस कार्यालय, नवादा रहेंगे। इसके अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु स्टैटिक दंडाधिकारी, प्रेक्षक, जोनल-सह-गश्ती दल, पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरे एवं मोबाइल जैमर की व्यवस्था की गई है। साथ ही अग्निशमन एवं चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, गोपनीय शाखा प्रभारी, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता नवादा सदर, डीएसपी मुख्यालय, स्थापना प्रभारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी सहित सभी केन्द्राधीक्षक एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला में एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नवादा डॉ. राज कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जिले में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है तथा सभी उपभोक्ताओं को नियमित एवं सुचारू रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा गैस सिलेंडर आपूर्ति की सतत निगरानी की जा रही है। सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पारदर्शी तरीके से उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करें। प्राप्त नवीनतम आंकड़ों के अनुसार जिले में 14.2 किलोग्राम श्रेणी के कुल 10,136 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। इनमें एचपीसीएल के 1,493, बीपीसीएल के 5,760 एवं आईओसीएल के 2,883 गैस सिलेंडर शामिल हैं। उपलब्ध स्टॉक वर्तमान मांग की पूर्ति के लिए पर्याप्त है। साथ ही उपभोक्ताओं को डोर-टू-डोर गैस सिलेंडर आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु जिला नियंत्रण कक्ष निरंतर कार्यरत है।

# कैरियर पब्लिक स्कूल एवं सीताशरण मेमोरियल स्कूल के सफल बच्चों को किया पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। कैरियर पब्लिक स्कूल, रांची रोड, बिहार शरीफ एवं सीताशरण मेमोरियल स्कूल, भतहर के प्रांगण में में सत्र (2025-26) का पारितोषिक वितरण भारत निर्वाचन आयोग के ब्रांड एम्बेसडर आशुतोष कुमार मानव, विद्यालय के निदेशक डॉ० संजय कुमार, प्राचार्य ई० संदीप कुमार, उपप्राचार्या अणुप्रिया भारती के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रातःकालीन सभा में आए हुए अतिथि को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र देकर विद्यालय प्राचार्य एवं उपप्रचार्य अणुप्रिया भारती के द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत गाकर आए हुए अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया । विद्यालय प्राचार्य ई० संदीप कुमार एवं उपप्रचार्य ने अपने मुखार विन्द से स्वागत भाषण प्रस्तुत कर प्रातःकालीन सभा को मंत्र मुग्ध कर दिए। अतिथि




ने अपने संबोधन में कहे कि कठिन परिश्रम एवं निरंतर अभ्यास से ही बच्चों ने अपने वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाकर गौरवान्वित हुए । सभी बच्चों से अपील किया गया कि हार जीत लगी रहती है आप भी कड़ी मेहनत जारी रखें तो ये मुकाम आप भी हासिल करेंगे। सभी वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र एवं छात्राओं को मुख्य अतिथि, प्राचार्य, उपप्राचार्या एवं वर्ग शिक्षक के द्वारा प्रशास्ति पत्र, अंकप्रमाण-पत्र एवं मोमंटो देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही साथ कुछ बच्चों ने पूरे विद्यालय में 99 प्रतिशत एवं 98.5 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। जिसमें अन्वी वर्मा वर्ग चतुर्थ, खुशी कुमारी वर्ग सप्तम्, नव्या सिंह वर्ग सप्तम, रिहान्शी कुमारी वर्ग अष्टम् में योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम में सुभाष चंद्र पाण्डेय, मनीष कुमार सक्सेना, पृथ्वी प्रसाद, कंचन कुमारी, स्वदेश कौशिक एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## स्कूली छात्रों से भरी पिकअप पलटी, एक बच्चे की मौत, दर्जनों जख्मी

**नवादा/नबिटा ब्यूरो** । बिहार में नवादा जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कमलापुर रोड पर बेला गांव के समीप सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक मासूम छात्रा की मौत हो गई, जबकि 27 बच्चे घायल हो गए। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। आक्रोशित अभिभावकों और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मगध सेंट्रल स्कूल की बस प्रतिदिन की तरह विभिन्न गांवों से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। बस में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया गया था, जिससे पहले से ही जोखिम की स्थिति बनी हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की रफ्तार भी काफी तेज थी। जैसे ही वाहन बेला गांव के पास एक खतरनाक मोड़ पर पहुंचा, चालक नियंत्रण खो बैठा और बस अनियंत्रित होकर लगभग 20 फीट गहरे गड्ढे में जा पलटी। हादसा इतना भीषण था कि बस तीन बार पलटी खाई। इस दौरान दर्शन गांव निवासी अमित कुमार की पुत्री आरोही कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुखद घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, 27 अन्य बच्चे घायल हो गए, जिनमें से चार की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

# जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी राजीव कुमार के तबादले पर सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, एनआईसी नवादा राजीव कुमार का स्थानान्तरण पटना समाहरणालय में होने के उपरांत आज दिनांक 13.04.2026 को समाहरणालय सभाकक्ष में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। राजीव कुमार ने वर्ष 2012 में समाहरणालय, नवादा में अपना योगदान दिया था तथा अपने दीर्घ कार्यकाल में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।




इस अवसर पर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने कहा कि आज हम सब यहाँ एक ऐसे व्यक्तित्व को विदाई देने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान न केवल अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ किया, बल्कि अपने व्यवहार, मार्गदर्शन और सहयोग से हम सभी के दिलों में एक विशेष स्थान भी बनाया। राजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज विदाई का यह क्षण भावुक जरूर है, लेकिन साथ ही गर्व का भी है कि मुझे नवादा में आप सभी के साथ कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान उन्हें स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# 'तकनीक के माध्यम से जनजातीय परिवर्तन' पर राष्ट्रीय सम्मेलन में नालंदा की सहभागिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। राष्ट्रीय नीति एवं विकास से जुड़े विमर्शों में अपनी सतत भागीदारी के क्रम में नालंदा विश्वविद्यालय ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित द्विदिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता की। "तकनीक और विज्ञान के जरिए जनजातीय भारत का परिवर्तन–अवसर, आकांक्षाएं, रास्ते" विषयक इस सम्मेलन का उद्घाटन भारत के उपराष्ट्रपति डॉ. सी. पी. राधाकृष्णन ने किया। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा नॉर्थ ईस्ट सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन एंड रीच एवं दून संस्कृति स्कूल, देहरादून के सहयोग से किया गया।




कार्यक्रम के दूसरे दिन नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने "आजीविका, उद्यमिता और समुदाय सशक्तिकरण के लिए तकनीक" नामक महत्वपूर्ण सत्र की अध्यक्षता की। इस सत्र में डॉ. अरुण कुमार शर्मा (एनइसीटीएआर के महानिदेशक), प्रो. अमेय करकरे और प्रो. अनुराग पांडे (आईआईटी कानपुर), तथा मणिपुर के उद्यमी एन. इराबंता सिंह जैसे प्रमुख विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। चर्चा का फोकस तकनीक आधारित आजीविका और समुदाय सशक्तिकरण के रास्तों पर रहा। अपने संबोधन में प्रोफेसर चतुर्वेदी ने जोर दिया कि वित्तीय समावेशन के लिए ऐसी डिजिटल बुनियादी ढांचे की जरूरत है जो बिना इंटरनेट या बिजली के भी काम कर सके। यह दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में पहुंच सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम जन धन योजना का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ाव इसका दायरा और प्रभाव लगातार बढ़ाएगा। नालंदा विश्वविद्यालय ज्ञान, तकनीक और समावेशी विकास को जोड़ने वाली चर्चाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# एमयू कुलपति ने की 'महासंगम 2026' की तैयारियों को लेकर प्राचार्यों के साथ बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के राधाकृष्णन सभागार में कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभी प्राचार्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन 'महासंगम 2026' के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के निदेशक प्रोफेसर सुशील कुमार सिंह तथा कुलसचिव प्रोफेसर विनोद कुमार मंगलम मंचासीन रहे। बैठक में बताया गया कि मगध विश्वविद्यालय के 65 वर्षों के इतिहास में पहली बार इतने व्यापक स्तर पर पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन का आयोजन 25 अप्रैल 2026 को किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार के राज्यपाल एवं कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन करेंगे। कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने सभी प्राचार्यों से अपील की कि वे अपने-अपने महाविद्यालयों के उन पूर्ववर्ती छात्रों का अधिक से अधिक पंजीकरण सुनिश्चित करें जो देश-विदेश में विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं तथा उन्हें सम्मेलन में ससम्मान आमंत्रित करें। बैठक में विभिन्न महाविद्यालयों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे जिनमें राम लखन सिंह यादव कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार, मगध बीएड यूनिवर्सिटी एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सिंह, मां कमला चंद्रिका जी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रिंकू कुमारी, ज्ञान भारती टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, कैंट एरिया पहाड़पुर गया के सचिन रामजीवन शर्मा, ज्ञान भारती कॉलेज ऑफ एजूकेशन, टेकरी के सचिव अरविंद कुमार, अल्लामा इकबाल कॉलेज, बेला के सचिव उपेंद्र जी, श्री राम सुहाग टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, मखदुमपुर गया के सचिन पुनीत, दीगमणि बीएड कॉलेज, कैया मानपुर गया के सचिव आलोक जी तथा जज्बा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, किधर सराय गया के सचिव अंजनी कुमार प्रमुख रूप से शामिल थे। कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम ने कुलपति के इस दूरदर्शी पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस आयोजन से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और मान्यता में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा तथा भविष्य में बेहतर ग्रेड प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। वहीं प्रो. सुशील कुमार सिंह ने भी इस पहल को सफल बनाने के लिए अधिकाधिक पंजीकरण पर बल दिया। बैठक के अतिरिक्त कुलपति ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ भी संवाद किया जिसमें सुबोध कुमार, दीपक कुमार, विकास कुमार, भोलू कुमार एवं मनोज सहित अन्य शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहे। कुलपति ने सभी से आग्रह किया कि वे इस अभियान को सफल बनाने में पूर्ण समर्पण के साथ सहयोग करें। इस अवसर पर महासंगम 2026 की संयोजक प्रोफेसर निभा सिंह ने भी सभी से अपील की कि वे अधिक से अधिक पूर्ववर्ती छात्रों का पंजीकरण कराकर उन्हें इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनने हेतु आमंत्रित करें। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन विश्वविद्यालय के गौरवशाली अतीत, वर्तमान उपलब्धियों और उज्ज्वल भविष्य के बीच संवाद स्थापित करने का महत्वपूर्ण मंच सिद्ध होगा।

## जीविका दीदियों के हाथों निर्मित आकर्षक बैग का बिहार के साथ दूसरे राज्यों में काफी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जीविका की दीदियां अब हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। मुजफ्फरपुर में हाल के चार वर्षों में पीपीपी मॉडल पर संचालित बैग कलस्टर से इन दीदियों ने 19.75 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया है। इसमें अकेले बैग कलस्टर शेड्स से 16.34 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। जीविका के अधिकारियों का कहना है कि दीदियों के हाथों निर्मित इन आकर्षक बैग का बिहार के साथ दूसरे राज्यों में काफी मांग है। इस कारोबार की बदौलत दीदियां तेजी से आत्मनिर्भर बन रही हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर में संचालित जीविका बैग कलस्टर ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका सृजन और उद्यमिता विकास का एक सफल मॉडल बनकर उभरा है। इसका मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूह (एसएसजी) से जुड़ी महिलाओं के संचालित बैग निर्माण उद्यमों को बढ़ावा देना और स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करना है। यह बैग कलस्टर एक प्रभावी पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत संचालित हो रहा है जिसमें उद्योग विभाग की ओर से सिर्फ आधारभूत संरचना उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही जीविका के स्तर से सामुदायिक सशक्तिकरण एवं उद्यम विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। जीविका निदेशक (उद्यम) विनय कुमार राय बताते हैं कि दिसंबर 2023 से जनवरी 2026 के बीच बैग कलस्टर ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इस अवधि में 42 बैग उद्यम संचालित हुए जिनके माध्यम से 32.69 लाख बैग और 12.08 लाख रेन कवर का उत्पादन किया गया।

# पीएम मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के साकार रूप का वर्णन किया: संजय सरावगी

### प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति - महिलाओं को भी कानून बनाने में समान भागीदारी मिले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' को संबोधित किया। इस सम्मेलन में पीएम मोदी के विचारों को सुनने के लिए बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में विशेष इंतजाम किए गए थे। पटना स्थित प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में वर्चुअल माध्यम से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और मंत्री दिलीप जायसवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर सुना। इस मौके पर उपाध्यक्ष अनामिका पासवान, एमएलसी अनामिका सिंह, निवेदिता सिंह, प्रवक्ता प्रीति शेखर सहित कई महिला विधायक, एमएलसी, प्रदेश महिला मोर्चा के पदाधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही और पीएम मोदी के सम्बोधन को सुना।

प्रदेश कार्यालय में बड़े स्क्रीन पर लोगों ने पीएम मोदी के उद्बोधन को सुना। प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुनने के बाद बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने संबोधन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के साकार रूप का वर्णन किया है। उन्होंने इस अधिनियम के जरिए सरकार की नारी शक्ति के प्रतिनिधित्व देने की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि नारी शक्ति केवल समाज की आधारशिला ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सबसे सशक्त प्रेरणा भी है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' इसी संकल्प का साकार रूप है जो महिलाओं को समान अधिकार और राजनीतिक भागीदारी में सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक के माध्यम से महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व में अधिक अवसर प्रदान करना, वास्तव में लोकतंत्र को और अधिक समावेशी, सशक्त और प्रगतिशील बनाने का कार्य करेगा। यह पहल न केवल महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाएगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए नए आयाम स्थापित करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि राज्यसभा और लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पेश किया। कांग्रेस इसे 30 वर्षों तक पारित नहीं कर पाई। यह प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति है कि महिलाओं को भी कानून बनाने में समान भागीदारी मिलनी चाहिए। इसलिए 16 से 18 तारीख तक लोकसभा और राज्यसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि सर्वसम्मति से यह संशोधन विधेयक पास हो।

## जनगणना हेतु प्रशिक्षण का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** जनगणना हेतु प्रगणक एवं पर्यवेक्षक का 3 दिवसीय (2बैच में) प्रशिक्षण का शुभारंभ 13 अप्रैल 2026 से चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियंका की अध्यक्षता में किया गया। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी चेनारी प्रियंका ने बताया कि 13/04/2026 से लगातार 24/04/2026 तक दो बैच में तीन-तीन दिन के लिए प्रत्येक प्रगणक पर्यवेक्षक को जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा।

## रास्ता रोकने व विरोध करने पर मारपीट

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** एससीएसटी थाना में संझोली थाना के तिलई गांव निवासी सरोज मुसहर ने भगवान पाण्डेय समेत आधे दर्जन लोगों पर रास्ता रोकने व विरोध करने पर मारपीट करने की प्राथमिकी किया।

# स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग में 'मेडिटेशन एंड स्ट्रेस रिलीज' विषय पर सेमिनार का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय बोधगया के स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग में 'मेडिटेशन एंड स्ट्रेस रिलीज' विषय पर सेमिनार का आयोजन सहज योग टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार वर्मा ने सहज योग टीम के सदस्यों का स्वागत अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिह्न देकर किया एवं अपने स्वागत भाषण में आज की तनावपूर्ण जीवनशैली में ऐसे कार्यक्रमों के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। इसके उपरांत टीम के सदस्यों ने सहज योग पद्धति जो कि योग एवं ध्यान की एक सरल एवं विशेष पद्धति है का परिचय प्रतिभागियों को दिया एवं कुछ सरल योग एवं ध्यान के आसनों का अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम में मंच संचालन भौतिकी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. श्रद्धा प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में सहज योग टीम के सदस्य डॉ. शशि कान्त जवाले, मयूर धात्रक, गायत्री निमावत, एवं शुभांगी कुमारी, भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रेनू रानी, डॉ. अंकुरवा सिन्हा, डॉ. तन्मय लाहिड़ी, डॉ. शिल्पी बनर्जी, डॉ. माधव कुमार सिंह, डॉ. विश्वतोष मिश्र, डॉ. विमल तिवारी एवं डॉ. प्रीति, स्नातकोत्तर बॉटनी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार सिंह एवं डॉ. एकता वर्मा तथा भौतिकी विभाग के गैर शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे। विभाग के एमएससी के छात्र-छात्राओं ने कहा कि कार्यक्रम से उन्हें तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा प्राप्त हुई। छात्र-छात्राओं ने यह भी कहा कि ध्यान तथा योग के सरल आसनों के माध्यम से उन्हें अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने में भी मदद मिलेगी।

## सड़क बनने के कुछ ही महीनों बाद आने लगी दरारें, गुणवत्ता पर उठे सवाल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** डोभी प्रखंड के कुशाबीजा पंचायत अंतर्गत टड़वा से कुशा की ओर जाने वाली सड़क में कुछ ही महीना में आने लगे दरारें, गुणवत्ता पर उठे सवाल। सड़क के सतह कई जगह से उखड़ते नजर आ रहे हैं, सड़क के बीच में दरारें भी आ गईं है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनने के दौरान ही मानकों की अनदेखी की गई थी अब हालात यह है कि जगह-जगह दरारें पड़ गई है और गिट्टी बाहर आने लगी है जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह सड़क जोखिम भरी साबित हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण कड़ी है, लेकिन खराब निर्माण के कारण इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब होने की आशंका जताई जा रही है।

## भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत सीएनजी बस एवं ई कार्ट का दान दिया




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** भारतीय स्टेट बैंक के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक (आर सी एंड एस ए आर जी), रवि रंजन के द्वारा सीयुएसबी, गया को एक सीएनजी बस एवं ई कार्ट का दान किया गया। इस दान का लाभ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को मिलेगा जो अपने विभिन्न अनुसंधानिक आवश्यकताओं के लिए आसपास के क्षेत्र में दौरा करने जाते रहते हैं। इस अवसर पर अनुराग जोशी, मुख्य महाप्रबंधक, पटना मंडल रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (दक्षिण बिहार), आर नटराजन, महाप्रबंधक (उत्तर बिहार), विवेक चन्द्र जायसवाल, महाप्रबंधक (झारखंड), देवेश मित्तल, मण्डल विकास अधिकारी, पटना मण्डल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। भारतीय स्टेट बैंक अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व पहल के अंतर्गत अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन अनवरत रूप से कर रहा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

**ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना संख्या – DWSD/SR/DT/Med-01/2026-27 (1st Call)

दिनांक 13.04.2026

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Relocation of 125x115 mm dia and 70 mtr. (av.) deep drilled tube well with installation of IM-II Hand Pump, 1.85m dia meter PCC Platform and 3.0 m. long drain on turnkey basis in different rural habitation under DW&S Division, Medininagar for the year 2026-27. | MED/SR-01 | 50 Nos. | 44,94,625.00 | 90,000.00 | 5,000.00 | 60 Days |
| | | MED/SR-02 | 50 Nos. | 44,94,625.00 | 90,000.00 | 5,000.00 | 60 Days |
| | | MED/SR-03 | 50 Nos. | 44,94,625.00 | 90,000.00 | 5,000.00 | 60 Days |
| | | MED/SR-04 | 50 Nos. | 44,94,625.00 | 90,000.00 | 5,000.00 | 60 Days |
| | | MED/SR-05 | 42 Nos. | 44,94,625.00 | 90,000.00 | 5,000.00 | 60 Days |
| | | MED/SR-06 | 35 Nos. | 35,66,535.00 | 72,000.00 | 5,000.00 | 60 Days |
| | | MED/SR-07 | 35 Nos. | 35,66,535.00 | 72,000.00 | 5,000.00 | 60 Days |
| 2. | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 16.04.2026 / 02.30 बजे अपराह्न में। | | | | | |
| 3. | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22.04.2026 / 5.00 बजे अपराह्न तक। | | | | | |
| 4. | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 22.04.2026 / 5.00 बजे अपराह्न तक। | | | | | |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 23.04.2026 / 05.00 बजे अपराह्न में। | | | | | |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। | | | | | |
| 7. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 9973742366 | | | | | |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2480345 | | | | | |

नोटः– 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
2. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,मेदिनीनगर

PR 377413 Drinking Water and Sanitation(26-27).D


## पांच बच्चों के पिता ने रचाई शादी, पत्नी को घर से निकाला

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** शमीमा खातून ने अपने पति मोहिन अंसारी और उसकी प्रेमिका पर मारपीट व मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए महिला थाना में प्राथमिकी किया है। पुलिस के अनुसार पांच बच्चों की मां ने कहा है कि विवाह के बाद से दो लाख दहेज को लेकर पति द्वारा अक्सर मारपीट की जाती थी। हाल के वर्षों में एक अन्य महिला से संबंध बनाकर उसे घर में रखने का दबाव भी बनाया गया। आरोप है कि 23 मार्च 2026 को दोनों ने मिलकर उनके साथ गंभीर मारपीट की जिससे उन्हें चोटें आईं और सरकारी अस्पताल में इलाज कराना पड़ा। पीड़िता ने पुलिस से मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाया, मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के कनौसी पंचायत अंतर्गत एक गांव से 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया। इस संबंध में कोंच थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पीड़ित परिजनों द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि विगत दिनों सुबह जब उनकी नींद खुली तो किशोरी घर में नहीं थी। घर का दरवाजा खुला हुआ था तथा बक्से का ताला टूटा पाया गया। बक्से में रखे नगदी और जेवर भी गायब थे। परिजनों ने खोजबीन की तो पता चला कि गांव का ही एक युवक किशोरी को शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है।

## गेहूं की फसल में लगी आग, एक बीघा फसल जलकर राख



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के खजूरी पंचायत अंतर्गत पाठक बिगहा गांव में सोमवार दोपहर करीब 3 बजे अचानक आग लगने से किसान विजय यादव की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस घटना में लगभग एक बीघा में लगी तैयार फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम और स्थानीय लोगों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। हालांकि ग्रामीणों ने असामाजिक तत्वों की भूमिका होने की आशंका जताई है। घटना से किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Rural Work Department, Works Division Daltonganj**

**Short Notice Inviting e-quotation**
**Notice No-01/2026-27**

Government of Jharkhand through its Cabinet Secretariat and Vigilance Department is engaged in revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items/materials annexed as Annexure-1 for Construction Works from Quarry Owners/ Crusher owners/ Reputed Manufacturer/ authorized dealers/ Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/ infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 17.04.26 at 10:30 hrs. to 27.04.26 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 29.04.26 at 11.30 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Terms and Condition**

1. The quotationer Shall Submit basic rate of material which will be inclusive of Royalty and other taxes but exclusive of GST.
2. The make and Specifications of various materials shall be governed by the relevant Indian Standard (IS) Codes and Specifications as issued by Central Public Works Department (CPWD)/ Concerned Department of Government of India.
3. Quotationer may quote rate for all the materials/ Part of the material for which they are concerned.
4. Manufacturers/ Producers or their authorized dealers shall quote their rate for material which is actually manufactured/produced/procured by them and the rate quoted for other materials shall not be acceptable.
5. The quotationer shall quote latest and authentic rate which shall reflect market rate.
6. The quotationer should have necessary Portal enrolment with their own digital signature Certificate. Quotationers without necessary portal enrolment with their digital signature may quote their rate by uploading in the website, however they have to submit hard copy of the same duly signed along with necessary documents in the concerned division.
7. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
8. The quotationer shall furnish GST registration no.
9. The undersigned reserves the right to accept or reject/ cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.
10. For any query or clarification you may Contact Executive Engineer R.W.D. Works Div. Daltonganj.

**Address for Communication :-**
Executive Engineer
Rural Works Department, Works Div. Daltonganj
Address –Court Cmound, Daltonganj
Mobile No - 9170538098, e- mail ID - **ee-pal@jharkhandmail.gov.in**

**Executive Engineer**
**R.W.D. Works Div.**
**Daltonganj**

PR 377403 District(26-27)#D


# गरीबों के लिए राहत बना मुफ्त नेत्र जांच अभियान

### बुनियाद केंद्रों के माध्यम से मुफ्त नेत्र जांच अभियान को मिली बड़ी सफलता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सभी 101 अनुमंडलों में स्थित बुनियाद केंद्रों के माध्यम से मुफ्त नेत्र जांच किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग की सचिव बन्दना प्रेयषी के मार्गदर्शन में इस विशेष अभियान को व्यापक स्तर पर प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। अब तक इस अभियान के अंतर्गत कुल 46 हजार 102 लाभार्थियों का मुफ्त नेत्र परीक्षण किया जा चुका है। यह पहल समाज के कमजोर, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत राज्य के विभिन्न बुनियाद केंद्रों पर नियमित रूप से नेत्र जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जहां विशेषज्ञों के माध्यम से लाभार्थियों की जांच कर उन्हें चश्मा दिए जाने के लिए अनुशंसित किया जा रहा है। राज्य स्वास्थ्य समिति के अंतर्गत सूचीबद्ध एजेंसी से नेत्र जांच के उपरांत 15 दिनों के भीतर चश्मा उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है जिसके पश्चात लाभार्थियों को चश्मा का वितरण किया जाएगा। इसके माध्यम से न केवल दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान हो रही है, बल्कि समय रहते उनके समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। यह अभियान अब 5 मई तक जारी रहेगा जिसके अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों को विशेष सक्रियता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया है। नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण अभियान में जिला-वार प्रगति जारी है। अब तक राज्य भर में कुल 46 हजार से अधिक लोगों की नेत्र जांच की जा चुकी है जिनमें से लगभग 38 हजार 500 लोगों को चश्मा लगाने की अनुशंसा की गई है। सर्वाधिक प्रगति पटना जिले में दर्ज की गई है जहां 4676 नेत्र जांच के बाद 4051 लोगों को चश्मा निर्धारित की गई। विभागीय सचिव वंदना प्रेयषी ने कहा कि बुनियाद केंद्रों के माध्यम से संचालित यह अभियान समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। 46 हजार से अधिक लाभार्थियों तक पहुंच बनाना विभाग की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हमारा प्रयास है कि 5 मई तक इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाते हुए अधिक से अधिक जरूरतमंद व्यक्तियों तक इसका लाभ पहुंचाया जाए।

संपादकीय

## अफसरों के नाकारापन से नहीं थमेंगे नालंदा मंदिर जैसे हादसे

सरकारी मशीनरी के नाकारा होने के कारण देश में धार्मिक आयोजनों में भगदड़ जैसे हादसे रुक नहीं रहे हैं। हादसों ऐसी श्रृंखला में नालंदा मंदिर का हादसा भी जुड़ गया है। नालंदा के शीतला माता मंदिर में पूजा करने के दौरान भगदड़ मच गई और इसमें 9 लोगों की जान चली गई। आठ महिलाओं की भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक पुरुष ने अस्पताल में दम तोड़ा। चैत्र महीने के आखिरी मंगलवार को शीतला अष्टमी के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में पहुंचे थे। वहां मेला भी लगा था। इसी दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज मंगलवार को नालंदा यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति शामिल हुईं। दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने कई देशों के छात्रों को डिग्री व मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान दिया गया। राष्ट्रपति की यात्रा की सुरक्षा में 8 जिलों के 2500 जवानों को लगाया गया था, जबकि मंदिर में जुटी 10 हजार की भीड़ के लिए एक भी पुलिस वाले की तैनाती नहीं थी। यह हालत है देश में जिम्मेदार मानी जाने वाली चुनी हुई सरकारों की। अधिकारी इस बात का आकलन ही नहीं कर सके कि इतने बड़े आयोजन में कोई हादसा भी हो सकता है। इसी भारी चूक की वजह से मंदिर स्थल पर पुलिस सुरक्षा का इंतजाम नहीं किया गया। सारी फोर्स राष्ट्रपति की सुरक्षा के इंतजाम में लगा दी गई। कुंभ मेले, मंदिर दर्शन, सत्संग, त्योहार और रेलवे स्टेशनों पर ट्रेन पकड़ने की होड़ जैसी घटनाएं न केवल आस्था का प्रतीक हैं, बल्कि प्रबंधन की कमी के कारण अक्सर जानलेवा साबित होती रही है। साल-दर-साल मची भगदड़ में सैकड़ों निर्दोष जिंदगियां चली जाती हैं, जिनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। ये हादसे मुख्य रूप से सुरक्षा व्यवस्थाओं की चूक, अपवाहें, संकरी जगहों पर अत्यधिक भीड़ और प्रशासन की लापरवाही के कारण होती हैं। देश के सरकारी तंत्र ने विगत वर्षों में हुए इस तरह के हादसों से कोई सबक नहीं सीखा। यही वजह ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति थम नहीं रही है। विगत एक दशक में ऐसा शायद ही कोई साल गया होगा, जब भगदड़ में मौतों की दर्दनाक घटनाएं सामने नहीं आई होंगी। 3 मई 2025 को गोवा के श्री लैरे देवी मंदिर के वार्षिक मेले में पूजा-अर्चना के दौरान भगदड़ मची। इसमें छह श्रद्धालुओं की मौत हुई और लगभग 55 लोग घायल हुए। 15 फरवरी 2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज कुंभ में शामिल होने के लिए ट्रेन पकड़ने की होड़ के चलते मची भगदड़ में 18 यात्रियों की जान गई। 9 जनवरी 2025 को प्रयागराज महाकुंभ के संगम क्षेत्र में भगदड़ 30 तीर्थयात्रियों की मौत हुई और 60 लोग घायल हुए। इसी तरह 8 जनवरी 2025 आंध्र प्रदेश के तिरुपति में श्री वेंकटेश्वर मंदिर में छह श्रद्धालुओं की मौत हुई। इसी तरह 2 जुलाई 2024 उत्तर प्रदेश के हाथरस में संत भोले बाबा (नारायण साकार हरि) की सत्संग के बाद भगदड़ मची। इस घटना में कुल 121 लोगों की मौत हुई, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे। यह हादसा सुरक्षा प्रबंधों की कमी के चलते हुआ। 31 मार्च 2023 मध्यप्रदेश के इंदौर में रामनवमी पर ढाई तालाब की बावड़ी की छत गिरने के दौरान भगदड़ मच गई। इस हादसे में 36 तीर्थयात्रियों की मौत हुई और 16 अन्य घायल हुए। भीड़-नियंत्रण में चूक यहां भी जानलेवा साबित हुई। इन हादसों के अलावा विगत वर्षों में कटरा जम्मू में वैष्णो देवी मंदिर, महाराष्ट्र के मंधर देवी, नासिक में कुंभ स्नान, आंध्र प्रदेश के राजामुंद्री, बिहार के पटना में गांधी मैदान, मध्य प्रदेश के दतिया में पुल पर अफवाह फैलने, हरिद्वार में हर-की-पौड़ी घाट पर आयोजित गायत्री महायज्ञ आयोजन, उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़, जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में हिमाचल के नैना देवी में भगदड़ के दौरान सैकड़ों लोगों की जान चली गई थी। नालंदा में हुए दर्दनाक हादसे के बाद अन्य हादसों की तरह वही जांच कमेटी बना दी गई। बिहार सरकार की तरफ से मृतकों के परिजनों को सांत्वना राशि की घोषणा कर दी गई। राजनीतिक दलों के नेताओं की तरफ से औपचारिकता निभानते हुए घड़ियाली आसूं बहाए गए। किन्तु एक भी जिम्मेदार अफसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई। अन्य हादसों की तरह इस हादसे में भी एक भी अफसर को जेल नहीं होगी। किसी का भी बांल बांका नहीं होगा, होगा भी तो सिर्फ दिखावे के लिए छोटे कर्मचारी अधिकारियों पर गाज घटना की गाज गिर सकती है। देश में परंपरा रही है कि बड़े अफसर हर बार बच निकलते हैं। इस लिहाज से बिहार की इस घटना इससे अलग नहीं है। सरकारों ने ना पहले हुए ऐसे हादसों से कोई सबक सीखा था ना ही बिहार हादसे से सीखेंगे। ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति देश में जारी रहेगी। ऐसे हादसों में सरकारी कुप्रबंधन की वजह से आम लोगों की मौत होती रहेगी और सरकारें तमाशबीन बनी रहेंगी।

# दलितों एवं शोषितों की स्वतंत्रता के प्रबल पक्षधर थे डॉ अंबेडकर



**डॉ मणिकांत झा**

आज अंबेडकर की 135वीं जयंती पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है इसके पीछे चाहे जो भी कारण हो पर इतना तो अवश्य है कि इन आयोजनों की सार्थकता तभी होगी जब बाबा साहब के सिद्धांतों को आत्मसात कर उसे व्यावहारिक आधार दिया जाए।

वास्तव में महापुरुष का अपना एक स्वतंत्र परिवेश होता है जिसमें वह फूलता फलता है और निकटवर्ती वातावरण से अपने जीवन की उपयोगिता को सिद्ध करने में जुट जाता है। परिस्थितियों की भयावह स्थिति के बावजूद धार्मिक ,सांस्कृतिक और सामाजिक क्रांति का पुरोधा बनकर सामुदायिक चेतना को जन्म देता है और वैचारिक क्रांति के माध्यम से समूचे स्तर को नया आयाम देने के लिए कमरकस लेता है। कुछ ऐसे ही कालजयी क्रांतिकारी महापुरुष थे डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर, जिन्होंने दलित एवं शोषितों के उद्धार के लिए अपनी सारी जिंदगी ही आहुति कर दी।

महार जाति में जन्मे बालक भीम राव प्रारंभ से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। अछूतों के लिए स्वतंत्रता समानता और भारतीय भावना पाने के अधिकारों की जोरदार पेशकश करते रहे।सिर्फ इतना ही नहीं इसी राष्ट्रीय व्रत मानकर सक्रिय प्रयास किया और सफल भी रहे। उन्होंने माना कि बिना राजनीतिक सत्ता के लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती और उन्होंने विधान परिषद की सदस्यता स्वीकार कर इस क्षेत्र में अपना कदम आगे बढ़ा दिया। कृषक व मजदूर वर्ग की समस्या से वे अच्छी तरह परिचित थे। बेगार प्रथा, भूमि दासता आदि पर जमकर प्रहार किया। देश की स्वतंत्रता के साथ-साथ दलित एवं शोषितों की स्वतंत्रता के प्रबल पक्षधर भी रहे। वे विश्व की सभी धर्मों का तुलनात्मक अध्ययन कर बौद्ध धर्म को अधिक उपयुक्त समझा। तभी तो संविधान में सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक क्षमता का समावेश किया ।धर्म के प्रति उनका स्पष्ट सोच रहा कि धर्म मनुष्य के लिए है मनुष्य धर्म के लिए नहीं ।जो सभी को परस्पर एक सूत्र में बांधकर रखे वही धर्म है। उन्हें दृढ़ विश्वास था कि मानव कल्याण और जाति कल्याण राजनीतिक चेतना के साथ ही धार्मिक प्रेरणा से ही संभव है। धर्म का संबंध आत्मिक विशुद्ध चेतना से होता है समानता और परतंत्रता से नहीं उसका फल क्षमता और स्वतंत्रता होनी चाहिए भेदभाव और उच्च नीच का नहीं। उनके अनुसार यही आदर्श समाज की कल्पना है इसमें व्यक्ति को निजी संपत्ति रखने का अधिकार के साथ-साथ कार्य स्वतंत्रता हो राजनीतिक दलों को मान्यता हो और हो क्षमता का व्यावहारिक रूप ।अंबेडकर की इस आदर्श समाज में सभी को पूरा न्याय मिलेगा मानवता के आधार पर सभी का व्यवहार होगा कानून और संविधान से ऊपर कोई नहीं होगा। सही मायने में अंबेडकर सुशिक्षा और बौद्धिकता की पक्षधर रहे थे वहीं जातिवाद की उन्मूलन के लिए आजीवन संघर्ष रत रहे।

डॉ आंबेडकर साम्यवादी विचारधारा से प्रभावित रहे थे श्रमिक वर्ग के उत्थान के लिए जहां लेनिन के प्रशंसक रहे वहीं कार्ल मार्क्स के विचारों से मतभेद रखते थे । वे समाज में स्थाई शांति के पक्षधर थे। वे समाज के नैतिक विकास में धर्म की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते रहे ।उनका यह भी तर्क था कि मार्क्स का सिद्धांत इसे तिरस्कृत करने वाला है। वह मानते थे कि मार्क्सवाद आर्थिक परिवर्तन को ही सामाजिक उत्थान का मूल कारण मानता है जबकि बाबा साहेब की दृष्टि में भारतीय समाज व्यवस्था समाज संबंधों पर ही निर्भर नहीं है बल्कि आर्थिक शक्ति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है धर्म की शक्ति। मार्क्सवाद में नैतिकता सर्वहारा वर्ग की हितों की रक्षा करती है पर डॉ अंबेडकर को यह सिद्धांत मान्य नहीं था उनके अनुसार वर्ग नैतिकताएं समाज के पतन का कारण बन सकती है वहां ईमानदारी समाप्त हो जाती है इसलिए वे सभी जातियों और समाज के समान नैतिकता पर विश्वास करते थे। मार्क्सवाद सर्वहारा वर्ग की अधिनायकत्व और एक दलीय पद्धति में विश्वास करता है। जबकि वे संसदीय प्रजातंत्र तथा व्यक्तिक स्वतंत्रता के पक्षधर दिखते हैं। उनकी सोच में विश्व के लिए शांति और सहयोग की आवश्यकता है। जबकि अहिंसात्मक जनतांत्रिक और जनवादी प्रक्रिया मार्क्सवाद में कहीं दिखाई नहीं देती है।

बाबा साहब ऐसे पुरोधा रहे जो समाज के सर्वांगीण विकास में अपना अनुपम योगदान दिया। शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो यह उनका अजर अमर वाक्य जीवन का अमर संदेश देता रहेगा ।आज भी उनके सिद्धांत विश्व शांति एवं विकास के लिए प्रासंगिक हो गया है तभी तो आज सभी सामाजिक संस्थाएं एवं सभी राजनीतिक दल उनके आदर्श पर चलकर नई समाज निर्माण की सीख दे रहा है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं)**

अध्यात्म

## जांच परख कर करें किसी पर विश्वास

किसी समय एक जंगल के बीच में दो तालाब थे। एक तालाब छोटा था, दूसरा बड़ा। ग्रीष्म ऋतु में छोटे तालाब का पानी सूख जाने से उसमें रहने वाले जल-जीवों को कष्ट होने लगा। पर वे कर ही क्या सकते थे? एक दिन एक बगुला आकर उनके बीच में खड़ा हो गया। मछलियों ने पूछा, 'क्यों महाशय, आप यहाँ कैसे पधारे? ' बगले ने कहा, 'क्या करूं, तुम लोगों का दु:ख देखा नहीं जाता। मैं जंगल के दूसरी ओर वाले बड़े तालाब के किनारे रहता हूँ। वहाँ खूब पानी है। परंतु आपका तालाब तो सूख रहा है। ' मछलियों ने कहा, 'जो भाग्य में लिखा होता है वही होता है। जियें या मरें; हमारे लिये इस तालाब को छोड़ और कोई स्थान नहीं है। ' बगुले ने कहा, 'यदि आप विश्वास करें तो मैं एक-एक करके आपको अपनी चोंच से उठाकर उस तालाब में छोड़ आऊँ।' मछलियों ने कहा, 'तुम मछलियों को खा जाते हो। भला, हम तुम्हारा विश्वास कैसे कर सकती हैं? ' बगुला बड़ा धूर्त था। उसने कहा, 'यदि आपमें से एक मेरे साथ चलकर उस बड़े तालाब को देख आवे और यदि मैं उसे फिर आपके पास लाकर छोड़ दूं, तब तो आप मेरा विश्वास अवश्य ही कर लेंगी। सच जानिये, मैंने जन्म भर जो पाप किये हैं आज उनका प्रायश्चित एक अच्छा काम करके करना चाहता हूँ। ' मछलियाँ बहुत सीधी थीं। वे उसके इस प्रस्ताव पर सहमत हो गई। एक छोटी मछ्ली को अपनी चोंच में लेकर बगुला उड़ा और उसे ले जाकर वह बड़ा तालाब दिखाया। जिसमें जल की लहर उठ रही थीं और कमल खिल रहे थे। वापिस आने पर छोटी मछ्ली ने उस तालाब की बड़ी प्रशंसा की। उसकी बातें सुन सब मछलियाँ उस बड़े तालाब में जाने को राजी हो गईं। अब बगुले की बन आई। वह छोटे तालाब से मछलियों को अपनी चोंच में दाबकर अपने घोंसले पर ले जाने लगा। इस प्रकार उसने तथा उसके परिवार ने मिलकर सब मछलियाँ खा डालीं। अंत में एक केकड़ा बच रहा। उसने कहा, 'बगुला भाई ! मैं तो मछ्ली नहीं हूँ। तुम्हें मुझे चोंच में सम्हालने में कष्ट होगा। अपनी इन अनेक टाँगों के सहारे में तुम्हारे गले से चिपट जाऊँगा और तालाब के पास पहुँच कर धीरे से जल में कूद पड़ूंगा।' इतनी मछलियाँ खाकर बगुले का लोभ बहुत बढ़ गया था। उसने सोचा, 'घोसले में चल कर इसे भी ठिकाने लगा दूंगा।' वह राजी हो गया। केकड़ा बगुले की गर्दन से लिपट गया। घोंसले के पास पहुँचकर केकड़ा बोला, 'भाई साहब ! तालाब कहाँ है?' बगुले ने कहा, 'सब अभी बताता हूँ। जरा नीचे उतरो।' केकड़ा सब समझ गया। उसने अपनी टांगों से बगुले की गर्दन को इतना कसा कि उसके प्राण निकल गए। इसलिए किसी पर भी जांच परख कर विश्वास करना चाहिए।

# कैसे सुधरे भारतीय पुलिस स्टेशनों की दयनीय स्थिति

**रजनीश कपूर**

आज जब सरकार 'डिजिटल इंडिया' और 'मॉडर्न पुलिसिंग' का नारा लगाती है, तब भी देश के अधिकांश पुलिस स्टेशन उसी औपनिवेशिक युग की इमारतों में कैद हैं। बुनियादी सुविधाओं की कमी, जर्जर इंफ्रास्ट्रक्चर और पुरानी व्यवस्था न केवल पुलिस कर्मियों के काम को बाधित कर रही है, बल्कि आम जनता के लिए भी ये स्टेशन आतंक का प्रतीक बने हुए हैं। 2025 की इंडिया जस्टिस रिपोर्ट के अनुसार, 83 प्रतिशत पुलिस स्टेशनों में कम से कम एक सी.सी.टी.वी. कैमरा जरूर लगा है लेकिन ऐसे कई मामले हैं जिनमें सुप्रीम कोर्ट के मानकों का पालन असंगत है। 78 प्रतिशत स्टेशनों में महिला हैल्पडैस्क बने हैं, फिर भी महिला पुलिसकर्मियों का राष्ट्रीय औसत मात्र 12 प्रतिशत है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्टेशनों की संख्या 2017-22 के बीच 7 प्रतिशत घट गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में 4 प्रतिशत बढ़ी।

जनवरी 2023 के केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देश में 17,849 पुलिस स्टेशन हैं, जिनमें से 58 में वाहन नहीं, 680 में लैंडलाइन फोन नहीं और 282 में मोबाइल फोन तक नहीं हैं। कई स्टेशनों में बिजली, इंटरनैट और डिजिटल साक्षरता की भारी कमी है। बी.पी.आर.डी. (ब्यूरो आफ पुलिस रिसर्च एंड डिवैल्पमैंट) ने आधुनिक पुलिस स्टेशन भवनों के लिए मानक तय किए हैं, जिनमें आगंतुकों के लिए प्रतीक्षा कक्ष, शौचालय, जांच कक्ष और रिकॉर्ड रूम शामिल हैं लेकिन ज्यादातर राज्यों में इनका पालन नाममात्र का है। असिस्टैंस टू स्टेट्स फॉर मॉडर्नाइजेशन ऑफ पुलिस (ए.एस.यू.एम.पी.) योजना के तहत केंद्र ने 2025-26 में 540 करोड़ रुपए आबंटित किए लेकिन इसमें भी उपयोगिता कम पाई गई। सवाल उठता है कि यह जर्जर इंफ्रास्ट्रक्चर पुलिस के कार्य को किस तरह बाधित कर रहा है? स्टेशन हाऊस ऑफिसर (एस.एच.ओ.) को 24 घंटे ड्यूटी पर रहना पड़ता है लेकिन ज्यादातर थानों में न तो आराम कक्ष ठीक हैं, न बैरक स्वच्छ। मैनुअल पेपरवर्क, पुराने रिकॉर्ड और भीड़भाड़ के कारण जांच में देरी होती है। जनता शिकायत दर्ज कराने आती है तो प्रतीक्षा कक्ष न होने से खुले में खड़ी रहती है। महिला आगंतुकों के लिए अलग शौचालय की कमी आम है। परिणामस्वरूप, पुलिस पर भरोसा घटता है और अपराधी लाभ उठाते हैं। सबसे दर्दनाक स्थिति मालखाने (पुलिस रिकॉर्ड रूम) की है। यहां सबूत, हथियार, नशीले पदार्थ और संपत्ति रखी जाती है लेकिन ज्यादातर स्टेशनों में यह कमरा गंदा, भीड़भाड़ वाला और असुरक्षित होता है। मैनुअल रजिस्टर, चूहों-कीड़ों का आतंक और अपर्याप्त जगह के कारण सबूत बिगड़ जाते हैं। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 2024 में चूहों द्वारा सबूत नष्ट होने पर डी.जी.पी. को आदेश दिया था कि मालखाने की नियमित देखभाल हो। दिल्ली के कई स्टेशनों में एक मालखाना अधिकारी के पास हजारों एग्जिबिट्स होते हैं, लेकिन स्टाफ की कमी से घंटों खोजबीन करनी पड़ती है। इससे सबूतों से छेड़छाड़, गुम होने या अदालत में अस्वीकार होने की घटनाएं आम हैं। कुछ राज्यों में ई-मालखाना शुरू हुआ है, जहां बारकोड और डिजिटल ट्रैकिंग से पारदर्शिता आई लेकिन यह पूरे देश में लागू नहीं हुआ।

इसी तरह, जब्त वाहनों की समस्या पर्यावरणीय आपदा बन चुकी है। देश भर के पुलिस स्टेशनों में हजारों जब्त कारें, बाइक व अन्य छोटे-बड़े वाहन सड़ रहे हैं, जो कि थानों से सटी सड़कों पर खड़े रहते हैं और यातायात बाधित करते हैं। आग लगने का जोखिम तो हमेशा बना ही रहता है। पंजाब सरकार ने हाल ही में आदेश दिया कि सभी जब्त वाहन शहर से बाहर स्क्रैप यार्ड में शिफ्ट किए जाएं लेकिन अन्य राज्यों में ऐसा नहीं हुआ। ऐसे में सुधार कैसे हो? सबसे पहले, बी.पी.आर.डी. के मॉडल पुलिस स्टेशन मानकों को सख्ती से लागू किया जाए। हर स्टेशन में डिजिटल रिकॉर्ड रूम (ई-मालखाना), सी.सी.टी.वी. नाइट विजन, पर्याप्त शौचालय, प्रतीक्षा कक्ष और महिला हैल्पडैस्क अनिवार्य हों।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर: राष्ट्रवाद, संविधान और एकीकृत भारत की परिकल्पना



**पंकज कुमार**

डॉ. भीमराव अम्बेडकर आधुनिक भारत के महान विचारकों, समाज-सुधारकों, अर्थशास्त्रियों और संविधान-निर्माताओं में से एक थे, जिन्होंने भारतीय राष्ट्रवाद को एक नई दिशा दी। उनका राष्ट्रवाद केवल राजनीतिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं था, बल्कि वह सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और मानव गरिमा पर आधारित एक समावेशी राष्ट्र की परिकल्पना थी। उन्होंने भारत को ऐसे आधुनिक राष्ट्र के रूप में देखा जहाँ प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, अवसर और सम्मान प्राप्त हो।

डॉ. अम्बेडकर का राष्ट्रवाद व्यापक, तार्किक और वैज्ञानिक था। वे मानते थे कि किसी भी राष्ट्र की मजबूती केवल उसकी राजनीतिक व्यवस्था पर नहीं, बल्कि उसकी सामाजिक एकता और आर्थिक समानता पर निर्भर करती है। उनका यह दृष्टिकोण भारत जैसे विविधता-पूर्ण देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहाँ अनेक धर्म, भाषाएँ, जातियाँ और संस्कृतियाँ एक साथ मौजूद हैं।

17 मई 1929 को बंबई विधान परिषद द्वारा साइमन कमीशन को दी गई रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने से उन्होंने इनकार कर दिया और अपनी स्वतंत्र रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट में उन्होंने प्रांतों के पुनर्गठन पर अपने स्पष्ट विचार रखे। वे इस बात के विरोध में थे कि केवल भाषा के आधार पर राज्यों का विभाजन किया जाए, जैसे कर्नाटक को तत्कालीन बॉम्बे प्रांत से अलग करना। उनका मानना था कि ऐसा करने से राष्ट्रीय एकता कमजोर हो सकती है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की सबसे बड़ी आवश्यकता ÷संयुक्त राष्ट्रीयता÷ की भावना विकसित करना है। उनके अनुसार, प्रत्येक नागरिक को स्वयं को सर्वप्रथम भारतीय मानना चाहिए और उसके बाद किसी धर्म, भाषा या क्षेत्रीय पहचान को रखना चाहिए। यदि यह भावना मजबूत होती है, तो क्षेत्रीयता और विभाजनकारी राजनीति को रोका जा सकता है।

डॉ. अम्बेडकर के अनुसार, राष्ट्र केवल भौगोलिक इकाई नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक और ऐतिहासिक चेतना है। राष्ट्र का निर्माण केवल भूमि से नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति, परंपराओं और साझा इतिहास से होता है। वीरतापूर्ण घटनाएँ और सांस्कृतिक धरोहरें राष्ट्र की सामाजिक पूंजी बनती हैं, जो उसके भविष्य को आकार देती हैं।

उनका राष्ट्रवाद अत्यंत व्यावहारिक था। वे मानते थे कि जातिवाद और सामाजिक असमानता किसी भी राष्ट्र की प्रगति में सबसे बड़ी बाधाएँ हैं। यदि समाज में भेदभाव रहेगा, तो राष्ट्र कभी भी मजबूत नहीं बन सकता। इसलिए उन्होंने सामाजिक न्याय को राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण शर्त माना।

### उनका प्रसिद्ध कथन–

*मैं उस धर्म को अस्वीकार करता हूँ जो मानवता के विकास में बाधा बने और जो मुझे हीन समझे– *

उनकी समानता और मानव गरिमा के प्रति गहरी आस्था को दर्शाता है।

राष्ट्र निर्माण के लिए डॉ. अम्बेडकर ने चार आधार बताए–सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तिकरण, राजनीतिक भागीदारी और आत्म-सम्मान। शिक्षा समाज को जागरूक बनाती है, आर्थिक स्वतंत्रता व्यक्ति को मजबूत बनाती है, राजनीतिक भागीदारी लोकतंत्र को सशक्त करती है और आत्मसम्मान व्यक्ति तथा राष्ट्र दोनों को आगे बढ़ाता है।

उन्होंने सांप्रदायिकता, जातिवाद और विभाजनकारी राजनीति का विरोध किया और संवैधानिक नैतिकता को राष्ट्र की नींव बताया। उनके अनुसार, संविधान केवल कानून नहीं है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है।

अपने आर्थिक लेखन में उन्होंने ब्रिटिश शासन की नीतियों की आलोचना की। उन्होंने बताया कि ÷ट्रिब्यूट÷ और ÷ट्रांसफर ऑफ वेल्थ÷ के माध्यम से भारत का आर्थिक शोषण हुआ, जिससे देश की संपत्ति बाहर जाती रही और भारत कमजोर होता गया। यह उनकी वैज्ञानिक सोच और राष्ट्रवादी दृष्टिकोण का प्रमाण है। डॉ. अम्बेडकर ने संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय के सिद्धांतों को भारत के लोकतंत्र की नींव बनाया। आज भारत जिन समस्याओं–जातिवाद, असमानता और क्षेत्रीयता–का सामना कर रहा है, उनमें उनके विचार अत्यंत प्रासंगिक हैं। यदि हम उनके विचारों को अपनाएँ और स्वयं को पहले भारतीय मानें, तो हम एक सशक्त, एकीकृत और प्रगतिशील भारत का निर्माण कर सकते हैं।

**( लेखक उप-महाप्रबंधक(सी.एंड आई.),पी.वी. यू. एन. एल. पतरातु हैं )**

# संघर्ष की भट्टी में तपकर ही कुंदन बनता है जीवन

**दीपिका शर्मा**

धरती पर जीवन अगर बिना चुनौतियों के होता, तो क्या हर कोई सच में खुश होता? शायद नहीं। दरअसल, किसी लक्ष्य को पाने के बाद जो संतोष मिलता है, वह केवल परिणाम से नहीं, बल्कि उस तक पहुंचने की यात्रा से जन्म लेता है। असफलता के बाद खुद को तराशने का जो अवसर मिलता है और फिर सफलता के साथ जो अनुभूति होती है, वही जीवन को सार्थक बनाती है। अगर ये संघर्ष और ठोकरें न हों, तो जीवन नीरस, अधूरा और लक्ष्यहीन हो जाए।

आज रफ्तार में तेजी का समय है, जहां हर कोई जल्दी से जल्दी सब कुछ पाना चाहता है। चाहे बात करिअर की हो या रिश्तों की, धैर्य और निरंतर प्रयास की जगह अधीरता तथा त्वरित परिणामों की चाह ने ले ली है। विशेष रूप से नई पीढ़ी के सामने एक ऐसी दुनिया है, जहां हर प्रश्न का उत्तर एक 'क्लिक' पर उपलब्ध है। विद्यार्थी जब किसी प्रश्न में अटकते हैं, तो तुरंत कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ या इंटरनेट का सहारा ले लेते हैं। धीरे-धीरे यह सुविधा एक आदत बनती जा रही है- चुनौतियों से बचने की आदत। यह आदत देखने में आसान जरूर लगती है, लेकिन इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। जब हम हर कठिनाई से बचने लगते हैं, तो हमारा मस्तिष्क भी कम सक्रिय होता जाता है। सोचने, समझने और समस्या-समाधान की क्षमता कमजोर पड़ने लगती है। इसके साथ ही, तुरंत पाने की तीव्र इच्छा भी बढ़ती जाती है, जो संतोष को कम और असंतोष को अधिक बढ़ाती है। असफलता जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है, लेकिन आज की पीढ़ी के लिए उसे स्वीकार करना और समझना एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। जब हम बिना प्रयास के सब कुछ पाने के आदी हो जाते हैं, तो छोटी-सी असफलता भी हमें तोड़ देती है। जबकि सच्चाई यह है कि असफलता ही हमें अपने भीतर झांकने और खुद को बेहतर बनाने का अवसर देती है। एक प्रसिद्ध कहावत है- 'करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान।' यानी निरंतर अभ्यास से एक साधारण व्यक्ति भी बुद्धिमान बन सकता है। अगर अभ्यास के स्थान पर केवल 'एक क्लिक' रह जाए, तो यह विकास संभव नहीं है। ज्ञान केवल जानकारी से नहीं, बल्कि अनुभव और प्रयास से आता है। जीवन का अर्थ यह नहीं कि सब कुछ आसानी से मिल जाए। वह जीवन ही क्या, जो चुनौतियों और संघर्षों से वंचित हो! असली सुंदरता इन्हीं उतार-चढ़ावों में छिपी होती है। चुनौतियां न केवल हमारे धैर्य की परीक्षा लेती हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

जीवनसाथी के साथ उत्तम समय का आनन्द उठायेंगे। माता-पिता आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहने वाले हैं। कुछ तीखे और मीठे अनुभव एक साथ होंगे।

**वृषभ**

जीवनसाथी के साथ उत्सव का आनन्द उठायेंगे। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा। आपकी योग्यता के आधार पर बहुत से उलझे हुये काम हो जायेंगे।

**मिथुन**

आज आप अपने काम के प्रति पूरी तरह से एकाग्र रहेंगे। पहले किये गये श्रम का आज लाभ प्राप्त होगा। पति-पत्नी के आपसी सम्बन्धों में मधुरता आयेगी।

**कर्क**

आज दूसरों से अधिक अपेक्षा रखना आपके लिये नुकसानदेह हो सकता है। व्यवसाय में बड़ी साझेदारी करने से आपको बचना चाहिये।

**सिंह**

युवाओं को करियर सम्बन्धी शुभ समाचार मिल सकते हैं। घर से दूर नौकरी करने वाले लोग छुट्टी ले सकते हैं। रुके हुये काम होने से मन शान्त रहेगा।

**कन्या**

आज आप तरोताजा महसूस करेंगे। किसी अधिकारी के सहयोग से आपके काम हो सकते हैं। महिला जातक आज घर पर अच्छा समय बितायेंगी।

**तुला**

घर में धर्म-कर्म का वातावरण रहेगा। आपका धन अनावश्यक कार्यों में खर्च हो सकता है। विवादित मामलों में हस्तक्षेप करने से आपको बचना चाहिये।

**वृश्चिक**

कार्यक्षेत्र में आपको काफी अहमियत दी जायेगी। आय के नये स्रोत बन सकते हैं। गूढ़ विद्याओं को सीखने का प्रयास कर सकते हैं।

**धनु**

आज का दिन कमजोर रहने वाला है। जीवनसाथी से किसी बात पर झगड़ा हो सकता है। नजदीकी लोग आपकी आलोचना कर सकते हैं, जिसके कारण आपका मन व्यथित होगा।

**मकर**

व्यापार में बड़ी उपलब्धियाँ मिलने की सम्भावना बन रही है। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन अत्यधिक सुखद रहने वाला है। घर में स्वादिष्ट भोजन का आनन्द उठायेंगे।

**कुंभ**

कार्यक्षेत्र में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। मांगलिक कार्यक्रमों में सम्मिलित हो सकते हैं। सन्तान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे।

**मीन**

कारोबार में मनोवान्छित परिणाम मिलने से आपका मन प्रसन्न होगा। सरकारी कार्यों में बाधायें आ सकती हैं। काल्पनिक विचारों का प्रभाव आपके ऊपर रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार



लुमिया कैफे एवं रेस्टोरेंट का हुआ भव्य उदघाटन।

### रील बनाने के चक्कर में युवक ट्रेन से गिरकर जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन के पश्चिम रेल फाटक के पास सोमवार के दिन इएमयू ट्रेन से पटना जाने के दौरान ट्रेन के गेट पर खड़ा होकर रील बनाने के चक्कर में ट्रेन का हैंडल से हाथ फिसल कर छूट गया और एक युवक पटरी पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। ट्रेन से गिरते देखकर लोगों ने शोर मचाया और उसे उठाकर जल्दबाजी में बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल पहुंचा दिया जहां युवक की इलाज कराई गई, युवक के माथे के पिछले हिस्से में गंभीर चोटे आई है। घटना की जानकारी मिलते ही रेल पुलिस की महिला सिपाही विनीता कुमारी मौके पर पहुंचकर की स्थानीय लोगों के सहयोग से युवक के मोबाइल से परिजनों को इसकी सूचना दी गई। जल्दबाजी में पंडारक थाना क्षेत्र के लेमुवाबाद गांव ससुराल से उसकी पत्नी और ससुर अस्पताल पहुंचकर इलाज करने में लग गए हैं। युवक की पहचान अमित कुमार बिंद थाना नालंदा निवासी के रूप में हुआ है। युवक की पत्नी ने बताई की वह ससुराल से ही कुछ घंटा पहले निकले थे और पटना जाने की बात कही थी तभी मोबाइल पर सूचना मिलने के बाद पहुंची हूं बाद में परिजन अपने साथ घायल को घर ले गए।

### डायल 112 के सिपाही सड़क हादसे में घायल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार के दिन एक सड़क दुर्घटना में डायल 112 में तैनात एक पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायल सिपाही को तुरंत इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। महिला सिपाही सीमा कुमारी के अनुसार, बाढ़ थाना में डायल 112 में कार्यरत पुलिसकर्मी संतोष कुमार अपनी ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए बाइक से बख्तियारपुर से बाढ़ आ रहे थे। इसी दौरान बाढ़ थाना क्षेत्र के मलाही के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में चालक सिपाही संतोष कुमार के पैर में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद मौके पर डायल 112 की पुलिस पहुंची एवं उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल सिपाही का इलाज बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में कराया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### अवैध वसूली के खिलाफ ऑटो चालकों ने किया हंगामा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार की सुबह कचहरी चौक के पास ऑटो चालकों ने बीच सड़क पर ऑटो लगाकर जबरदस्त हंगामा किया। ऑटो चालक का कहना है कि बाढ़ नगर परिषद एक है लेकिन यहां नगर परिषद के द्वारा अलग-अलग रंग का रसीद छपवाकर दो ठेकेदार अलग-अलग टैक्स की वसूली कर रहे हैं। एक ही ऑटो चालक को ब्लॉक के पास एक टैक्स दूसरा कचहरी रोड से एसबीआर कॉलेज के बीच और तीसरा स्टेशन एरिया में रेलवे स्टैंड का टैक्स देना पड़ता है। तो नगर परिषद क्षेत्र में पड़ने वाले इन इलाकों में नगर परिषद का कौन सा सही टैक्स काट रहा है यह अभी तक पता नहीं चला है। 2 दिन पहले बाढ़ थाना में ठेकेदारों की बैठक पुलिस के बीच की गई थी लेकिन कोई निर्णय नहीं निकलने के बाद फिर सभी लोग मनमानी पर उतर आए हैं। जिसके चलते ऑटो चालकों को भारी टैक्स चुकाना पड़ रहा है। ऑटो चालकों ने अब इसकी शिकायत एसडीएम बाढ़ से करने की बात कही है। ऑटो चालक ने बताया कि बिना स्टैंड के रोड टैक्स चुकाना पड़ रहा है ऑटो यदि सड़क किनारे खड़ा की जाती है तो पुलिस वाले डंडा मारते हैं और सड़क पर दौड़ती है तो अवैध वसूली करने वाले रंगदारी से पैसा लेते हैं जाए तो हम लोग कहां जाएं।

### 40 लीटर देसी शराब जब्त, 2000 जावा महुआ गुड घोल नष्ट



मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान सोमवार को लहसुना थाने की पुलिस ने गुरपतिचक गांव में सघन छापेमारी की है, जहां तकरीबन 40 लीटर देसी शराब को जप्त किया गया है इसके अलावा 2000 किलो जावा महुआ गुड घोल को नष्ट किया गया है, थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर ताबड़तोड़ लगातार विभिन्न मुसहरी में अवैध देशी शराब के खिलाफ छापेमारी की जा रही है, और लगातार चिन्हित शराब धंधेबाज के उपर कारवाई भी की जा रही हैं। ऐसे में सोमवार को गुरपतिचक में कई टीम बनाकर चारों तरफ से मुसहरी को घेर कर कारवाई की गई, हालांकि छापेमारी के दौरान सभी शराब धंधेबाज भागने में सफल रहे, जिसे चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

### नशे के खिलाफ पुनपुन पुलिस की कार्रवाई, नौ पियक्कड़ गिरफ्तार



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नशे के खिलाफ पुनपुन पुलिस ने सोमवार की देर शाम को एक विशेष समकालीन अभियान चलाकर पुलिस की कई टीम तवातोड़ कार्रवाई की, जहां कुल 9 पियक्कड़ को गिरफ्तार किया है, इस कार्रवाई से आसपास के इलाकों में हड़कंप मची रही, दरअसल बताया जा रहा है कि वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश के अनुसार एक विशेष समकालीन अभियान नशे के खिलाफ चलाई गई थी जहां शराब पीकर जाने वाले वैसे लोगों को चिन्हित करते हुए एक सघन जांच अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पुनपुन के कई हिस्सों में छापेमारी की गई है जिसमें कई लोग गिरफ्तार किए गए हैं गिरफ्तार पियक्कड़ों में कौशल किशोर उम्र करीब 42 वर्ष पिता मंदारिक सिंह ग्राम परसा, दीपक उम्र करीब 28 वर्ष पिता रामरतन सा. मोहम्मदपुरदीना थाना मोहम्मदी जिला लखिमपुरखिरी, उत्तर प्रदेश 03. रविन्द्र सिंह उम्र करीब 65 वर्ष पिता स्व. बुलाकी सिंह सा. रसिलचक थाना पुनपुन जिला पटना 04. मुकेश कुमार उम्र करीब 28 वर्ष पिता योगी रविदास 05. राकेश कुमार उम्र करीब 28 वर्ष पिता तुलसी प्रसाद दोनो ग्राम खपड़ैल चक थाना परसा बाजार , 06. सुजीत कुमार उम्र करीब 25 वर्ष पिता धनु राम सा० सबलपुन, 07. आकाश कुमार उम्र करीब 20 वर्ष पिता निर्मल मांझी सा० खैरूदीनचक थाना पुनपुन 08. उमाशंकर दास उम्र करीब 55 वर्षी पिता स्व. महेन्द्र दास सा. नेकनामा थाना मीनापुर जिला मुजम्फरपुर 09. रघुवीर महतो उम्र करीब 46 वर्षी पिता स्व. मदन महतो सा. तीसवारा थाना ताजपुर जिला समस्तीपुर के विरूद्ध कारवाई की गई है।

### आज से अग्नि शमन सप्ताह दिवस का आयोजन, टीम तैयार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी अनुमंडल के तीनों प्रखंड के विभिन्न पंचायत में मंगलवार से प्रत्येक गांव में आग से सुरक्षा, बचाव को लेकर अग्निशमन विभाग के द्वारा अग्निशमन सप्ताह (14-20 अप्रैल) मनाया जाना है। जिसकी शुरूआत सबसे पहले अग्निशमन विभाग में शहीद हुए पुलिसकर्मियों को शहादत देते हुए उन्हें स्मरण करते हुए इसकी शुरूआत की जाएगी,उसके बाद निर्धारित शेड्यूल के अनुसार आग से सुरक्षा के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इसका उद्देश्य शॉर्ट सर्किट, गैस रिसाव और अन्य कारणों से लगने वाली आग की रोकथाम और बचाव के तरीके बताना है। इसमें आवासीय क्षेत्रों, स्कूलों, मॉल और अस्पताल, होटल ढाबा औद्योगिक इकाइयों में अग्निशमन यंत्र के इस्तेमाल का व्यावहारिक प्रदर्शन की सेफ्टी जांच मॉनिटरिंग आदि शामिल है। इसके अलावा अस्पतालों, और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में मॉक ड्रिल आयोजित करना।और फायर स्टेशन पर कार्यक्रम मे प्रभात फेरी, और पम्फलेट के माध्यम से लोगों को आग की रोकथाम के प्रति सूचित करना। घर में बिजली के उपकरणों की जांच, पूजा के दीपक को सुरक्षित रखना, और ज्वलनशील पदार्थों के उचित भंडारण के बारे में जानकारी। अग्निशामक यंत्र,भवनों में अग्निशामक यंत्र लगाने और उनके उपयोग के तरीके का प्रदर्शन।



# पैक्स अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों को चुनाव चिह्न आवंटित


**तीन अध्यक्ष एवं तीन कार्यकारिणी सदस्यों ने लिया नाम वापस**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी प्रखंड के तिन पैक्स के अध्यक्ष व सदस्य पद के लिए होने वाले चुनाव के लिए सोमवार को उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया है। निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ प्रभाकर कुमार ने बताया कि बारा,नदौल,और चरमा पैक्स से अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए उम्मीदवार की ओर से नामांकन पत्र की स्क्रुटनी व नाम वापसी के पश्चात चुनाव चिन्ह को सूचना पट पर लगा दिया गया है। इसके साथ ही चुनाव चिन्ह से संबंधित एक प्रति उम्मीदवार का सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि चरमा पैक्स अध्यक्ष के लिए फुलमंति देवी पति स्वर्गीय राधा कृष्ण एवं संगीता देवी पति राजीव कुमार निरंजन एवं नदौल फैक्स के अध्यक्ष पद पर अंजली कुमारी पति अमित कुमार और कार्यकारिणी सदस्यों में कंचन कुमारी (एससी), रंजीत कुमार (सामान्य), आदित्य कुमार (सामान्य) ने अपना नामांकन वापस लिया है। ऐसे में अब बारा पैक्स में अब सिर्फ अध्यक्ष पद के लिए सहजानंद शर्मा एवं नदौल पैक्स में राजेंद्र प्रसाद निर्विरोध हो चुके हैं, वही चरमा पंचायत में अब दो अभ्यर्थियों के बीच आमने-सामने की लड़ाई है, इसके अलावा चरमा पैक्स, बारा पैक्स और नदौल पैक्स में सिर्फ कार्यकारीणी सदस्यों का चुनाव होगा, आगामी 20 अप्रैल को पैक्स चुंनाव को लेकर मतदान होना है इसके अलावा 21 अप्रैल को मतगणना होगी उसी दिन निर्विरोध चुने गए अभ्यर्थियों को जीत का प्रमाण पत्र मिलेगा। बहरहाल चुनाव चिन्ह मिलते ही सभी प्रत्याशीयों के बिच चुनावी सरगर्मी भी बढ़ गई है।

## प्राइवेट क्लीनिक संचालक निकला अवैध हथियार का सौदागर





**8 महीने तक जेल की सजा काटी है पूर्व में त्रिपुरारी कुमार सिंह**

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के बेलछी थाना अंतर्गत सिकंदरा-बराह नदी पुल के पास 'खुशी राज हॉस्पिटल' प्राइवेट नर्सिंग होम के संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर ली है उसके पास से दो देसी कट्टा, एक एयर गन 15 जिंदा कारतूस एक मैगजीन और कई पिस्तौल का कवर भी बरामद होने के साथ-साथ पुलिस ने 125000 नगद भी बरामद किए हैं बेलछी थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्लीनिक के संचालक त्रिपुरारी कुमार सिंह के द्वारा स्वास्थ्य सेवा के नाम पर अवैध हथियार का कारोबार किया जा रहा है। इसके बाद वरिष्ठ पदाधिकारी के आदेश पर बेलछी और सकसोहरा थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी करते हुए रविवार की देर रात्रि सभी सामान बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले को लेकर बेलछी थाना परिसर में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बाढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाढ़-02 आयुष श्रीवास्तव के द्वारा जानकारी दी गई। त्रिपुरारी के आपराधिक इतिहास के बारे में पुलिस ने बताया कि नवादा जिला के काशीचक थाना क्षेत्र में एक अपहरण मामले में भी त्रिपुरारी की गिरफ्तारी हुई थी और 8 महीना जेल काटने के बाद बाहर निकाला था। पुलिस ने बताया कि हथियार कारोबार में कौन-कौन से लोग लिप्त हैं इसकी भी जानकारी इकट्ठा की जा रही है।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग से चार बीघे की खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी एवं धनरूआ में इन दिनों आग लगी की घटनाएं जोर हो गई है, प्रत्येक दिन किसी ने किसी गांव में गेहू की खड़ी फसल में आग लग जाने से लाखों का नुकसान हो रहा है, महीनो भर की मेहनत है चंद मिनट में जलकर खाक हो जा रही है। ऐसे में सोमवार को मसौढी थाना क्षेत्र के धनौती और नदौल के सिवाना पर चिरैया खंदा में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग जाने से तकरीबन चार बिघे की गेहूं की खड़ी फसल जलकर खाक हो गई है। पीड़ित किसान देवेंद्र सिंह की गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई थी,जहाँ देखते ही देखते आग की लपटे इतनी तेज थी कि वहां तक दमकल की गाड़ियां पहुंचते पहुंचते देर हो चुकी थी और सब कुछ जलकर खाक हो गया था, आग की लप्टे और चल रही पछुआ हवा के कारण आग बहुत तेज थी आग बुझाते बुझाते सब कुछ खाक हो गया था। पीड़ित किसान देवेन्द्र सिंह ने बताया कि तकरीबन चार बीघे में गेहूं की हमारी फसल लगी हुई थी कुछ दिन के बाद कटाई भी होनी थी, तैयारी हो चुकी थी लेकिन आज दोपहर में अचानक आग लग गई है और देखते ही देखते सभी फसल जलकर खाक हो गया है महीनों का मेहनत खत्म हो गया है।

### दुकानदार को झांसा देकर सोने की नौ अंगूठी की चोरी

**तीन महिला चोर पर शक, दुकानदार ने थाने में दिया आवेदन**

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सबसे बडे.बाजार अथमलगोला स्टेशन बाजार (बहादुरपुर रोड) के एक ज्वेलरी दुकान में एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है।जहाँ दिनदहाड़े तीन महिला चोरो ने दुकानदार को झांसा देकर डब्बे में रखे नौ सोने की अंगूठी को गायब कर दिया। और एक सकार्पियो में बैठकर फरार हो गई। जानकारी के अनुसार न्यू बहुरानी नामक ज्वेलरी दुकान के प्रोपराइटर निपू कुमार रोज की तरह रविवार को दुकान खोलकर बैठे हुए थे, रविवार संध्या करीब 04 बजे तीन अज्ञात महिला ग्राहक उसके दुकान में आये और बारी बारी से चांदी का पायल,सोने का नग व सोने की अंगूठी दिखाने को कहा। दुकानदार ने तीन चार डब्बे निकालकर उन सभी महिलाओं को समान दिखाया। एक महिला बोली की आप इसको पैक करके रखिये हमलोग दवा लेकर आते हैं, फिर वो सभी महिला ज्वेलरी दुकान से निकलकर दक्षिण दिशा की ओर चली गई।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर स्वास्थ्य जागरूकता पदयात्रा एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं IQAC के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर 'स्वास्थ्य जागरूकता पदयात्रा' एवं एक विशेष व्याख्यान का आयोजन कौटिल्य सभागार में किया गया। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय की स्थापना के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने युवाओं को उनके सिद्धांतों को आत्मसात कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। प्रो. (डॉ.) रूपम, समन्वयक, IQAC ने कहा कि अंबेडकर जी ने समानता, शिक्षा और अधिकारों की जो नींव रखी, वही एक समतामूलक समाज के निर्माण की आधारशिला है। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. उमेश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य जागरूकता पदयात्रा के माध्यम से समाज में स्वच्छता, पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों में डॉ. विजय कुमार सिन्हा, प्रो. अंजली प्रसाद, डॉ. शशि भूषण चौधरी एवमडॉ. उषा किरण ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. विनय भूषण कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. शाइस्ता नूरी, डॉ. नूतन कुमारी, डॉ हंस कुमार सिंह, डॉ सोनू प्रताप, डॉ. शशि शेखर,डॉ. दीपिका, डॉ चंद्रशेखर, डॉ. मुकुंद कुमार, डॉ उमेश कुमार, डॉ. अमृतान्शु कुमार के साथ ही NSS स्वयंसेवकों, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

## स्वास्थ्य में सुधार के दावों के बीच मसौढी में कई स्वास्थ्य केंद्र चल रहे हैं किराए के मकान में, नहीं है अपना भवन



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के दावों के बावजूद, जमीनी हकीकत यह है कि दर्जनों प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र अभी भी बिना अपने भवन के काम कर रहे हैं। ये केंद्र वर्षों से किराए के, जर्जर या अन्य सरकारी भवनों में संचालित हो रहे हैं, जिससे मरीजों और कर्मचारियों को भारी असुविधा हो रही है।अधिकांश केंद्र गंदगी, टूटी खिड़कियों और दरवाजों के बीच संचालित हो रहे हैं,भवन के अभाव और जर्जर स्थिति के कारण कई केंद्रों पर स्वास्थ्य कर्मी तैनात नहीं रहते हैं, जिससे प्राथमिक चिकित्सा में बाधा आती है। सरकार द्वारा पंचायतवार उप स्वास्थ्य केंद्र की योजना के तहत बेहतर इलाज का वादा किया गया था, लेकिन अपने भवन के बिना ये केंद्र अपनी उपयोगिता खो रहे हैं।बहरहाल मसौढ़ी प्रखंड के अंतर्गत 18 ऐसे प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र है जिसका अपना भवन नहीं है, जैसे में बलियारी गांव में पंचायत भवन में चल रहा है, करवा में समुदायिक भवन में, पीपला में किराए के मकान में, चिथौल में किराए के मकान में, गोखुला, डेवां, खरौना, नदौल, नियामतपुर,पचपनपर, रौनिया, दहिभता, खरांट, अकौना, घोरहुआं, हांसाडीह, हरबंशपुर आदि गांव में किराया के मकान में प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र चल रहे हैं। वहीं 9 प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र का अपना भवन है। इस मामले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ रामानुज ने कहा कि सरकार के पास भवन बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है और लगातार सूचनाए भेजी जा रही हैं इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढी का भी भवन कई हिस्सों में जर्जर स्थिति में हैं जिसे बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

### भाजपा नेताओं ने मैट्रिक परीक्षा में अव्वल छात्र को किया सम्मानित

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर नगर मंडल के मोहनपुर गांव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में मनेर प्रखण्ड के सेकंड टॉप स्थान प्राप्त करने वाले छात्र करण कुमार को सम्मानित किया।मनेर के मोहनपुर निवासी बंधन कुमार के पुत्र करण कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में 466 अंक लाया है। छात्र करण व उनके शिक्षक संजय कुमार को अंग वस्त्र एवं मिठाई खिलाकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार शर्मा एवं मंडल अध्यक्ष दीपक सोनी द्वारा बधाई एवं मनेर का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया। राजकुमार शर्मा ने कहा कि छात्र करण के उज्जवल भविष्य की कामना करते है। ग्रामीण इलाका में बगैर किसी निजी कोचिंग सेंटर से पढ़े और घर पर तैयारी करके इतने अच्छे अंक ला रहे है, इससे साफ झलक रहा है कि गांव में भी प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत है इसे निखारने की।

## जहां पड़े कदम गांधी के, एक कदम गांधी के साथ मसौढी धनरूआ में गांधी यात्रा का आयोजन



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सर्वसेवा संघ और बिहार सर्वोदय मंडल के संयुक्त तत्वावधान में बिहार में पटना से चंपारण तक 10 से 22 अप्रैल 2026 तक बिहार प्रदेश में सांप्रदायिक सदभावना मजबूत करने हेतु गांधी यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह यात्रा जहां गांधी जी आजादी के बाद सांप्रदायिक दंगा को खत्म करने हेतु दौरा किए थे, इन स्थानों पर इस यात्रा जत्था वीर ओरियारा हाई स्कूल पहुंच कर नुक्कड़ सभा की, वीर पंचायत के राजकीय बुनियादी विद्यालय, (गांधी आश्रम), नौरंगाबाद में सभा,साईं गांव में नुक्कड़ सभा। तारेगाना रेल्वे स्टेशन पर नुक्कड़ सभा। गांधी मैदान में गांधी जी की मूर्ति पर पुष्पांजलि उपरांत नुक्कड़ सभा।उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हांसाडीह में गांधीजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण व नुक्कड़ सभा हुआ,गौरतलब है की 19 मार्च 1947 को महात्मा गांधी मसौढी के आसपास के क्षेत्रों में फैले साम्प्रदायिक उन्माद को रोकने के उद्देश्य से इस जगह रुके थे। यहां एक सभा का आयोजन हुआ। सभा के दौरान आयोजक अशोक भारत ने कहा कि पटना स्थित चरखा समिति से शुरू हुई, 'जहां पड़े कदम गांधी के, एक कदम गांधी के साथ' यात्रा 22 तारीख को चंपारण के गांधी आश्रम, भितिहरवा पहुँचेगी। इस यात्रा का उद्देश्य महात्मा गांधी के पदचिन्हों पर चलकर उनके सत्य और अहिंसा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना तथा देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस यात्रा में बिहार, झारखंड, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु जैसे राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए,धनरूआ प्रखंड के हजरत साईं गांव पहुंची। इस जगह पर गांधी जी मार्च 1947 में पहुंचे थे। इस दौरान एक सभा का आयोजन किया। ऐतिहासिक गांधी मैदान मसौढी जहाँ महात्मा गांधी ने विशाल जनसमूह को संबोधित किया था, आयोजन में किसान नेता उमेश, जितेंद्र राम, रमा रंजन , शिव पूजन सिंह, मोहम्मद अवसाद शाहिद, टीपू सुल्तान, कौशल कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## स्टडी प्वाइंट के मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल, मेमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



**पालीगंज (पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर बाजार के पुरानीसराय स्थित स्टडी प्वाइंट में सोमवार को सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभात खबर के संवाददाता सिकंदर कुमार एवं नवबिहार टाइम्स के संवाददाता अशोक कुमार , तथा सोशल मीडिया से अमलेश कुमार उपस्थित रहे। आए अतिथियों को स्टडी प्वाइंट संस्थापक चंदन कुमार ने शॉल देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान मैट्रिक परीक्षा में जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र रौशन राज को विशेष रूप से मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रिया कुमारी, अरुण कुमार, अनुष्का कुमारी, पवन, रोहित कुमार अंशु, इंदरजीत कुमार, अविनाश कुमार, आदर्श, करीना कुमारी, प्रिंस कुमार, अमन कुमार, मुस्कान कुमारी, रौशन गुप्ता सहित कई अन्य छात्र-छात्राओं को भी उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी बेहतर अंक प्राप्त कर पालीगंज एवं लालगंज सेहरा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने छात्रों को निरंतर परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर स्टडी प्वाइंट के संस्थापक चंदन कुमार ने सफल छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि संस्थान में एसएससी, दारोगा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की भी गुणवत्तापूर्ण तैयारी कराई जाती है, जहां कई विद्यार्थी सफलता प्राप्त कर रहे हैं। समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त किया।

### पोषण पखवाड़े के तहत आंगनबाड़ी केंद्र पर कुपोषण के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बच्चों के पोषण को लेकर जागरूकता के लिए बाल विकास परियोजना के जरिए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण पखवारा चल रहा है जो. 9 से 23 अप्रैल तक चलने वाले इस पोषण पखवारा को लेकर सोमवार को मसौढी विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ. सीडीपीओ अनिता कुमारी के नेतृत्व में सेविका, सहायिका व अन्य कर्मियों ने सुंदर रंगोली बनाकर व हाथ में बैनर लेकर बच्चों के पोषण के लिए लोगों को जागरूक करने की शपथ ली.

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के मौके पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

**छात्र-छात्राओं को अच्छी स्पीच के लिए किया गया पुरस्कृत**



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्थित समीपवर्ती एस. यू. कॉलेज, हिलसा जो पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना की एक अंगीभूत इकाई है, के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा को महाविद्यालय के सभागार में सोमवार को भारत रत्न, संविधान निमार्ता एवं सामाजिक न्याय के महानायक बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर 'एक दिवसीय विशेष व्याख्यान' का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात उपस्थित अतिथियों एवं वक्ताओं का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में पटना विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग की प्रख्यात विदुषी डॉ. स्नेहलता कुसुम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक दर्शन, संवैधानिक दृष्टिकोण एवं समकालीन प्रासंगिकता पर अत्यंत प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विशेष रूप से सामाजिक समानता, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना में डॉ. अम्बेडकर के योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो. अनिल कुमार सिंह ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि डॉ. अम्बेडकर के विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं और युवाओं को उनके आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। इस आयोजन के आयोजन सचिव एवं राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. अभिषेक कुमार की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उनके कुशल नेतृत्व, सूक्ष्म योजना एवं समर्पित प्रयासों के परिणामस्वरूप कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। उन्होंने न केवल कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की, बल्कि विभिन्न अकादमिक गतिविधियों का समन्वय करते हुए विभाग के विद्यार्थियों एवं सहकर्मियों को सक्रिय रूप से जोड़ा। उनके निर्देशन में कार्यक्रम को एक शैक्षणिक एवं प्रेरणादायी स्वरूप मिला, जिसने उपस्थित जनसमूह पर गहरा प्रभाव छोड़ा।कार्यक्रम के सह-आयोजन सचिव डॉ. पंकज कुमार सिंह ने भी आयोजन की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सुचारु रूप से संचालित करने में सक्रिय भूमिका निभाई।इसी सप्ताह विद्यार्थियों के बीच एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसका विषय 'सामाजिक न्याय एवं आर्थिक समानता' था। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों के माध्यम से डॉ. अम्बेडकर के सिद्धांतों को अभिव्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सनातन बोर्ड परिषद ने कुंदन कुमार को बनाया कोऑर्डिनेटर



**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सनातन बोर्ड परिषद द्वारा कुंदन कुमार को घोड़ासहन प्रखंड का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है. यह नियुक्ति पत्र संगठन के बिहार प्रदेश संगठन महामंत्री/कोऑर्डिनेटर श्री देवानंद मिश्रा द्वारा 26 मार्च 2026 को जारी किया गया.जारी पत्र के अनुसार, कुंदन कुमार को संगठन के विस्तार, विचारों के प्रचार-प्रसार एवं स्थानीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. संगठन ने उम्मीद जताई है कि वे अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ेंगे और परिषद के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएंगे.इस नियुक्ति को लेकर स्थानीय स्तर पर कार्यकताओं में उत्साह देखा जा रहा है।

### नशा मुक्त समाज के लिए मशरक में दौड़ प्रतियोगिता

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नशा मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से मशरक नगर पंचायत के रामघाट स्थित खेल मैदान में भव्य दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएसपी संजय कुमार सुधांशु, इंस्पेक्टर इंद्रजीत महतो, मध निषेध इंस्पेक्टर राजीव रंजन कुमार एवं थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के खिलाड़ियों की भी भागीदारी रही। 1600 मीटर दौड़ में यूपी के सुनील राजभर ने 4 मिनट 24 सेकंड में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को साइकिल, सिलाई मशीन सहित अन्य उपयोगी सामग्री देकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने खिलाड़ियों के लिए ठहरने एवं भोजन की बेहतर व्यवस्था की थी। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और मेडिकल टीम भी मौजूद रही।

### मशरक में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के बड़ी मुसहर टोली गांव में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस और मध निषेध विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार तिवारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई, जिसमें भारी मात्रा में महुआ शराब बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे ऐसी गतिविधियों से दूर रहें और सूचना मिलने पर तुरंत प्रशासन को अवगत कराएं।

### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने पुरानी बाजार क्षेत्र में छापेमारी कर शराब बेचने और पीने के आरोप में विजय राम नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में आरोपी के पास से दो लीटर शराब बरामद की गई। ब्रेथ एनालाइजर जांच में आरोपी द्वारा शराब पीने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी अपने घर से ही शराब बेचने का धंधा करता था। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मैट्रिक में सफलता पर छात्रों का सम्मान

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को नॉलेज ट्यूटोरियल इंस्टीट्यूट, गुरचुरवा चौक परिसर में मैट्रिक परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष अमर कुमार, प्रोफेसर सुभाष चंद्र कुशवाहा, प्रधानाध्यापक जितेंद्र तिवारी तथा एमजी पब्लिक हाई स्कूल के व्यवस्थापक अरशद सरहदी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।थानाध्यक्ष अमर कुमार ने कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे अनमोल रत्न है और यह व्यक्ति को उसके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाकर समाज में सम्मान दिलाती है। वहीं प्रोफेसर कुशवाहा, जितेंद्र तिवारी और अरशद सरहदी ने कहा कि शिक्षा ही मानव जीवन का सबसे बड़ा अलंकार है तथा छात्र देश का भविष्य हैं, जिन्हें निरंतर मेहनत करनी चाहिए।कोचिंग संचालक विजय कुमार ने बताया कि वर्ष 2016 से संस्थान लगातार बेहतर परिणाम दे रहा है। इस वर्ष 17 छात्रों ने मैट्रिक परीक्षा में सफलता हासिल की। शिवम कुमार पांडे ने 461 और शिवानी कुमारी ने 447 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस दौरान सभी सफल छात्रों को मेडल, मोमेंटो एवं डिक्शनरी देकर सम्मानित किया गया। समारोह में कई शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र मौजूद रहे।

### अग्निपीड़ित 127 परिवारों को राहत राशि आवंटित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बैरिया अंचल के लौकरिया गांव में हुए भीषण अग्निकांड के बाद प्रशासन द्वारा राहत एवं पुनर्वास कार्य तेजी से जारी है। अग्निकांड से प्रभावित 127 परिवारों के बीच प्रति परिवार 20 हजार रुपये की दर से राहत राशि वितरण के लिए अंचलाधिकारी को राशि आवंटित कर दी गई है।वरीय उप समाहर्ता सह आपदा प्रशाखा पदाधिकारी नगमा तब्बसुम ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना के तुरंत बाद ही पीड़ित परिवारों को पॉलीथीन शीट उपलब्ध करा दी गई, ताकि वे अस्थायी रूप से अपने रहने की व्यवस्था कर सकें।इसके साथ ही प्रभावित गांव में कम्यूनिटी किचेन का भी संचालन किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन शाम के समय औसतन 500 से अधिक लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशासन द्वारा लगातार स्थिति पर नजर रखी जा रही है और पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### शराब के साथ बगहा स्टेशन से दो तस्कर गिरफ्तार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मध निषेध थाना पुलिस ने सोमवार दोपहर गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बगहा रेलवे स्टेशन से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उनके पास से विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद की, जिसकी कुल मात्रा 26.67 लीटर बताई गई है. मध निषेध थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि पकड़े गए तस्करों की पहचान रामनगर थाना क्षेत्र के सोनकर गांव निवासी 24 वर्षीय रमाकांत कुमार तथा साठी थाना क्षेत्र के साठी गांव निवासी 49 वर्षीय समद मियां के रूप में हुई है .उन्होंने बताया कि दोनों आरोपितों से पूछताछ के बाद उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में बगहा भेज दिया गया है.

### जमालपुर का हिस्ट्री सीटर अपराधी निशु झा गिरफ्तार

**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के टॉप 10 अपराधी मैं शामिल जमालपुर थाना के मोस्ट वांटेड अपराधी निशु झा गिरफ्तार हुए हैं। अपराधी निशु झा की गिरफ्तारी एसटीएफ एवं जिला पुलिस के सहयोग से किया गया है। निशु झा की गिरफ्तारी की पुष्टि पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने किया है। जमालपुर थाना क्षेत्र के फरीदपुर निवासी चंद्रदेव झा के पुत्र अपराधी आनंद झा उर्फ निशु झा के बारे में जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि यह हिस्ट्री सीटर अपराधी है सिर्फ जमालपुर थाना में डकैती रंगदारी हत्या आर्म्स एक्ट जैसे कुल चार मामले दर्ज है। जिसमें वह फरार चल रहे थे। उनकी गिरफ्तारी होने से न सिर्फ जमालपुर बल्कि रेल जिला के अलावे कई जिले में आपराधिक गतिविधि थोड़ी देर के लिए विराम लगेगा। थानाध्यक्ष ने यह भी कहा कि पूछताछ के बाद अपराधी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### दारोगा पत्नी की हत्या में इस्तेमाल रिवाल्वर किया गया जप्त

**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सफियासराय थाना क्षेत्र में पिछले दिनों दरोगा चंदन कुमार की पत्नी मधु कुमारी कि जिस सर्विस रिवॉल्वर से हत्या हुई उसे रिवाल्वर को पुलिस ने गोली के साथ जप्त करते हुए अनुसंधान शुरू कर दिया है। हत्या मामले में पिता रंजीत कुमार के द्वारा दिए गए आवेदन पर सफियासराय थाना में प्राथमिक दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। दरोगा की पत्नी की हत्या मामले में दरोगा को जहां जेल भेज दिया गया। वहीं इस हत्याकांड में जिस पर साजिश करने का आरोप लगाया गया है उसे पहलुओं पर भी पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस को इस हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने एवं मृतक के स्वजनों को न्याय दिलाने के लिए पुलिसिया कार्रवाई बड़े ही पारदर्शी तरीके से करना होगा जिससे कि पुलिस के अनुसंधान पर किसी भी तरह का उंगली नहीं उठे।

# डीआरडीओ देश की अति महत्वपूर्ण संस्था : राधा मोहन

## डीआरडीओ द्वारा मोतिहारी में 15 से 18 अप्रैल तक रक्षा उपकरण की मॉडल का प्रदर्शन किया जाएगा



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा मोतिहारी में आयोजित होने वाला रक्षा उपकरणों की भव्य मॉडल की प्रदर्शनी को लेकर महात्मा गांधी प्रवचन गृह में सोमवार को सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने प्रेस वार्ता किया। श्री सिंह ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि डीआरडीओ देश की अतिमहत्वपूर्ण संस्था है, जिसकी आपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। श्री सिंह ने कहा कि डीआरडीओ द्वारा मोतिहारी में रक्षा उपकरणों की भव्य मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन 15 से 18 अप्रैल तक किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 15 अप्रैल 10 दिन में बजे किया जाएगा।यह प्रदर्शनी देश की आधुनिक रक्षा तकनीकों, स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास तथा ॾआत्मनिर्भर भारतॾ के तहत तैयार किए गए उन्नत रक्षा उपकरणों का व्यापक प्रदर्शन करेगी। इसमें विभिन्न प्रकार के अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों, संचार उपकरणों, रक्षा तकनीक मॉडल्स एवं अनुसंधान परियोजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे आमजन, छात्र-छात्राएं एवं तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोग लाभान्वित होंगे।उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी के दौरान आगंतुकों को रक्षा क्षेत्र में भारत की प्रगति, वैज्ञानिक उपलब्धियों तथा नवाचारों की जानकारी प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त होगी। विशेष रूप से युवाओं एवं विद्यार्थियों के लिए यह आयोजन अत्यंत प्रेरणादायक होगा, जो उन्हें विज्ञान, तकनीक एवं राष्ट्र सेवा के प्रति जागरूक और प्रेरित करेगा।आयोजन की सफलता हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। प्रदर्शनी स्थल पर सुरक्षा, स्वच्छता, आगंतुकों की सुविधा तथा मार्गदर्शन के लिए समुचित व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं।स्थानीय प्रशासन एवं डीआरडीओ के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, ताकि आयोजन सुचारु एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर देश की रक्षा क्षमताओं एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों का अवलोकन करें।प्रेस वार्ता में अपर निदेशक बृजेश कुमार, मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, उप महापौर डॉ लालबाबू प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज शामिल थे।

## डीआरडीओ द्वारा रक्षा उपकरण की मॉडल की प्रदर्शनी की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा मोतिहारी में आयोजित रक्षा उपकरणों की मॉडल प्रदर्शनी की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिला अतिथि गृह में सांसद सह सभापति रक्षा संबंधी स्थाई समिति राधामोहन सिंह की अध्यक्षता में डीआरडीओ एवं जिला प्रशासन की संयुक्त बैठक आयोजित किया गया। बैठक के उपरांत स्थल निरीक्षण भी किया गया।प्रदर्शनी के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए सभी पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था, आगंतुकों की सुविधा, प्रदर्शनी स्थल की तैयारियां, ट्रैफिक प्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। डीआरडीओ के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि इस प्रदर्शनी में देश की अत्याधुनिक रक्षा तकनीकों एवं उपकरणों के मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे, जिससे आमजन विशेषकर छात्र-छात्राओं को रक्षा क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की जानकारी मिल सकेगी। यह प्रदर्शनी युवाओं में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने और उन्हें अनुसंधान एवं नवाचार के प्रति प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगी। जिला प्रशासन की ओर से सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए कि वे आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करें, ताकि कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक एवं सुचारू रूप से किया जा सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाएगी तथा प्रदर्शनी स्थल पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग को भी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि डीआरडीओ एवं जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से यह प्रदर्शनी मोतिहारी में एक ऐतिहासिक एवं सफल आयोजन के रूप में स्थापित होगी। मौके पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात, डीआरडीओ के वरिष्ठ अधिकारीगण, डिप्टी मेयर डॉ लालबाबू प्रसाद एवं जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक में सशक्त स्थायी समिति और नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित योजनाओं में देरी पर महापौर सहित सदस्यों ने जताया क्षोभ

## बेतिया राज द्वारा राज देवड़ी मोटरसाइकिल, टेंपो व ई-रिक्शा पार्किंग शुल्क वसूली के लिए डाक और बंदोबस्ती पर भी बैठक में उठाए गए सवाल



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में सोमवार को नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम क्षेत्र के विकास एवं पारित योजनाओं से संबंधित पारित प्रस्तावों की समीक्षा की गई। बैठक में काली बाग, बस स्टैंड, टाउन हॉल, शहीद पार्क, झिलिया पार्क व कम्युनिटी हॉल आदि के जीर्णोद्धार, निर्माण और सौंदर्यीकरण से संबंधित योजनाओं का अब तक टेंडर नहीं होने पर महापौर एवं समिति के अन्य सदस्यगण के द्वारा गहरा क्षोभ व्यक्त किया गया। महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र की विकास योजनाओं में कार्यालय स्तर शिथिलता खेदजनक है।इसके साथ सशक्त स्थायी समिति और नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित विभिन्न प्रस्तावों को पूरा करने के लिए निविदा जारी करने के साथ ही अन्य आवश्यक कार्रवाई का निर्देश देते हुए प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ दर्जनाधिक प्रस्तावों के अनुपालन में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए नगर आयुक्त से शीघ्र कार्रवाई का अनुरोध किया गया। उपरोक्त बिंदुओं के अलावा अन्य प्रस्तावों की समीक्षा के बाद संपुष्टि की गई। इसके अलावा, बेतिया राज कार्यालय द्वारा राज देवड़ी में मोटरसाइकिल, टेंपो व ई-रिक्शा पार्किंग के लिए किए गए डाक और बंदोबस्ती पर भी सवाल उठाए गए। समिति के आधे से अधिक सदस्यगण द्वारा स्पष्ट किया गया कि नगर निगम प्रशासन से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना पार्किंग या अन्य सैरातों के संचालन को अवैध करार देते हुए प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही, नगर निगम के सैरातों में निर्धारित दर से अधिक वसूली की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सभी रसीदों एवं वसूली करने वालों की पहचान (आईडी) का सत्यापन कराने का निर्णय लिया गया। वही नगर निगम के सैरात स्थलों पर संवेदकों द्वारा रेट चार्ट नहीं लगाए जाने पर भी असंतोष व्यक्त किया गया। निर्देश दिया गया कि संवेदको और निगम द्वारा सभी स्थलों पर अनिवार्य रूप से रेट चार्ट प्रदर्शित किए जाएं, साथ ही निगम द्वारा 50 प्रमुख स्थानों पर रेट चार्ट की पेंटिंग कराई जाए। इसके साथ ही सोवा बाबू चौक, छावनी एवं बस स्टैंड इत्यादि पर ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन निर्माण में हो रही देरी पर भी चिंता जताई गई। इस संबंध में जल्द ही महापौर की अध्यक्षता में संवेदकों, अधिकारियों व ड्राइवरों की संयुक्त बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। स्वच्छता अभियान के तहत प्रत्येक मंगलवार को सभी 46 वार्डों के नालों में एक साथ लार्वा नाशक दवा का छिड़काव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

### 307 सुपरवाइजर एवं प्रगणक को जमालपुर में दिया जा रहा जनगणना का प्रशिक्षण

**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनगणना 2027 भारत की पहली पूर्ण डिजिटल और संभावित रूप से जाति-आधारित जनगणना है जिसका तीन दिवसीय प्रशिक्षण पीडी स्कूल जमालपुर में बीडीओ सह जनगणना पदाधिकारी प्रभात रंजन के देखरेख में शुरू हुआ। प्रशिक्षण के पहले दिन जनगणना पदाधिकारी ने बताया कि पहली बार भारत में पूरी तरह डिजिटल सिस्टम से जनगणना होने जा रहा है इसलिए इसका प्रशिक्षण बहुत ही महत्वपूर्ण है। जमालपुर में कुल 307 सुपरवाइजर एवं प्रगणक यह प्रशिक्षण दिया जाएगा जो प्रत्येक दिन तीन शिफ्ट में रहेगा। प्रत्येक शिफ्ट में 40 से 50 सुपरवाइजर एवं प्रगणक होंगे जिसको फील्ड ट्रेनर के माध्यम से जनगणना 2027 के तहत तमाम उन महत्वपूर्ण पहलुओं बिंदुओं को बारीकी से बताया जा रहा है जिससे कि जनगणना करने में किसी भी तरह का कोई दिक्कत उनका सामना नहीं करना पड़े। जनगणना 2027 में विशेष रूप से इस बात का ख्याल रखा गया है कि इसमें मकान सूचीकरण और आवास की स्थिति की जानकारी जुटाई के साथ परिवार के सदस्यों की आयु, लिंग, व्यवसाय, साक्षरता और जाति संबंधी विवरण दर्ज किए जाएंगे।

# लाखों रूपए की ठगी करने वाली महिला रंगे हाथ अपनी दामाद के साथ हुई गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा थाना के पिराडी गांव में रविवार को उस समय भूचाल आ गई जब ग्रामीणों ने लाखों रूपए की ठगी करने वाली महिला को उसके दामाद के साथ दबोच लिया। इधर ग्रामीणों ने पकडकर उक्त महिला को पुलिस के हवाले कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रविवार को मैनाटांड थाने के बासठा गांव के वोजरे आजम की पत्नी बेबी खातून अपने दामाद यूपी के लखनउ का रहने वाला राज बाबू नाम का व्यक्ति के साथ अमीर बनाने के नाम पर पैसा ठगी करने पिराडी गांव पहुंची थी। इतना ही नहीं रविवार को उक्त महिला बेबी खातून के द्वारा पैसा डबलींग के नाम पर पिराडी गांव के 10 से 15 महिलाओं को अपने अपने झांसे में लाकर लाखों रूपए की ठगी कर ली गई थी। बेबी खातून ने महिलाओं को झांसे में लाकर बताया था कि अमीर बनने के लिए आप एक हजार देंगे तो एक लाख मिलेगा। दस हजार में दस लाख और दस लाख में दस करोड रूपए मिलेगा। ये पैसा विदेश माका मदीना से आएगा और आपलोग को मिलेगा। इसी बात पर लोगों की शक बढ़ने लगी और उसे पकडकर लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया। इधर पुलिस की गिरफ्त में आने की जानकारी मिलते ही ठगी का शिकार होने वाली एक महिला इनरवा थाने पहुंची और पुलिस को आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि भंगहा थाने के नगरदेही गांव के बीनोद साह की पत्नी लालचूनी देवी ने आवेदन में उल्लेख किया है कि दो वर्ष पुर्व बेबी खातून हमसे पांच लाख रूपए ली और बोली की पैसा डबलींग होकर अब ये पांच करोड़ रूपए तूम्हें मिलेगा। पिडित महिला का कहना है कि अभी तक बेबी खातून द्वारा एक पैसा नहीं लौटाया गया है। जब भी पैसा की मांग करते है तो बेबी खातून मुझे धमकाती है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि बेबी खातून सहित चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बेबी खातून और इसके दामाद राज बाबू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस छापेमारी शुरू कर दी है।

# बंगाल से गांजा खरीद कर सूरत ले जा रहा एक तस्कर गिरफ्तार

## बरामद गांजा का बाजार में है लगभग 7.50 लाख कीमत





**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे के सीआईबी एवं आरपीएफ की टीम भागलपुर सूरत एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल डिब्बे से 15 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार गाजा तस्कर की पहचान बरियारपुर थाना क्षेत्र के बंगाली टोला निवासी ब्रह्मदेव मंडल का पुत्र वासुदेव मंडल के रूप में हुआ है।सीआईबी इंस्पेक्टर सुधांशु कुमार सुधा ने बताया कि सूचना मिल रही थी की सूरत एक्सप्रेस ट्रेन से गांजा की तस्करी होने जा रही है। इसी सूचना पर आरपीएफ एवं सीआईबी जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या खड़ी ट्रेन सूरत एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे से गांजा तस्कर को गिरफ्तार करते हुए ट्रेन से उतर गया। तस्कर को ट्रेन से उतरने के बाद जब उनके सामान की तलाशी ली गई तो उनके बैग से 15 किलो गांजा बरामद हुआ जिसकी बाजार में कीमत 7.50 लाख रुपए बताया गया है। गिरफ्तार गांजा तस्कर ने यह भी बताया कि वह बंगाल से गंजा को खरीद कर सूरत में देने जा रहा था। गांजा तस्कर के गिरफ्तारी टीम में अस्सिटेंट इंजीनियर राजीव कुमार के अलावे आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव नयन,एसआई जीआर मीणा,एएसआई समीर दास,हेड कांस्टेबल अनुज यादव,रवि सहित कई मौजूद।

### सबका सम्मान जीवन आसान के तहत सभी कार्यालयों में हो रही जन सुनवाई

**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आमजन की समस्याओं से सीधे पदाधिकारियों को रूबरू कराने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए जन समाधान सह जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा कई लोगों की समस्याओं को सुन कर तत्काल संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निदेश दिए गए। उन्होंने कहा कि सबका सम्मान जीवन आसान के तहत जिले के सभी कार्यालयों में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके तहत संबंधित अधिकारी आने वाले लोगों की समस्याओं को सुन उसका समाधान निर्धारित समय सीमा के अंदर कर रहे हैं। बरियारपुर घोरघट निवासी परमानंद पासवान ने कहा कि कृषि पटवन हेतु उन्होंने विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन किया था, परन्तु अब तक उन्हें विद्युत कनेक्शन दिया भी नहीं गया है, लेकिन प्रत्येक माह विद्युत विपत्र आ रहा है, जिससे वो मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं।

# रक्सौल में भाजपा महिला मोर्चा का हस्ताक्षर अभियान सफल, नारी सशक्तिकरण का दिया संदेश



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा संगठन जिला रक्सौल द्वारा 'नारी शक्ति वंदन (बंधन) अभियान 2026' के अंतर्गत आयोजित मानव श्रृंखला एवं हस्ताक्षर अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी ने इसे भव्य और प्रभावशाली बना दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला मोर्चा की सक्रिय नेत्री पार्वती तिवारी ने किया। उनके नेतृत्व में अभियान को सफल बनाने में कई पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भाजपा संगठन रक्सौल की उपाध्यक्ष अनुराधा शर्मा, जिला मंत्री मीरा कुशवाहा, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष चंदा श्रीवास्तव, मंत्री नीता गुप्ता, आईटी सेल प्रभारी कविता कुशवाहा एवं हीरा देवी ने आयोजन के संचालन में सक्रिय योगदान दिया। सभी पदाधिकारियों के समर्पण और संगठनात्मक क्षमता के कारण यह अभियान न केवल सफल रहा, बल्कि महिलाओं के बीच जागरूकता और उत्साह का भी संचार हुआ। कार्यक्रम ने महिला सशक्तिकरण के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया। इस अवसर पर पार्वती तिवारी ने कहा कि, ॾनारी अब केवल भागीदार नहीं, बल्कि परिवर्तन की आधारशिला है। जब महिलाएं संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए आगे बढ़ती हैं, तो समाज ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की दिशा भी बदल जाती है। रक्सौल की यह आवाज अब हर कोने तक पहुंचेगी, क्योंकि सशक्त नारी ही सशक्त भारत की पहचान है। यह आयोजन क्षेत्र में महिला जागरूकता और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# सामाजिक समरसता, शिक्षा व समान अधिकारों को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ मनी महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती






**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** माली मालाकार कल्याण समिति, सारण के तत्वावधान में रविवार को महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष शंकर कुमार मालाकार ने की, जबकि संचालन सतीश कुमार भक्त ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य प्रो. डॉ. वीरेंद्र नारायण यादव, छपरा विधायक छोटी कुमारी, पूर्व विधायक डॉ. सी.एन. गुप्ता तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं संगठन के पदाधिकारियों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शंकर कुमार मालाकार ने संगठन की ओर से कई महत्वपूर्ण मांग रखते हुए कहा कि छपरा शहर में महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम पर पुस्तकालय के लिए भूमि उपलब्ध कराने, शहर के किसी प्रमुख चौक पर उनकी प्रतिमा स्थापित कर उस चौक का नाम 'महात्मा ज्योतिबा फुले चौक' रखने, बिहार सरकार के पाठ्यक्रम में फुले दंपति की जीवनी शामिल करने तथा महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की। साथ ही विधान परिषद में माली समाज को प्रतिनिधित्व देने जैसे शामिल हैं। मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सामाजिक परिवर्तन और न्याय का अग्रदूत बताया। उन्होंने कहा कि फुले जी ने समाज में व्याप्त छुआछूत और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष कर समानता का संदेश दिया। उन्होंने संगठन की मांगों पर सकारात्मक विचार करते हुए सरकार स्तर पर पहल करने का आश्वासन दिया। वहीं विधान परिषद सदस्य प्रो. डॉ. वीरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले को अपने जीवन में अनेक अपमान सहने पड़े, लेकिन वे अपने उद्देश्य से कभी पीछे नहीं हटे। उन्होंने जाति व्यवस्था और अंधविश्वास के खिलाफ आवाज उठाई और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर संघर्ष किया। छपरा विधायक श्रीमती छोटी कुमारी ने महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले द्वारा महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने के प्रयासों की सराहना की और उन्हें आदर्श समाज के निमार्ता बताया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. सी.एन. गुप्ता, जनता दल यू के जिला अध्यक्ष बैजनाथ सिंह विक्कल, भाजपा नेता शत्रुघन भक्त, भाजपा के जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए और महात्मा ज्योतिबा फुले को नमन किया। मौके पर संजय मालाकार, पृथ्वी कुमार माली, बबलू मालाकार, मुन्ना मालाकार, ललन भक्त, दीनानाथ भगत, डॉ. हरे राम भगत, राकेश भगत, राजेश सैनी, मनोज भगत, कामेश्वर भगत, लोकनाथ भगत, प्रेम भगत, अनिल भगत, डॉ. रामेश्वर भगत, जितेंद्र भगत, नागेंद्र भगत, राहुल भगत, डॉ. मिथिलेश भगत, उमाशंकर प्रसाद, संतोष भगत, अभिषेक कुमार, महेश राज सैनी, देवेंद्र भक्त, प्रदीप भगत, उपेंद्र भगत, महेश भगत, मदन भगत, मोहन भगत सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# औरंगाबाद जिले में गैस सिलेंडर के साथ पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7132 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6913 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धत है।

जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 13 अप्रैल 26 तक जिला में कुल नए 152 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है, जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से छह संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में 13 अप्रैल 2026 को प्राप्त कुल 14 शिकायतों में से 13 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि 01 प्रक्रियाधीन है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम हेतु सतत निगरानी की जा रही है। इस संबंध में औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा अब तक कोई वाद दर्ज नहीं किया गया है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

## हसपुरा के डॉ. अत्ताउल्लाह रिजवी को लंदन में मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान



**हसपुरा/औरंगाबाद/नबिटा संवाददाता।** छोटे से कस्बे हसपुरा से निकलकर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाने वाले चिकित्सक डॉ. अत्ताउल्लाह रिजवी को ब्रिटेन की राजधानी लंदन में सम्मानित किया गया। उन्हें ब्रिटिश पार्लियामेंट में आयोजित एक समारोह में भारतीय मूल के सांसद कृष रावल और शिवानी राजा के हाथों सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से उनके परिजनों के साथ-साथ हसपुरा क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। स्थानीय लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस कार्यक्रम में दुनिया भर से कई प्रतिष्ठित डॉक्टर, राजनेता और गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए थे। डॉ. रिजवी ने बताया कि उन्हें नेशनल हिस्टोरिकल म्यूजियम में भी सम्मानित किया गया है। साथ ही, उन्हें ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में आयोजित होने वाले आगामी सम्मान समारोह में शामिल होने का आमंत्रण भी मिला है। उल्लेखनीय है कि डॉ. अत्ताउल्लाह रिजवी को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए देश-विदेश के कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पूर्व में भी सम्मानित किया जा चुका है।

## दहेज की मांग को लेकर नवविवाहिता से मारपीट, प्राथमिकी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर नवविवाहिता के साथ मारपीट और उत्पीड़न का मामला सामने आया है। इस संबंध में मखदुपुर गांव निवासी खुशबू कुमारी ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता ने अपने पति अमित कुमार समेत सास इंदु देवी को आरोपित बनाया है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि उसकी शादी 11 मई 2025 को हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। विवाह के बाद ससुराल पहुंचने पर आरोपितों द्वारा अतिरिक्त दहेज के रूप में 16 लाख रुपये की मांग की जाने लगी। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि 10 अप्रैल को उसका पति कुछ लोगों के साथ मायके पहुंचा और उसके भाई के साथ मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर ग्रामीणों के जुटने पर सभी वहां से फरार हो गए। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# अपराध की रोकथाम के लिए मूल्य आधारित शिक्षा आवश्यक : डॉ. संजय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** यहां के गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक समारोह "क्रिमिनल लॉज, सोसाइटी एवं रिस्पॉन्सिबिलिटी" विषय पर एक महत्वपूर्ण अकादमिक सत्र के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षाविदों, विद्यार्थियों एवं विशेषज्ञों ने आधुनिक समाज में मानव व्यवहार, विधि व्यवस्था और सामाजिक उत्तरदायित्व के बीच बदलते संबंधों पर गंभीर विचार-विमर्श किया। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. बी.के.एस. संजय, पद्मश्री, अध्यक्ष, एम्स गुवाहाटी ने स्पष्ट किया कि अपराध केवल कानूनी या न्यायिक विषय नहीं, बल्कि मूलतः मानव व्यवहार, भावनात्मक नियंत्रण और सामाजिक परिवेश से जुड़ा एक गहन मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक विषय है। उन्होंने कहा कि हर अपराध की शुरुआत मन में उत्पन्न विचार से होती है, जो क्रमशः भावना, इरादा और अंततः क्रिया का रूप ले लेता है। अतः अपराध की प्रभावी रोकथाम के लिए व्यवहारिक जागरूकता, आत्मनियंत्रण एवं मूल्य आधारित शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। प्रो. डॉ. संजय ने कहा कि सड़क सुरक्षा मूलतः एक व्यवहारिक दायित्व है, जहां नियमों का उल्लंघन, ओवरस्पीडिंग और रोड रेज जैसी घटनाएं केवल कानूनी समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक अनुशासन और भावनात्मक नियंत्रण की कमी का प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।

प्रो. डॉ. संजय के विचारों की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय ने मूल्य-आधारित शिक्षा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## प्रखंड कमिटी का गठन, मजदूरों की एकजुटता पर जोर

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** रफीगंज के कलाली पथ स्थित एक निजी हॉल में भारतीय मजदूर संघ के तत्वावधान में बिहार प्रदेश भवन एवं पथ निर्माण मजदूर संघ की जिला इकाई द्वारा रफीगंज प्रखंड कमिटी के गठन हेतु एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। गठित कमिटी में अजय पासवान को प्रखंड अध्यक्ष, नवल किशोर, रणजीत राम एवं मुकेश कुमार चौधरी को उपाध्यक्ष, अजय कुमार को प्रखंड मंत्री, अयूब आलम एवं अरूणजय पाठक को सह मंत्री, विजय चौधरी को कोषाध्यक्ष तथा कमलेश कुमार, लखी कुंवर, चंचला देवी, सुदामा देवी एवं धीरज कुमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक में उपस्थित संघ के पदाधिकारियों ने मजदूरों को एकजुट रहने का आह्वान किया तथा सरकार द्वारा मजदूरों को मिलने वाली योजनाओं एवं लाभों पर विस्तृत चर्चा की गई।

# बच्चों को नियंत्रित रखना अभिभावक और शिक्षक दोनों का कर्तव्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पुराना शहर स्थित ज्ञान ज्योति शिक्षण केन्द्र में मैट्रिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सभी छात्रों को संस्था के निदेशक सह सम्पूर्णानंद एजुकेशनल एन्ड सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट के सचिव डॉ.चंचल कुमार ने मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। उन्होनें कहा कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाता। आज सही मार्गदर्शन एवं छात्राओं द्वारा किया गया परिश्रम का परिणाम सामने दिख रहा है। बच्चों को तराशना एवं सही मार्गदर्शन देकर मंजिल तक पहुंचाना एक सफल शिक्षक का गुण होता है। सभी शिक्षक गण को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप अपने कर्म पर भरोसा रख कर बच्चों को शिक्षित करें, ताकि समाज शिक्षा और संस्कार से जुड़ा रहे। बच्चों को नियमित एवं नियंत्रित रखना अभिभावक और शिक्षक दोनों का कर्तव्य है। बीच-बीच में बच्चों के बीच मित्र बनकर उनकी रुचि जानना अतिआवश्यक है। अभिभावक को अपने बच्चों के प्रति सजग रहना चाहिए। संस्था की ओर से संध्या कुमारी, सोनालिका कुमारी, आकृति, नेहा, शीतल, फरहत जहां, पुष्पा कुमारी, गुड़िया, शगुप्ता नाज, निशा, सना प्रवीण, तथा ज्योति कुमारी को पुरस्कृत किया गया। मौके पर संस्था के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। निदेशक नें सभी को धन्यवाद दिया।




# उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव में एचपीवी टीकाकरण शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय बैरांव में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सोमवार को किशोरियों के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान रेफरल अस्पताल कुटुंबा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नवल किशोर सिंह ने बताया कि इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को भविष्य में सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) जैसी जानलेवा बीमारी से सुरक्षित करना है। शिविर के दौरान विद्यालय की 9 से 14 वर्ष की आयु वर्ग की छात्राओं को प्राथमिकता के आधार पर टीका लगाया गया। यह आयु वर्ग टीकाकरण के लिए सबसे प्रभावी है क्योंकि इस समय दी गई खुराक से शरीर में सबसे अधिक रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है। चिकित्सा टीम में शामिल डॉ. आशुतोष और डॉ. गौरव ने बताया कि एचपीवी वायरस महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है। टीकाकरण इस जोखिम को 93 से 100 प्रतिशत तक कम कर देता है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रणविजय कुमार के निर्देश पर टीके से पहले छात्राओं और उनके अभिभावकों के लिए एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें वैक्सीन की सुरक्षा और इसके फायदों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सरकारी दिशा-निर्देशों के तहत, विद्यालय में यह टीकाकरण पूरी तरह से निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार गुप्ता ने बताया कि छात्राओं ने उत्साहपूर्वक इस अभियान में हिस्सा लिया और सुरक्षित महसूस किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की बात कही।

शिविर के दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रणविजय कुमार, कुटुंबा रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नवल किशोर सिंह, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक दीपक कुमार, डॉ. आशुतोष, डॉ. गौरव, एएनएम टुनी लुगुन टोपनो, पूनम कुमारी, आशा कार्यकर्ता एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की टीम तैनात रही, ताकि प्रक्रिया सुचारू और सुरक्षित रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक गुप्तेश्वर कुमार, बसंत नारायण ज्योति, विवेक कुमार, संसद कुमार राम, यतीश पाठक, अतुल अनुराग, प्रशांत कुमार तिवारी, सुनीता कुमारी 1, सुनीता कुमारी 2, कंचन कुशवाहा, प्रीति उषा, शत्रुघन कुमार मेहता और छोटू कुमार ने अहम भूमिका निभाई।




# महिलाओं ने सुना प्रधानमंत्री के 'नारी शक्ति वंदन' सम्मेलन का लाइव प्रसारण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सोमवार को औरंगाबाद में भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नारी शक्ति वंदन' सम्मेलन में दिए गए संबोधन का लाइव प्रसारण सुना गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के बड़े फैसलों में महिलाओं को केंद्र में रखा जा रहा है और देश के विकास में उनकी भूमिका लगातार मजबूत हो रही है। प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ाई जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत में महिला पायलटों की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है, जो महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इस कार्यक्रम का मुख्य संदेश "निर्णय में नारी, नवभारत की तैयारी" रहा। मौके पर भाजपा नेत्री पूजा सिंह, गुड़िया सिंह, संजीता गुप्ता, सुमन अग्रवाल, जुलेखा खातून, सोनम सिंह, स्वीटी गुप्ता, रेखा सिंह, संध्या देवी, कमला देवी, सुनीता देवी, मधु देवी, शोभा सिन्हा, सृष्टि कुमारी, उषा सिंह आदि मौजूद रहे।



# 'निकाय-मंत्री' बनने की दौड़ में धन खर्च की चर्चा तेज, सोशल मीडिया पोस्ट से उठा विवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** नगर परिषद में सशक्त स्थाई समिति के सदस्य चुनाव को लेकर इस बार नई व्यवस्था के बीच धन के इस्तेमाल की चर्चाएं तेज हो गई हैं। बिहार नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम, 2026 के तहत अब इन सदस्यों का चयन मुख्य पार्षद द्वारा नामांकन के बजाय निर्वाचित वार्ड पार्षदों के गुप्त मतदान से किया जाएगा। सुविधा के लिए इन सदस्यों को 'निकाय-मंत्री' कहा जा रहा है। इसी बीच एक वार्ड पार्षद प्रतिनिधि के सोशल मीडिया पोस्ट—"25000 से बयाना शुरू"—ने पूरे मामले को हवा दे दी है। पोस्ट सामने आते ही शहर में चुनाव के दौरान धन के लेनदेन को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। पूर्व मुख्य पार्षद परमानंद प्रसाद ने कहा कि ऐसी आशंकाएं लोकतंत्र के लिए उचित नहीं हैं, हालांकि कुछ लोग लाभ के लिए इस तरह के प्रयास कर सकते हैं। वहीं पूर्व सदस्य और संभावित प्रत्याशी डॉ. केदारनाथ सिंह ने पोस्ट को मजाक बताते हुए कहा कि ऐसा करना अनुचित था। दूसरी ओर बसंत कुमार ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे नगर परिषद और जनप्रतिनिधियों की छवि को ठेस पहुंची है। 27 वार्ड पार्षदों वाले इस निकाय में प्रत्येक पार्षद को तीन वोट देना है। ऐसे में चर्चाओं के आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि एक प्रत्याशी को जीत सुनिश्चित करने के लिए तीन से चार लाख रुपये तक खर्च करना पड़ सकता है। हालांकि इन दावों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ये चर्चाएं निराधार साबित होती हैं, तो यह लोकतंत्र के लिए बेहतर संकेत होगा। वहीं इस तरह की पोस्ट ने नगर परिषद की प्रतिष्ठा पर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं।







# भूमि अधिग्रहण व मुआवजा भुगतान में तेजी लाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण, रैयतीकरण एवं मुआवजा भुगतान से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतमाला परियोजना (वाराणसी–कोलकाता एक्सप्रेसवे), एनएच–120 दाउदनगर बाईपास, एसएच–101 अम्बा–देव–मदनपुर पथ, डीएफसीसीआईएल, सोननगर बाईपास रेलवे लाइन तथा उत्तर कोयल जलाशय परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि भारतमाला परियोजना के तहत 40.35 किमी लंबाई में 270.42 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है, जिसमें से 1546 रैयतों को मुआवजा दिया जा चुका है। वहीं एनएच–120 परियोजना में अब तक 8.41 हेक्टेयर भूमि पर दखल–कब्जा लिया जा चुका है, जबकि कुछ मामलों में संयुक्त अवार्ड के कारण भुगतान लंबित है। एसएच–101 परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है, लेकिन कई रैयतों द्वारा मुआवजा बढ़ाने की मांग को लेकर कागजात जमा नहीं किए जा रहे हैं। देव बाईपास के कुछ हिस्सों में स्थानीय विरोध भी सामने आया है। बैठक में यह भी बताया गया कि एसएच–101 परियोजना की भौतिक प्रगति 87.26 प्रतिशत तथा वित्तीय प्रगति 85.35 प्रतिशत हो चुकी है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करते हुए भूमि हस्तांतरण, मुआवजा भुगतान एवं परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाई जाए। बैठक में अपर समाहर्ता, भू-अर्जन पदाधिकारी, डीसीएलआर सहित सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



## एचपीवी टीकाकरण शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय बैरांव में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सोमवार को किशोरियों के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान रेफरल अस्पताल कुटुंबा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नवल किशोर सिंह ने बताया कि इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को भविष्य में सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) जैसी जानलेवा बीमारी से सुरक्षित करना है। शिविर के दौरान विद्यालय की 9 से 14 वर्ष की आयु वर्ग की छात्राओं को प्राथमिकता के आधार पर टीका लगाया गया। यह आयु वर्ग टीकाकरण के लिए सबसे प्रभावी है क्योंकि इस समय दी गई खुराक से शरीर में सबसे अधिक रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है।

## रघुबिगहा ने कुरमा को क्रिकेट टूर्नामेंट में किया पराजित

**दाउदनगर (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** । प्रखंड के सिंदुआर ग्राम में सिंदुआर प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन रविवार की रात को किया गया। इसमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच रघुबिगहा और कुरमा के बीच खेला गया। कुरमा ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में 10 विकेट गंवाकर कुल 105 रन बनाया। वहीं सामना करते हुए रघुबिगहा की टीम ने सात ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए जीत हासिल कर लिया। टूर्नामेंट के मैन ऑफ द मैच रघुबिगहा टीम के कल्लू कुमार और मैन ऑफ द सीरीज कुरमा के गोलू कुमार को दिया गया। विजेता टीम रघुबिगहा में कैप्टन भोला पटेल के अलावा राजा पटेल, निशांत पटेल, कल्लू, छोटू, बिट्टू अंकुश, अंकित, जट्टा, यशवंत, चिंटू आदि ने भाग लिया।



# महिला औद्योगिक संस्थान में अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के महिला औद्योगिक संस्थान में सोमवार को अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन को लेकर व्यापक जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं और शिक्षकों को आगजनी सहित विभिन्न आपदाओं से सुरक्षित तरीके से निपटने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने की। इस दौरान अग्निशमन विभाग की टीम के आलोक कुमार, रोहित कुमार एवं कुंदन कुमार ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि आग लगने की घटनाएं अक्सर लापरवाही के कारण होती हैं, जिन्हें समय रहते सतर्कता अपनाकर रोका जा सकता है। प्रशिक्षण सत्र में आग के विभिन्न प्रकारों की पहचान, उनके अनुरूप अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग, एलपीजी सिलेंडर की वैधता (एक्सपायरी) की जांच, तथा आपातकालीन सेवाओं के नंबर 101 और 112 की जानकारी दी गई। साथ ही, गर्मी के मौसम में आग लगने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए विशेष सावधानियां बरतने पर जोर दिया गया।



## अंबेडकर विचार मंच की अंतिम समीक्षा बैठक संपन्न

**रफीगंज/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के एक निजी भवन में अंबेडकर विचार मंच द्वारा अंबेडकर जयंती के सफल आयोजन को लेकर अंतिम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामा शिश दास ने की। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। खासकर गांव-गांव से आने वाली झांकियों को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही नई प्रतिमा लाने की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। 14 अप्रैल को भव्य बाबासाहेब का झांकी निकाली जाएगी जिसमें रफीगंज विभिन्न पंचायत गांव से लोग आकर इसमें शामिल होंगे।

# अंबेडकर जयंती से पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व सोमवार को रफीगंज प्रखंड परिसर में एक सराहनीय पहल देखने को मिली।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर परिसर में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा एवं आसपास के स्थल की साफ-सफाई की। इस स्वच्छता अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने समाज को स्वच्छता और सम्मान का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने पूरे परिसर की सफाई करते हुए प्रतिमा स्थल को सुसज्जित किया, जिससे जयंती समारोह के पूर्व वातावरण स्वच्छ एवं आकर्षक बन सके। इस मौके पर स्वच्छता के प्रति समर्पित स्वच्छताग्राहियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यकर्ताओं ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज को स्वच्छ रखने में इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर दीनानाथ विश्वकर्मा, सुबोध कुमार सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, महामंत्री बालगोविंद साहू, लड्डू खान सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को दिशा देने का काम कर रहे हैं। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए स्वच्छता, समानता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना हम सभी की जिम्मेदारी है।



# बाल विवाह कराना एवं बढ़ावा देना दंडनीय अपराध : डीडीसी

## बाल विवाह की सूचना देने के लिए मोबाइल नंबर हुआ जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** अक्षय तृतीया के अवसर पर संभावित बाल विवाह की घटनाओं की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत बाल विवाह कराना, उसमें सहयोग करना अथवा उसे बढ़ावा देना दंडनीय अपराध है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की तथा 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है और इस प्रकार की घटनाओं में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विधि अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।सभी अनुमंडल पदाधिकारियों तथा प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष सतर्कता एवं निगरानी बनाए रखें। विशेष रूप से अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रमों पर पैनी नजर रखने को कहा गया है, ताकि किसी भी प्रकार की बाल विवाह की घटना को समय रहते रोका जा सके। इस अवसर पर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी श्रीमती रश्मि कुमारी ने बताया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के महादलित टोलों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। आमजन से अपील की है कि यदि कहीं बाल विवाह की सूचना मिले तो तत्काल हेल्पलाइन नंबर 181, 1098 अथवा 112 पर जानकारी दें। इसके अतिरिक्त जिला परियोजना प्रबंधक (महिला एवं बाल विकास) के मोबाइल नंबर 9955998057, जिला मिशन समन्वयक (मिशन शक्ति) के मोबाइल नंबर 9931925783 तथा वन स्टॉप सेंटर, बेगूसराय के मोबाइल नंबर 9771468005 पर भी संपर्क किया जा सकता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, आशा कार्यकर्ताओं तथा जीविका दीदियों से भी अपील की गई है कि वे बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के विरुद्ध सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही धार्मिक गुरुओं एवं समाजसेवियों के साथ समन्वय स्थापित कर जनजागरूकता अभियान को और सशक्त बनाया जा रहा है, ताकि समाज से इस कुप्रथा को समाप्त किया जा सके।

# 18 रक्तवीरों ने किया रक्तदान, किये गए सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**तेघड़ा।** दिव्यांशु एजुकेशनल वेलफ़ेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में संत पॉल पब्लिक स्कूल तेघरा के परिसर में सोमवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी रक्तवीरों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान करने वाले सभी दाताओं को ट्रस्ट की ओर से चादर एवं फलदार पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य न केवल रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना भी रहा। शिविर में विद्यालय के प्रबंधक




सुनील कुमार सिंह, ट्रस्टी हरेराम राय एवं संजय राय, विद्यालय की प्राचार्या तनु सौरव, समन्वयक रामकुमार मिश्र सहित विद्यालय परिवार के रामपुनीत राय, राजेंद्र कुमार, सुधांशु वत्स एवं संजीव कुमार राय समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस रक्तदान शिविर में रोटरी ब्लड बैंक बेगूसराय के चिकित्सकों की टीम पूरे समय सजग एवं सक्रिय रही। उनके मार्गदर्शन में कुल 18 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। रक्तदाताओं में अविनाश कुमार, रूपेश कुमार, विपिन कुमार, वैभव कुमार सहित अन्य कई लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वत्स सेवा समिति के रजनीश कुमार एवं साहिल सांडिल सहित स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। अंत में आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया।

# जनगणना पर्यवेक्षक व प्रगणक का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड क्षेत्र में जनगणना 2027 के प्रथम फ़ेज मकान गणना हेतु पर्यवेक्षक तथा प्रगणक के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के आयोजन सोमवार से एपीएस+2 विद्यालय नावकोठी में शुरु हुआ। प्रशिक्षक कुमुद रंजन, अभय कुमार ने उपस्थित कर्मियों को प्रथम दिन मकान गणना करने के तौर तरीके को विस्तार से जानकारी दी। प्रोजेक्टर के माध्यम से मकान गणना के क्रम में मकान की स्थिति यथा कच्चा, पक्का में वर्गीकरण करने, मकान के अंदर कमरे की संख्या, फर्श की स्थिति, शौचालय, पेयजल की उपलब्धता आदि का डाटा संग्रहित करते तथा उसे अपलोड करने की विधि की जानकारी दी। सारा डाटा पूरी तरह से गोपनीय रखने का निर्देश भी दिया गया। दो कमरे में 10 पर्यवेक्षक तथा 70 प्रगणकों ने प्रशिक्षण लिया। मौके पर कार्यपालक सहायक संदीप राम, भवानी कुमारी, सूरज कुमार, कुमारी संजना, पर्यवेक्षक सरोज कुमार, हर्षवर्धन कुमार, रमण झा, रंधीर कुमार, प्रगणक राजेश कुमार रमण, शुभम कुमार, वीरेन्द्र कुमार, प्रवीण कुमार, मनीष पाठक, विजय कुमार, रंजीत कुमार, रंजना कुमारी, ममता कुमारी आदि ने हिस्सा लिया।

# बच्चे देश के प्रति जिम्मेवार नागरिक बनें : डॉ शीतल देवा

## जालियावाला बाग दिवस पर भावुक हुआ विद्यालय परिसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शहर के माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में जालियावाला बाग हत्याकांड की स्मृति में एक प्रेरणादायक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत उन शहीदों की स्मृति में दो मिनट के मौन से हुई। जिन्होंने 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जालियांवाला बाग में अपनी जान गंवाई थी। बैशाखी के पावन दिन जनरल डायर द्वारा निहत्थे भारतीयों पर चलाई गई गोलियों ने इतिहास में एक काला अध्याय जोड़ दिया था। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अपने प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से इस घटना के महत्व को समझाया और बताया कि यह हत्याकांड भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक काला दिन होने के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण मोड़ भी साबित हुआ। संगीत शिक्षक के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने समूह में आओ बच्चे



तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की गीत प्रस्तुत किया, जिसने पूरे वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जालियावाला बाग हत्याकांड पर आधारित एक मार्मिक नाटक रहा। इस नाटक में विद्यार्थियों ने 1919 की उस घटना को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। जब ब्रिटिश सरकार द्वारा लागू किए गए रॉलेट एक्ट के विरोध में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के समीप स्थित जालियांवाला बाग में एक शांतिपूर्ण सभा आयोजित की गई थी। नाटक में दिखाया गया कि कैसे जनरल डायर अपने सैनिकों के साथ वहां पहुंचा। एकमात्र संकरे रास्ते को बंद कर दिया और निहत्थे लोगों पर गोलियां चलाने का आदेश दे दिया। बच्चों की इस प्रस्तुति ने सभी को भावुक कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ शीतल ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने देश के शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनें और अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करें।विद्यालय के निदेशक डॉ मनीष देवा ने कहा कि जालियांवाला बाग की घटना हमें यह सिखाती है कि आजादी कितने संघर्ष और बलिदान के बाद मिली है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए सदैव तैयार रहें और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझें।

# संगठन की मजबूती को लेकर केशरवानी वैश्य समाज की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**नावकोठी।** बिहार प्रदेश केशरवानी वैश्य समाज के संगठनात्मक विस्तार एवं विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श के लिए केशरवानी वैश्य सभा की प्रबंध समिति सह कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत झंडोतोलन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कुलगुरु महर्षि कश्यप जी महाराज के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। नगर सभा बखरी के अध्यक्ष दिलीप केशरी एवं महामंत्री गुड्डू केशरी ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। बैठक के दौरान क्षेत्र के इंटर एवं मैट्रिक परीक्षा में सफल मेधावी छात्र-छात्राओं को फूल, माला एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 22 मार्च को बिलासपुर में आयोजित हुए अखिल भारतीय केशरवानी वैश्य महासभा की बैठक पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष अश्वत्थामा केशरी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाए रखना के लिए हर स्तर पर सक्रियता बढ़ाना जरूरी है। वही केशरवानी महिला समिति की नगर अध्यक्ष केसरी मैरी ने अपने संबोधन में कहा कि हम महिलाओं के समग्र विकास हेतु तत्पर है। इस महासभा में उन्होंने अपने वरीय पदाधिकारी से एक प्रस्ताव जोड़ने की गुजारिश की, जिसमें उन्होंने कहा कि महिला हमेशा हर समय हर समाज में शारीरिक एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ रहती है। जबकि मनुष्य का सबसे महत्वपूर्ण अंग स्वस्थ शरीर होता है। इसलिए मैं चाहती हूं कि वैश्य समाज की सभी महिलाओं को नारी सशक्तिकरण के तहत निशुल्क व्यायाम एवं परामर्श देने हेतु एक प्रस्ताव लिया जाए। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण मेरे द्वारा निशुल्क दिया जाएगा। जिससे समाज में महिलाओं का स्तर और ऊंचा हो एवं स्वस्थ होकर और आगे बढ़े। अंत में नगर सभा अध्यक्ष दिलीप केशरी ने सभी अतिथियों, पदाधिकारी एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री सतेंद्र केशरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्जुन केशरी, अमित केशरी, राजेश केशरी, संजय केशरी, दीपा केशरी, सुरेंद्र केशरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# नारी शक्ति का सशक्त संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटिहार।** भाजपा की ओर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जिला अतिथि गृह में प्राणपुर की विधायक सह भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री निशा सिंह ने प्रेस वार्ता की। आयोजित प्रेस वार्ता में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के संदर्भ में मीडिया बंधुओं से सार्थक संवाद किया और कहा कि यह ऐतिहासिक अधिनियम केवल आरक्षण तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समान अवसर और सशक्त लोकतंत्र की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि नारी सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के संकल्प के साथ हम सभी मिलकर एक ऐसे समाज के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जहां महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और प्रगति के हर द्वार सुलभ हों। प्रेस को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आज देश की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का परिचय दे रही हैं।

# दिव्यांगता प्रमाण पत्र को लेकर 22 को लगेगा शिविर

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**नावकोठी।** यूडीआईडी कार्ड निर्माण हेतु जागरूकता अभियान चलाने के उद्देश्य से आशा कार्यकर्ताओं की बैठक पीएचसी नावकोठी में सोमवार को हुई। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि सभी दिव्यांग जनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्माण हेतु पीएचसी नावकोठी में 22 अप्रैल को शिविर लगेगा। यूडीआईडी पोर्टल पर अत्यधिक आवेदनों की संख्या को देखते हुए सीएस बेगूसराय ने ऐसा आदेश जारी किया है। इसके लिए फिजिशियन डा राजीव रंजन चौधरी, आर्थो डा दिवाकर सिंह, नेत्र सहायक हर्ष राज तथा पीएचसी के एक चिकित्सक की तैनाती की गई है। नेत्र दिव्यांग जनों को जिन्हें शिविर में चिह्नित किया गया है उन्हें नेत्र विशेषज्ञ सदर अस्पताल बेगूसराय में प्रत्येक शुक्रवार तथा शनिवार को नेत्र परीक्षण कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया है। शिविर में आने वाले दिव्यांगजनों को अपने साथ दो फोटो तथा आधार कार्ड की छाया प्रति लाना अनिवार्य है। इसकी जानकारी आशा कार्यकर्ताओं को अपने पोषक क्षेत्र से लाभुकों को जागृत कर आयोजित शिविर में लाने का निर्देश दिया। मौके पर बीसीएम उषा कुमारी, फ़ेसिलेटर रूक्मिणी देवी, आशा शबनम, रौशन, सावित्री, मालती, कुंदन, प्रतिमा, पुष्पम, इदु आदि आशा ने हिस्सा लिया।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में मालीपुर व कुंमर टोल की टीम विजयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** नवयुवक क्रिकेट क्लब सिमरी के तत्वावधान में आयोजित शॉर्ट बाउंड्री क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। आज खेले गए दूसरे और तीसरे लीग मैच में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। दूसरा लीग मैच घाघरा और मालीपुर के बीच खेला गया, जिसमें मालीपुर की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए जीत दर्ज की। वहीं तीसरा लीग मैच महाकाल क्रिकेट ग्रुप, चौधरी टोल सिमरी और कुंमर टोल के बीच खेला गया। महाकाल क्रिकेट ग्रुप की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में कुंमर टोल को 49 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में कुंमर टोल की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 8 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुंमर टोल के खिलाड़ी विकास को 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार देकर मेडल से सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में निर्णायक अंपायर की भूमिका संतोष और मनीष ने निभाई। वहीं आयोजन की व्यवस्था में गुड्डू, मनीष, नीरज, पवन, राजेश सहित नवयुवक क्रिकेट क्लब के कई सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहे। यह टूर्नामेंट सिमरी स्थित अति पिछड़ा प्लस टू बालिका विद्यालय, मनरेगा भवन के सामने मैदान में आयोजित हो रहा है, जहां मुकाबलों को देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक उमड़ रहे हैं।

# हवन-पूजन और महाप्रसाद के साथ श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बौंसी/बांका।** बौंसी नगर पंचायत क्षेत्र के सिराय गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का सोमवार को श्रद्धा और वैदिक परंपरा के साथ संपन्न हो गया। अंतिम दिन हवन-पूजन और महाप्रसाद वितरण के साथ पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। सात दिनों से चल रहे इस आध्यात्मिक आयोजन के अंतिम दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ यज्ञ स्थल पर उमड़ पड़ी। पूरा परिसर 'हरे कृष्ण' और 'राधे-राधे' के जयघोष से गूंजता रहा। रविवार रात्रि कथा के अंतिम सत्र में कथावाचक गौरव कृष्ण चंद्र शास्त्री ने श्रीमद्भागवत कथा का सार प्रस्तुत किया। कथावाचक ने अपने प्रवचन में धर्म, सत्य और सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और सामाजिक सद्भाव का माध्यम है। उन्होंने बताया कि



मानव जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक उपलब्धियां नहीं, बल्कि आध्यात्मिक उन्नति भी है। कथा श्रवण से मन, वचन और कर्म की पवित्रता आती है। सोमवार को विधिवत हवन-पूजन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने आहुति दी और परिवार व समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन समिति के अनुसार, सप्ताह भर चले इस महायज्ञ में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं की भागीदारी रही। कथा के दौरान भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित किए गए। समापन अवसर पर महाप्रसाद का वितरण किया गया तथा कलश विसर्जन के साथ कार्यक्रम का औपचारिक समापन हुआ। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष मृणाल आनंद साह, उपाध्यक्ष अजय मंडल, कोषाध्यक्ष बम-बम साह सहित समिति के सभी सदस्यों और सहयोगियों की सक्रिय भूमिका रही। सिराँय गांव में आयोजित इस सप्ताह भर के धार्मिक अनुष्ठान ने न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया, बल्कि सामाजिक एकता और भक्ति भाव का भी संदेश दिया।

# हंगामेदार रही अमरपुर नगर पंचायत की सामान्य बोर्ड की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**अमरपुर (बांका)।** नगर पंचायत की सामान्य बोर्ड बैठक सोमवार दोपहर 2 बजे आयोजित हुई, लेकिन यह बैठक कम और आरोप-प्रत्यारोप का अखाड़ा ज्यादा नजर आई। दिलचस्प यह है कि जो बैठक 31 मार्च तक हो जानी चाहिए थी, वह अप्रैल में हो रही है—यानी समय पर काम करने की परंपरा यहां शायद विचाराधीन ही रहती है। इससे पहले दो बार पार्षदों द्वारा होल्डिंग टैक्स और अन्य अनियमितताओं के विरोध में बैठक स्थगित हो चुकी थी, लेकिन इस बार बैठक हुई तो हंगामे के साथ। बैठक में पार्षद पप्पू साह, पंकज



दास समेत कई जनप्रतिनिधियों ने नगर पंचायत के कामकाज पर जमकर सवाल उठाए। पार्षदों का आरोप था कि होल्डिंग टैक्स वसूली में भारी अनियमितता हुई है और टैक्स दारोगा के मनमाने प्रशासन ने नगर पंचायत की आमदनी को जैसे ब्रेक लगा दिया हो। पार्षदों ने तंज कसते हुए कहा कि जहां बौसी और कटोरिया जैसे नए नगर पंचायत 1 करोड़ से ज्यादा टैक्स वसूल रहे हैं, वहीं अमरपुर किसी तरह 30 लाख पर अटका हुआ है—ऐसा लगता है मानो यहां टैक्स वसूली नहीं, सहनशीलता की परीक्षा चल रही हो। सरकार द्वारा 31 मार्च 2026 तक टैक्स पर ब्याज छूट की घोषणा के बावजूद कोई प्रभावी जागरूकता अभियान नहीं चलाया गया इस पर भी सवाल उठे—या तो लोगों को जानकारी नहीं दी गई, या फिर जानकारी देने की जिम्मेदारी भी फाइलों में आराम कर रही थी। पार्षदों ने टैक्स दरोगा के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए साफ कहा कि अब बर्खास्तगी से कम कुछ मंजूर नहीं। साथ ही निगरानी विभाग से जांच कराने की सिफारिश भी की गई। आरोप यह भी लगा कि नगर पंचायत कार्यालय में पार्षदों के साथ सम्मानजनक व्यवहार तक नहीं किया जाता—यानी जनता के प्रतिनिधि ही यहां आम नागरिक जैसा व्यवहार झेल रहे हैं।

# भागलपुर में आधारभूत संरचना को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिलाधिकारी, डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में आज आधारभूत संरचना से संबंधित एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में आयोजित इस बैठक में लंबित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल नवगछिया द्वारा सूचित किया गया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत 04 योजनाओं के सरकारी भूमि की पैमाइश ना होने के कारण लंबित है। जो अंचल इस्माइलपुर, रंगरा चौक एवं नवगछिया से संबंधित है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि अनुमंडल पदाधिकारी नवगछिया से व्यक्तिगत समन्वय स्थापित करें एवं भूमि की पैमाइश करा कर योजनाओं को पूर्ण कराएं। कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन पूर्वी एवं पश्चिमी द्वारा सूचित किया गया कि पीआरडी वार्ड में छूटे हुए टोलो का हर घर नल का जल योजना अंतर्गत विभिन्न वार्डों में जलापूर्ति का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि भीषण गर्मी को देखते हुए जलापूर्ति से संबंधित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण कराएं। इसके लिए सभी संवेदकों के साथ नियमित बैठक भी आयोजित करें। कार्यपालक अभियंता बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा सूचित किया गया कि प्रखंड गोराडीह एवं इस्माइलपुर में आउटडोर स्टेडियम के निर्माण हेतु नई भूमि का प्रस्ताव संबंधित अंचल अधिकारी से आप प्राप्त है। जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि संबंधित अंचल अधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करें एवं इसे यथाशीघ्र पूर्ण करें। भवन निर्माण कार्य प्रमंडल भागलपुर एवं स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के माध्यम से निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन के लंबित योजनाओं पर खेद व्यक्त किया गया। जिलाधिकारी द्वारा दोनों कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया गया कि लंबित पंचायत सरकार भवनों के निर्माण हेतु संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर सार्थक प्रयास किया जाए।

# जनगणना को लेकर कर्मियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरु

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**डंडखोरा/कटिहार।** भारत का जनगणना 2027 को लेकर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शुरु हो गया है। किसान भवन सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रशिक्षण प्रभारी सह प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवानी गुप्ता मौजूद रहे। वहीं तीन दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन प्रशिक्षक द्वय सुनील कुमार झा एवं अनिल कुमार सिंह ने उपस्थित 50 प्रशिक्षकों एवं पर्यवेक्षकों को नजरी नक्शा बनाने, उसमें संकेत अंकित करना और मकान गणना, परिवार गणना के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से मौखिक एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रायोगिक रुप में बताया।इस क्रम में प्रगणकों ने सवाल भी किये। जिसका प्रशिक्षकों द्वारा सरल शब्दों में बताकर संतुष्ट किया। राज्य से नामित नोडल अधिकारी मो. अताउर रहमान तथा आशीष साह ने प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने चार्ज पदाधिकारी एवं प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षकों को जनगणना को लेकर कई निर्देश भी दिये।इस बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में जनगणना के लिए 143 प्रगणक तथा 24 पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसको तीन ग्रुप में बांटकर प्रत्येक ग्रुप को तीन-तीन दिन तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि आज के प्रशिक्षण में 50 प्रशिक्षु शामिल हुए हैं। प्रशिक्षण सफल बनाने में प्रखंडकर्मी इंद्रजीत कुमार, अवधेश पासवान, संजय विश्वास, अनिल साह, शाश्वत त्रिपाठी, कुणाल कुमार, सद्दाम आदि कर्मी सक्रिय रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पति-पत्नी और मासूम...

से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज डीएमसीच और निजी क्लिनिक में चल रहा है। जिला आपदा पदाधिकारी शमीम अख्तर ने बताया कि सिलिंडर में आग लगने की सूचना पर टीम मौके पर पहुंची थी। इस घटना में तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि एक अग्निशमन पदाधिकारी सहित कई लोग घायल हैं। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीच भेज दिया गया है और घायलों का इलाज जारी है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### बिहार में नई सरकार...

भवन में रुकेंगे। पीएम 15 अप्रैल को नई सरकार के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे। जनता दल यूनाईटेड के वरिष्ठ नेता संजय झा और विजय चौधरी की ओर से पिछले 24 घंटे में जो बयान जारी किया गया है, उससे साफ लग रहा है कि मुख्यमंत्री के नाम पर जदयू का कोई खास लेना देना नहीं है। जदयू का स्पष्ट कहना है कि मुख्यमंत्री भाजपा को ही तय करनी है। इधर भाजपा में मुख्यमंत्री पद लेकर चर्चा चल रही है। पर्यवेक्षक बने शिवराज सिंह चौहान के आने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने साफ कहा कि 14 अप्रैल को पहले भाजपा के विधायक दल की बैठक होगी। इसके बाद सरकार के गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। सबकुछ तय कार्यक्रम के अनुसार ही चल रहा है। भाजपा की बैठक के बाद एनडीए के विधायक दल के नेताओं की बैठक होगी। इसमें सभी विधायक भाजपा की ओर से तय किए गए चेहरे पर अपनी

# पीरो में नहीं शुरु हुई रसोई गैस की होम डिलेवरी

**एसडीओ के निर्देश के बावजूद होम डिलेवरी नहीं हुई शुरू**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पीरो।** पीरो अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में कस्बों में आम उपभोक्ताओं को पिछले एक माह से रसोई गैस की होम डिलेवरी नहीं मिल रही है। हालांकि अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय ने स्थानीय गैस एजेंसी को रसोई गैस की होम डिलेवरी शुरु करने का निर्देश दिया है पर गैस एजेंसी द्वारा उक्त आदेश की अनसुनी कर अपनी मनमर्जी की जा रही है। गैस एजेंसी की इस मनमानी से आम उपभोक्ताओं की परेशानी बढ गई है। खासकर जिन परिवारों में पुरुष सदस्य नहीं है या उम्रदराज हैं। उन परिवारों के लिए रसोई गैस की होम डिलेवरी बंद मुसीबत खड़ी हो गई है। बुजुर्ग व महिलाओं को रसोई गैस के लिए घंटों कतार में खड़े होकर इंतजार करना संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में इन परिवारों को भोजन का संकट पैदा हो गया है। इधर रसोई गैस की होम डिलेवरी नहीं होने से आम उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर के साथ गैस एजेंसी द्वारा तय स्थान पर सुबह से ही कतार में खड़ा होना पड रहा है। यहां घंटों इंतजार के बाद भी कतार में खड़े उपभोक्ता को गैस सिलिंडर मिलेगा या नहीं यह तय नहीं है। कतार में खड़े उपभोक्ता को जब रसोई गैस नहीं मिल रही है तो उनमें आक्रोश स्वभाविक है। ऐसे में प्रतिदिन रसोई गैस के लिए हंगामा खड़ा हो रहा है। कुछ उपभोक्ता जिन्हें प्रशासन व गैस एजेंसी द्वारा बुकिंग के तीन से चार दिन में रसोई गैस का होम डिलेवरी देने का आश्वासन दिया गया था, 10 दिन बाद भी होम डिलेवरी नहीं मिलने से नाराज हैं। पीरो नगर के वार्ड नंबर 16 निवासी 80 वर्षीय सेवानिवृत शिक्षक गोपाल जी कहते हैं कि उनके लिए कतार में खड़े होकर गैस के लिए इंतजार करना संभव नहीं है। उनके अनुसार स्थानीय अजय इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक द्वारा भेद्भाव व मनमानी की जा रही है। वहीं अजय कुमार सिंह ने बताया कि एक सप्ताह पहले बुकिंग के बावजूद उन्हें रसोई गैस की आपूर्ति नहीं की गई है जबकि एसडीएम द्वारा एजेंसी को होम डिलेवरी शुरु करने का स्पष्ट आदेश जारी किया गया है। दूसरे कई अन्य उपभोक्ताओं ने अजय इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक पर मनमानी व परेशान करने का आरोप लगाया है।

# इंडिया गठबंधन की बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर-सह-बक्सर स्थानीय प्राधिकार निर्वाचन क्षेत्र के बिहार विधान परिषद् उपचुनाव की तैयारी के क्रम में इंडिया गठबंधन समर्थित राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी सोनू कुमार राय के पक्ष में महत्वपूर्ण बैठक होटल समृद्धि, आरा में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता राजद भोजपुर के जिलाध्यक्ष वीरबल यादव ने की। वहीं संचालन प्रधान महासचिव रामबाबू पासवान ने किया। बैठक में इंडिया गठबंधन के विभिन्न घटक दलों के वरिष्ठ नेताओं, त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगर निकाय के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और चुनावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए एमएलसी प्रत्याशी सोनू कुमार राय ने कहा कि यह उपचुनाव पंचायत और नगर निकाय के जनप्रतिनिधियों के सम्मान, हक और अधिकार की लड़ाई है। वर्षों से उनके अधिकारों की अनदेखी की गई है। हमें पूरी ताकत के साथ गांव-गांव जाकर उनसे जुड़ना है, उनकी समस्याओं को समझना है। वहीं पूर्व विधान पार्षद लालदास राय ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ एक सीट का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और जनप्रतिनिधियों के सम्मान का चुनाव है। इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती के साथ मैदान में है और हम सब मिलकर इस चुनाव को ऐतिहासिक जीत में बदलेंगे। वहीं राजद के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व आरा सदर के पूर्व विधायक मो. नवाज आलम उर्फ अनवर आलम ने कहा कि यह चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि विचारधारा और भविष्य की दिशा तय करने का निर्णायक क्षण है। वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक विजयेंद्र यादव ने कहा कि जनता बदलाव चाहती है सोनू राय इस आवाज को बुलंद करने का कार्य करेंगे। वहीं भाकपा माले के पूर्व विधायक शिव प्रकाश रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी घटक दल पूरी एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेंगे। मौके पर पूर्व विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया, अरुण यादव, भाई दिनेश, चंद्रदीप सिंह, राजू यादव, किशोर कुणाल, सीपीआई जिला सचिव कामरेड अभ्युदय, जिप अध्यक्ष आशा देवी, लाल बिहारी सिंह, वीआईपी जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश बिंद, राजद प्रवक्ता आलोक रंजन, युवा राजद जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, जिप सदस्य भीम, हरिफन, सोनू रजक, जिप्सा आनंद, मदन चंद्रवंशी, आरती देवी, रजनीश यादव, धनजीत, जितेंद्र प्रताप सिंह, मुखिया गुड्डू यादव, वीर बहादुर यादव, राम ईश्वर, राम सुभग बिंद, प्रो. सियाराम राय आदि थे।

# वृद्धावस्था अभिशाप नहीं, एक अवसर है : प्रो शैलेन्द्र

## 'बुढ़ापे को अपनाना एक सकारात्मक दृष्टिकोण' का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**आरा (भोजपुर)।** वृद्धावस्था जीवन का एक स्वाभाविक और महत्वपूर्ण चरण है, जिसे प्रायः लोग नकारात्मक दृष्टि से देखते हैं। लेकिन वास्तव में यह समय अनुभवों की परिपक्वता, आत्मचिंतन और जीवन के सार को समझने का होता है। यह वह अवस्था है जहाँ व्यक्ति अपने जीवन की उपलब्धियों को संजोते हुए शांति और संतोष का अनुभव कर सकता है। प्रस्तुत पुस्तक ल्लबुढ़ापे को अपनानाः एक सकारात्मक दृष्टिकोण का लोकोर्पण वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शैलेन्द्र कुमार चतुर्वदी ने किया। पुस्तक के सम्पादक प्रो लतिका वर्मा एवं सह सम्पादक डॉ. कुमारी प्रीतिका एवं डॉ. वाचसपति दुबे हैं। कुलपति प्रो चतुर्वेदी ने इसी विचारधारा को आगे बढ़ाती है कि वृद्धावस्था कोई अभिशाप नहीं, बल्कि एक अवसर है। अपने अधूरे सपनों को पूरा करने का, अपने शौक और रुचियों को फिर से जीवंत करने का, और जीवन के हर क्षण को नए उत्साह के साथ जीने का। इस अवस्था में आर्थिक सुरक्षा, शारीरिक सक्रियता, मानसिक सुदृढ़ता और भावनात्मक संतुलन अत्यंत आवश्यक हैं। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, सकारात्मक सोच और सामाजिक जुड़ाव व्यक्ति को स्वस्थ और प्रसन्न बनाए रखते हैं। साथ ही, परिवार और समाज का सहयोग भी इस यात्रा को और अधिक सहज और सुखद बना देता है। वास्तव में, वृद्धावस्था 'सेवानिवृत्ति' का नहीं, बल्कि 'पुनर्निर्माण' का समय है।

# आरा की बेटी साक्षी का राष्ट्रीय मंच पर चयन, पीएम से करेंगी वर्चुअल संवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा (भोजपुर)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत महाराजा बहादुर राम रणविजय प्रसाद सिंह महाविद्यालय की छात्रा साक्षी कुमारी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। स्नातकोत्तर वनस्पतिशास्त्र विभाग की छात्रा एवं एनएसएस स्वयंसेवक साक्षी का चयन 'माय भारत बजट क्वेस्ट 2026' के अंतिम चरण के लिए हुआ है। इस उपलब्धि के साथ ही साक्षी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आयोजित राष्ट्रीय स्तर के वर्चुअल संवाद में शामिल होने का अवसर मिला है। इस प्रतियोगिता में देशभर से चुनिंदा प्रतिभागियों का चयन किया गया है, जिनमें साक्षी भी शामिल हैं। यह संवाद रविवार और सोमवार को आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय के लिए यह उपलब्धि ऐतिहासिक मानी जा रही है। साक्षी की सफलता से शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं में हर्ष का माहौल है। वनस्पतिशास्त्र विभाग तथा एनएसएस इकाई ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। महाविद्यालय प्रशासन ने कहा कि साक्षी जैसी मेधावी छात्राएं अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा हैं। उनकी सफलता यह दर्शाती है कि कड़ी मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना संभव है।

# गोल्डन ऑवर में बेहतर प्रबंधन से 102 एम्बुलेंस सेवा बन रही जीवनरक्षक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**आरा (भोजपुर)।** आपातकालीन स्थिति में समय पर उचित उपचार मिलने से मरीज की जान बचाई जा सकती है। 102 एम्बुलेंस सेवा इस महत्वपूर्ण समय में त्वरित सहायता प्रदान कर स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बना रही है। दरअसल इस सेवा का संचालन राज्य सरकार के सहयोग से जेन प्लस सर्विसेज द्वारा पुर्णतः निःशुल्क किया जा रहा है। कंट्रोल रूम में कॉल प्राप्त होते ही तुरंत एम्बुलेंस को लोकेशन पर भेजा जाता है। रास्ते में प्रशिक्षित ईएमटी स्टाफ मरीज को आवश्यक प्राथमिक उपचार देते हैं, जिससे उनकी स्थिति को स्थिर रखा जा सके। यह सेवा लगातार अपने रिस्पॉन्स टाइम और कार्यक्षमता को बेहतर बनाने पर कार्य कर रही है। भोजपुर जिले में जेन प्लस के द्वारा कुल 49 एम्बुलेंस संचालित हो रही है, जो किसी भी आपातकालीन स्थिति में स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने में सक्षम है, इनमें 14 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस), 33 बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) एम्बुलेंस और 2 शव वाहन शामिल हैं। इनकी सहायता से प्रतिदिन औसतन 114 मरीजों को निःशुल्क आपातकालीन सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। मार्च 2026 के आंकड़ों के अनुसार, भोजपुर में कुल 3,519 मामलों में सहायता दी गई। इनमें 2,374 गर्भवती महिलाएं, 94 नवजात शिशु, 170 सड़क दुर्घटना के मामले और 881 अन्य आपातकालीन स्थितियां शामिल हैं। जेन प्लस बिहार के प्रोजेक्ट हेड दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए जिले में 102 निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा पूरी तरह सक्रिय है, किसी भी व्यक्ति को तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होने पर 102 नंबर पर कॉल कर इस सेवा का निःशुल्क लाभ लिया जा सकता है।

# प्राइवेट स्कूलों में वार्षिक शुल्क के नाम पर हो रही मोटी रकम की वसूली

**प्रति वर्ष शुल्कों में हो रही मनमानी वृद्धि**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पीरो।** अनुमंडल अंतर्गत निजी विद्यालयों में वार्षिक शुल्क के नाम पर छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से भारी-भरकम राशि की वसूली हो रही है। इसका खुलासा हाल में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पीरो द्वारा कतिपय विद्यालयों के निरीक्षण के क्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। इतना ही नहीं बल्कि निरीक्षण में यह बात भी सामने आई कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा हर साल मासिक शुल्क में मनमानी वृद्धि की जा रही है। कहीं-कहीं विद्यालय प्रबंधन द्वारा पाठ्य-पुस्तकों व स्कूल यूनिफार्म की बिक्री विद्यालय में ही की जाती है या फिर किसी निर्धारित दूकान से ही पाठ्य-पुस्तक, यूनिफार्म, जूते, टाई-बेल्ट आदि खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है। पीरो अनुमंडल मुख्यालय स्थित पुष्पा उच्च विद्यालय के निरीक्षण में पाया गया कि इस साल विद्यालय प्रबंधन द्वारा आठ से दस प्रतिशत तक मासिक शुल्क में वृद्धि की गई है जबकि नियमानुसार सात प्रतिशत से अधिक की मासिक शुल्क वृद्धि नहीं की जानी है। यहां बच्चों द्वारा यह खुलासा किया गया कि उन्हें निर्धारित दुकान से यूनिफार्म खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है। इसी तरह मां गायत्री पब्लिक स्कूल हसनबाजार के निरीक्षण में भी पाया गया कि विद्यालय में ही निजी प्रकाशन की पुस्तकें व यूनिफार्म की बिक्री की जा रही है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही है कि विद्यालय में एक भी प्रशिक्षित शिक्षक नहीं हैं। अरुण इंटरनेशनल स्कूल केशवां के निरीक्षण में वार्षिक शुल्क वसूली, विद्यालय में पुस्तक व यूनिफार्म की बिक्री तथा अप्रशिक्षित शिक्षकों से शिक्षण कार्य कराने का मामला सामने आया है । वहीं जीडी अनिल डीएवी पब्लिक स्कूल पीरो के निरीक्षण में वार्षिक शुल्क के नाम पर छह हजार से आठ हजार रुपये तक की वसूली, विद्यालय में ही पुस्तकों की बिक्री व मनमाना मासिक शुल्क वृद्धि का मामला उजागर हुआ। इस मामले में बीईओ द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन भेजा गया है। इस संबंध में जीडी अनिल डीएवी पब्लिक स्कूल पीरो के प्रिंसिपल शनि कुमार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि वार्षिक शुल्क में बिजली, दाई, फर्निचर आदि का खर्च व एक महीने का ट्यूशन फी शामिल है। जिसे लेना हमारी मजबूरी है।

# बेहतर शिक्षा और अनुशासन ही सफलता की असली कुंजी

## शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव की लहर, रूबी कोचिंग ने तय की भविष्य की नई राह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जगदीशपुर (भोजपुर)।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान रूबी कोचिंग के डायरेक्टर ऐनुल रशीद अंसारी ने छात्रों के भविष्य और शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर अपना महत्वपूर्ण पक्ष रखा है। उन्होंने कोचिंग संस्थान के परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया. शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों के चेहरे पर अपनी मेहनत का फल पाकर खुशी की लहर साफ देखी गई। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने संस्थान के मुख्य उद्देश्यों और शिक्षण शैली पर प्रकाश डाला। डायरेक्टर ने अपने बयान में कहा कि किसी भी छात्र की सफलता केवल उसकी बुद्धिमत्ता पर नहीं, बल्कि उसके अनुशासन और निरंतर अभ्यास पर निर्भर करती है। रूबी कोचिंग में छात्रों को न केवल किताबी ज्ञान दिया जाता है, बल्कि उन्हें समय प्रबंधन और कठिन चुनौतियों का सामना करने के लिए भी मानसिक रूप से तैयार किया जा रहा है। ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का लक्ष्य संस्थान का मुख्य ध्यान उन मेधावी छात्रों पर है जो संसाधनों के अभाव में पीछे रह जाते हैं। डायरेक्टर के अनुसार, कोचिंग का उद्देश्य कम फीस में उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करना है ताकि गाँव और कस्बे के बच्चे भी बड़े पदों पर आसीन हो सकें। उन्होंने बताया कि संस्थान में समय पर टेस्ट सीरीज और विशेष डाउट क्लास का आयोजन किया जाता है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों की पढ़ाई को लेकर नियमित रूप से संस्थान के संपर्क में रहें ताकि मिलकर बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकें।

# 31.60 क्विंटल प्रति हेक्टेयर गेहूं की उपज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**उदवंतनगर (भोजपुर)।** भोजपुर जिले के उदवंतनगर प्रखंड के स्थानीय पंचायत उदवंतनगर में 2025-26 के लिए रबी (गेहूं) फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा किया गया। फसल कटनी प्रयोग प्रखंड क्षेत्र के कसाप गांव निवासी किसान नीतेश कुमार सिंह उर्फ़ करिया सिंह के खेत में संपन्न हुआ। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी मदन नारायण सिंह ने बताया कि फसल कटनी का प्रयोग 10 गुणा 5 वर्ग मीटर के प्लाट संख्या 4505 में किया गया। 10 गुणा 5 वर्ग मीटर में कुल उत्पादन 15.800 किलो ग्राम हुआ जिसके आधार पर उपज दर 31 क्विंटल 60 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर आंकी गई। मौके पर प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार पांडेय, किसान सलाहकार सोनू कुमार, पंचायत समिति सदस्य कमलेश सिंह सहित अन्य कर्मी, ग्रामीण एवं गणमान्य मौजूद थे। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि फसल कटनी प्रयोग के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर जिले के सभी पंचायतों में इसी तरह के प्रयोग किए जा रहे हैं। इनका निरीक्षण जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जाता है, ताकि आंकड़ों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि इन आंकड़ों का उपयोग फसल सहायता योजना समेत किसानों के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ निर्धारण में किया जाता है। साथ ही राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आकलन एवं राष्ट्रीय स्तर पर खाद्य नीति, आयात-निर्यात संबंधी नीतियों के निर्माण में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। किसानों को फसल सहायता बीमा योजना का लाभ भी दिया जाता है।

# सुंदरपुर-बरजा पंचायत भवन का रास्ता जर्जर होने से ग्रामीणों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा (भोजपुर)।** बड़हरा प्रखंड के सुंदरपुर बरजा ग्राम पंचायत का पंचायत भवन जाने वाला मुख्य रास्ता बदहाल स्थिति में है। ग्रामीणों का आरोप है कि जर्जर सड़क पर किसी का ध्यान नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह पंचायत भवन को जोड़ने वाला गांव का मुख्य आवागमन का रास्ता हैं। बरसात में कीचड़ और गर्मी में उड़ती धूल से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बुजुर्ग, बच्चे और बीमार लोगों को पंचायत भवन तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सुंदरपुर बरजा विधानसभा बड़हरा क्षेत्र में भाजपा को सबसे ज्यादा वोट इसी इलाके से मिलता है। इसके बावजूद विकास कार्यों में यह पंचायत उपेक्षित है। कई बार मुखिया और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने मांग की है कि पंचायत भवन के इस जर्जर रास्ते की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए। लोगों का कहना है कि समस्या को लेकर वे हर तरह का सहयोग देने को तैयार हैं, बस यह खबर विधायक और प्रशासन तक पहुंचनी चाहिए ताकि समस्या का समाधान हो सके। स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन और विधायक से अपील की है कि गांव के इस मुख्य रास्ते का निरीक्षण कर तुरंत निर्माण कार्य शुरू कराया जाए, जिससे आम लोगों को राहत मिल सके।

# जनगणना प्रशिक्षण में अनुपस्थिति बर्दाश्त नहीं : बीडीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी/कटिहार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज पदाधिकारी धीरेन्द्र कुमार धीरज की ओर से जनगणना कार्य को लेकर अत्यावश्यक निर्देश जारी किया गया है। सूचना में सख्त निर्देश दिया गया है कि जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त एवं चिन्हित सभी पर्यवेक्षक, प्रगणक एवं शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। निर्देश में बताया गया है कि यदि कोई कर्मी किसी अन्य प्रशिक्षण या सरकारी कार्य में संलग्न हैं, तब भी उन्हें जनगणना प्रशिक्षण में भाग लेना अनिवार्य होगा। किसी भी परिस्थिति में निर्धारित तिथि पर आयोजित जनगणना प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बीडीओ ने बताया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा। सभी संबंधित कर्मियों को समय पर प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# नीतीश कुमार की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस के पूर्व विधान पार्षद जदयू में शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना/आरा।** मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार की दूरदर्शी नीतियों एवं विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधान पार्षद डॉ. अजय कुमार सिंह ने जदयू का दामन थाम लिया है। पटना स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने डॉ. अजय कुमार सिंह को सदस्यता पर्ची प्रदान कर उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि डॉ. अजय कुमार सिंह जैसे अनुभवी नेता के आने से पार्टी को संगठनात्मक मजबूती मिलेगी। इस दौरान विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह विधायक भगवान सिंह कुशवाहा, विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी, विधायक अनिल कुमार, वासुदेव कुशवाहा सहित कई गणमान्य नेतागण मौजूद रहे। डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास और सुशासन का काम हुआ है। उनकी समाजवादी विचारधारा और सबको साथ लेकर चलने की नीति से प्रभावित होकर उन्होंने जदयू में शामिल होने का निर्णय लिया।

# कांडों के निष्पादन पर दिया गया जोर

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक के कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसपी शिखर चौधरी ने की। बैठक के दौरान कांडों के निष्पादन, अपराध नियंत्रण तथा संवेदनशील स्थानों पर सतत निगरानी, सभी थाना क्षेत्र में नियमित गश्ती, सघन वाहन जांच, तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी की बात कही गई।

# क्रेन ऑपरेटर की बेटी तेजस्विनी बनी डॉक्टर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पीरो (भोजपुर)।** चरपोखरी प्रखंड के नगरी गांव की तेजस्विनी प्रसाद एमबीबीएस डाक्टर बन गई है। एक अति साधारण परिवार की इस बेटी ने यह महत्वपूर्ण मुकाम हासिल कर परिवार के साथ साथ गांव के लोगों को गौरवान्वित किया है। तेजस्विनी के पिता शंभू मोहन प्रसाद एक निजी कंपनी में क्रेन आपरेटर का काम करते हैं जबकि माता सामान्य गृहिणी है। आर्थिक तंगी के बावजूद तेजस्विनी ने अपनी कठिन मेहनत व दृढ इच्छाशक्ति की बदौलत यह महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है। नीट जैसे कठिन प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने के बाद तेजस्विनी का नामांकन वसंत राव नाइक चिकित्सा महाविद्यालय महाराष्ट्र में हुआ था जहां चार सालों तक संघर्ष करके उसने एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। तेजस्विनी की दादी डा. शैल कुमारी एक ख्यातिलब्ध चिकित्सक थी। जिनसे प्रेरित होकर तेजस्विनी ने सफल चिकित्सक बनने का निश्चय किया है। तेजस्विनी की इस सफलता पर चाचा प्रीतम कुमार, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, सुरेंद्र पासवान सहित कई अन्य लोगों ने बधाई दी है।

# जनता दरबार में आने वाले मामलों को समय सीमा के भीतर निपटाएं : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** अपने कार्यालय कक्ष में सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान कुल 42 परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

# औरंगाबाद में 19 केंद्रों पर कदाचारमुक्त होगी एडीआरओ परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** आगामी 14 अप्रैल से 21 अप्रैल तक आयोजित होने वाले सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा को कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभागार में ब्रीफिंग बैठक की गई। ज्ञातव्य है कि जिले में कुल 19 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। बैठक में अपर समाहर्ता द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर स्टैटिक दण्डाधिकारी-सह-प्रेक्षक (पुलिस पदाधिकारी एवं बल के साथ) की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटे पूर्व अनिवार्य रूप से केन्द्र पर उपस्थित रहेंगे तथा अपने पर्यवेक्षण में कक्षवार वीक्षकों की रैंडम प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित कराएंगे। साथ ही वे केन्द्राधीक्षक के साथ समन्वय स्थापित कर परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन में सहयोग करेंगे तथा परीक्षा केन्द्र परिसर एवं कक्षों का भौतिक सत्यापन करेंगे। अभ्यर्थियों के प्रवेश के संबंध में निर्देश दिया गया कि केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति में अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली जाएगी तथा उनके ई-प्रवेश पत्र पर अंकित क्यूआर/बार कोड की स्कैनिंग कर फोटो एवं पहचान पत्र से मिलान के उपरांत ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए आयोग की प्राधिकृत एजेंसी द्वारा प्रत्येक केन्द्र पर आवश्यक उपकरण एवं जनशक्ति उपलब्ध कराई जाएगी। यह भी निर्देशित किया गया कि प्रत्येक पाली की परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा कक्ष में वीक्षकों द्वारा पुनः तलाशी सुनिश्चित की जाएगी ताकि कोई भी वर्जित सामग्री भीतर न ले जाई जा सके। अपर समाहर्ता द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि किसी भी अभ्यर्थी को मोबाईल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, वाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, कलाई घड़ी (सामान्य/स्मार्ट) अथवा व्हाइटनर, इरेज़र और ब्लेड जैसी सामग्री परीक्षा कक्ष में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री पाए जाने पर उसे कदाचार मानते हुए आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा तथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति से पूर्व किसी भी परिस्थिति में परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने हेतु स्टैटिक, जोनल एवं उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। उड़नदस्ता दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जाएगा तथा कदाचार में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व से लेकर समाप्ति तक सभी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी कराई जाएगी, जिसमें गोपनीय सामग्री का खोलना एवं पैकिंग तथा परीक्षा कक्षों में अभ्यर्थियों की उपस्थिति एवं गतिविधियों का विशेष रूप से अभिलेखन किया जाएगा। बैठक में अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर एसडीपीओ संजय पांडे, सभी केन्द्राधीक्षक, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अलग-अलग मामलों में 14 लोग गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों के खरीद फरोख्त यथा अपराध नियंत्रण व अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 35 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 14 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार रंगदारी के शीर्ष में एक, एनडीपीएस एक्ट में 2, हत्या के प्रयास में 2, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 7 तथा अन्य मामलों में 23 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 145.50 लीटर देसी शराब, 50 लीटर विदेशी शराब, 0.675 किलोग्राम, 1 ऑटो बैट्री, 1 बाइक, 1 साईकिल बरामद किया गया है तथा साईबर पुलिस द्वारा 10000 रूपये रिकवरी किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1325 वाहनों की जांच की गई जिसमें 75000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 5000 लीटर महुआ घोल विनष्ट तथा चार भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# हैंडहेल्ड अल्ट्रा पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से होगी टीबी रोगियों की जांच

## विशेष वाहन के माध्यम से घर-घर जाकर की जाएगी पूरी आबादी की स्क्रीनिंग

**सूरज कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी के रोगियों की जांच अब हैंडहेल्ड (हाथ में पकड़ी जाने वाली) अल्ट्रा पोर्टेबल एक्स रे मशीन से होगी। ये मशीनें तुरंत एक्स-रे लेती हैं और टीबी के संभावित लक्षणों (फ़ेफड़ों पर सफ़ेद धब्बे) की पहचान कर सकती हैं। ग्रामीणों को जांच के लिए अब शहर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। टीबी के लक्षण मिलने पर घर बैठे ही उनका इलाज शुरू हो जाएगा। हैंडहेल्ड अल्ट्रा पोर्टेबल एक्स रे मशीन का उपयोग करने के लिए सोमवार को औरंगाबाद शहर के एक निजी होटल के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रशिक्षक ई आशीष पाटिल ने उक्त मशीन के बारे में बताया कि इससे एक दिन में सैकड़ों मरीजों का एक्स रे लिया जा सकेगा। कार्यशाला में शामिल जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रवि रंजन ने बताया कि 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को यह मशीन उपलब्ध कराई है और अब यह मशीन जिले में आ गई है जिसका लाभ जल्द ही लोगों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत जिलेभर के गांवों में विशेष वाहन के माध्यम से घर-घर जाकर पूरी आबादी की स्क्रीनिंग की जाएगी, जिससे टीबी के संभावित मरीजों की समय पर पहचान हो सके। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेन्द्र कुमार सिंह, अजीत कुमार शर्मा, अनुज कुमार पाठक, सुधीर कुमार, रोहित रंजन, राहुल कुमार, कबित चंद्रा, श्याम कुमार, कलीम अंसारी आदि मौजूद रहे।

# ट्रक की ठोकर से परीक्षा देकर लौट रही युवती की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बारून थाना क्षेत्र के सोन पुल के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के निहालपुर गांव निवासी हरिश्चंद्र की 22 वर्षीय पुत्री अंजलि कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अंजलि भाई प्रकाश पटेल के साथ रविवार को परीक्षा देने गई थी। दोनों भाई-बहन देर शाम वापस लौटे। रात में सोन पुल के पास एक होटल में रूक गए। सोमवार की सुबह करीब 2 बजे दोनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। अंजलि बाइक से गिरकर सीधे ट्रक के चक्के के नीचे आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में भाई बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। भाई प्रकाश पटेल ने बताया कि अंजलि पढ़ाई में शुरू से ही काफी मेधावी थी।

# पारदर्शिता, शुद्धता व समयबद्धता के साथ संपादित होगा जनगणना कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में विभिन्न चार्ज स्तर पर प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य से संबंधित सभी आवश्यक बिंदुओं, प्रपत्रों के सही तरीके से भरने की प्रक्रिया, डाटा संकलन की विधि, तथा निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों के अनुपालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के माध्यम से यह भी बताया गया कि जनगणना कार्य को पूर्ण पारदर्शिता, शुद्धता एवं समयबद्धता के साथ कैसे संपादित किया जाए। गौरतलब है कि भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण, अर्थात मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना हेतु जनगणना निदेशालय, बिहार द्वारा 13 अप्रैल से आगामी 24 अप्रैल तक की अवधि निर्धारित की गई है। जिला संपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी ने बताया कि इस अवधि में चार्ज स्तर पर सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जाना सुनिश्चित किया गया है ताकि आगामी जनगणना कार्य को सुचारू एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए प्राप्त जानकारी का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, जिससे जनगणना 2027 का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# रोजगार मेला में 14 अभ्यर्थियों का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सोमवार को राम लखन सिंह यादव कॉलेज परिसर में बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) के तत्वावधान में एक दिवसीय 'रोजगार मेला-2026' का भव्य और सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला परियोजना कार्यान्वयन इकाई (डीपीसीयू), जीविका एवं कॉलेज प्रशासन के संयुक्त प्रयास से किया गया। रोजगार मेले में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 300 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सुबह 10 बजे से ही कॉलेज परिसर में अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमा धारक युवाओं ने अपनी योग्यता के अनुरूप विभिन्न निजी कंपनियों के स्टालों पर पहुंचकर साक्षात्कार दिया।साक्षात्कार के विभिन्न चरणों के बाद कुल 14 योग्य अभ्यर्थियों को प्रथम सूची (शॉर्टलिस्ट) में शामिल किया गया। चयनित छात्रों को नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। कॉलेज प्रशासन के अनुसार, इस प्रकार के रोजगार मेलों से ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवाओं को सीधे रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। कार्यक्रम के दौरान जीविका के अधिकारियों एवं शिक्षकों ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने और प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है, जहां उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने और निजी क्षेत्र में रोजगार पाने का सीधा मंच मिलता है। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक छात्र ऐसे अवसरों का लाभ उठाकर अपने भविष्य को संवारें।







# डिलीवरी करने से पहले गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा विभिन्न अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर निरंतर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उपहारा पुलिस द्वारा गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए युवकों की पहचान गया जिले के कोच थाना क्षेत्र के निहोरा टोला पाठक बिगहा निवासी रौशन कुमार एवं ददरेजी गांव निवासी कमलेश विश्वकमा के रूप में की गई है। इनके पास से 675 ग्राम गांजा एवं एक बाइक बरामद किया गया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के तेयाप व ऐड़री के बीच सड़क पर की गई। थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि रात्रि में वाहन जांच के दौरान पल्सर बाइक सवार दो युवकों को रुकने का इशारा किया गया। लेकिन दोनों पुलिस को देखकर अचानक भागने लगे। पुलिस ने दोनों को पीछा कर धर दबोचा। तलाशी में इनके पास से 675 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित छोटी-छोटी थैलियों में अवैध रूप से गांजा सप्लाई करते हैं। फिलहाल किसी का ऑर्डर था जिसका डिलिवरी करने जा रहे थे।




# घरेलू विवाद में जख्मी अधेड़ की मौत

**हसपुरा(नबिटा संवाददाता)।** घरेलू विवाद में जख्मी एक व्यक्ति की इलाज़ के दौरान बनारस के बीएचयू में मौत हो गई। मृतक की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के सोनहथू गांव निवासी 53 वर्षीय रामेश्वर सिंह के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार 9 अप्रैल को घरेलू विवाद में मारपीट की घटना घटित हुई थी जिसमें रामेश्वर सिंह बुरी तरह जख्मी हो गए थे। घटना के बाद औरंगाबाद में इलाज़ करवाया गया था लेकिन गंभीर स्थिति को लेकर उन्हें बेहतर इलाज के लिए बीएचयू में भर्ती करवाया गया था। इलाज़ के दौरान रविवार को उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि घरेलू विवाद में जख्मी एक व्यक्ति की इलाज़ के दौरान मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

